@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
गुरूवार, 11 सितंम्बर 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 302 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## भारत-यूरोपीय संघ ने आतंकवाद से निपटने पर बढ़ाया सहयोग

**उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से फोन पर बातचीत की थी।**

एजेंसी
**ब्रसेल्स।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने ब्रसेल्स में आयोजित आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्यकारी समूह की 15वीं बैठक में आतंकवाद के सभी स्वरूपों और खासतौर पर सीमा-पार आतंकवाद की कड़ी निंदा की। दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है और इससे निपटने के लिए सतत एवं व्यापक वैश्विक सहयोग की जरूरत है।

बैठक की सह-अध्यक्षता यूरोपीय बाहरी कार्य सेवा (ईईएएस) के सुरक्षा एवं रक्षा नीति निदेशक मचीज स्टाडेजेक और भारत के विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (आतंकवाद-रोधी) के. डी. देवाल ने की। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, भारत और ईयू ने संयुक्त राष्ट्र, ग्लोबल काउंटर टेररिज्म फोरम और एफएटीएफ जैसे बहुपक्षीय मंचों में सहयोग की अहमियत पर बल दिया। बैठक के दौरान घरेलू, क्षेत्रीय और वैश्विक खतरे के आकलनों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। प्रतिभागियों ने कहा कि विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थिरता और संघर्ष आतंकवाद व उग्रवाद को बढ़ावा देते हैं।'



बैठक में आतंकवाद के वित्त पोषण को रोकने, ऑनलाइन कट्टरपंथ की रोकथाम, आतंकियों और आतंकी संगठनों की सूचीबद्धता में सहयोग तथा नई उभरती प्रौद्योगिकियों के दुष्प्रभाव जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने भविष्य में आतंकवाद-रोधी सहयोग को और मजबूत करने के रास्तों की पहचान की। अगली बैठक नई दिल्ली में पारस्परिक सहमति से तय तिथि पर होगी। भारत और ईयू ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की भी निंदा की। ईयू ने निर्दोष नागरिकों की हत्या पर भारत के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## कब्जामुक्त कराएं जमीन, दबंगों को सिखाएं कानूनी सबक : सीएम योगी

### किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए : मुख्यमंत्री

एजेंसी
**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल कब्जामुक्त कराने के साथ दबंगों को कानूनी सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले और कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ विधि सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं।उन्होंने इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर सबको आश्वस्त किया



कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में एक महिला ने दबंगों द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित एक्शन लिया जाए। जमीन कब्जामुक्त होनी चाहिए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

## अभिषेक मनु सिंघवी ने चुनाव आयोग पर पवन खेड़ा की छवि धूमिल करने का लगाया आरोप

एजेंसी
**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने चुनाव आयोग पर पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा और उनकी पत्नी की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आज कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि पवन खेड़ा ने 2017 में जंगपुरा में निवास बदलने की जानकारी चुनाव आयोग को दी थी और नए पते पर मतदाता सूची में नाम स्थानांतरित करने के लिए फॉर्म भरा था। इसके बावजूद, आयोग ने 2 सितंबर 2025 को नई दिल्ली के जिला निर्वाचन कार्यालय के माध्यम से खेड़ा को कारण बताओ नोटिस जारी किया। सिंघवी ने कहा कि चुनाव आयोग ने न केवल खेड़ा और उनकी पत्नी की निजी जानकारी सार्वजनिक की, बल्कि नोटिस में आपत्तिजनक और मानहानिकारक भाषा का भी उपयोग किया। उन्होंने कहा कि खेड़ा ने 2017 में नाम स्थानांतरण के लिए आवेदन किया था।

## बांग्लादेश से 2009 में आए प्रमथ रंजन को मिली भारतीय नागरिकता

एजेंसी
**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में बागदा के हेलेंचा बैंचीडांगा इलाके में रह रहे बांग्लादेश के पूर्व डाककर्मी प्रमथ रंजन विश्वास ने भारतीय नागरिकता प्राप्त कर ली है। सितंबर, 2025 में नागरिकता का प्रमाणपत्र हाथ में पाकर वे भावुक हो गए और बोले अब कोई मुझे भारत से बाहर नहीं निकाल पाएगा। मैं भारतीय नागरिक हूं, भारत सरकार ने मुझे मान्यता दी है।प्रमथ रंजन विश्वास मूल रूप से बांग्लादेश के निवासी थे और पेशे से डाककर्मी रहे हैं। वर्ष 2009 में वे भारत आकर स्थायी रूप से उत्तर 24 परगना में बस गए। एक दशक से भी अधिक समय तक रहने के बावजूद उन्हें औपचारिक नागरिकता नहीं मिल पाई थी। इस कारण वे हमेशा असुरक्षा और अनिश्चितता में रहते थे।

## दिल्ली की ऐतिहासिक जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और मोदी जी की गारंटी का परिणाम: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

कौमी पत्रिका
**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 10 सितम्बर। नई दिल्ली स्थित NDMC कन्वेंशन सेंटर में कल एक ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने 'BJP Delhi Win मोदी की गारंटी' पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक भाजपा दिल्ली महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती ऋचा पांडे मिश्रा द्वारा लिखी गई है और प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की गई है। यह पुस्तक दिल्ली में 27 वर्षों बाद भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व जीत की यात्रा को संजोती है। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के संघर्ष, संगठन की मजबूती, जनता का विश्वास और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी को विस्तार से दर्शाया गया है।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद पुस्तक विमोचन एवं उस पर आधारित विशेष वीडियो प्रस्तुति हुई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि हजारों कार्यकर्ताओं की है, जिन्होंने छोटे से छोटे काम से लेकर बड़े से बड़े दायित्व तक अपनी पूरी निष्ठा और शक्ति झोंक दी। 2015 और 2020 की हार के बाद भी कार्यकर्ताओं ने हिम्मत नहीं हारी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान ने दिल्ली की जनता के मन में विश्वास जगाया और इस जीत ने साबित कर दिया कि मेहनत, संगठन और ईमानदारी हमेशा सफल होती है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा आज मैं मुख्यमंत्री होकर नहीं, बल्कि एक कार्यकर्ता होकर बोल रही हूँ। यह सरकार हर कार्यकर्ता की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है। मोदी जी का विज़न ही हमारी गारंटी है और यही इस किताब का सार है। अब हमारा लक्ष्य दिल्ली को उस मुकाम तक ले जाना है, जिसकी कल्पना प्रधानमंत्री जी ने की है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा यह लड़ाई वैचारिक और नैरेटिव की है। संविधान और लोकतंत्र के पक्ष में खड़े हुए लोगों को लिखना और बोलना बहुत आवश्यक है।

शेष पृष्ठ 3 पर

## संजय कपूर की वसीयत पर विवाद, कोर्ट ने मांगा संपत्तियों का विस्तृत विवरण

**बता दें कि प्रिया सचदेव कपूर का दावा है कि संजय कपूर ने 21 मार्च को एक वैध वसीयत बनाई थी, जिसके अनुसार संपूर्ण संपत्ति उन्हें सौंपी गई है।**

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिवंगत बिजनेसमैन संजय कपूर की संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद में नया मोड़ आ गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के बच्चों समायरा और कियान कपूर ने अपनी सौतेली मां प्रिया सचदेव कपूर पर आरोप लगाते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था और प्रॉपर्टी में हिस्सा मांगा था। वहीं, अब संजय की मां रीना कपूर ने अपने दिवंगत बेटे की वसीयत में हिस्सा मांगा है। उनके वकील वैभव गग्गर ने कहा कि संजय की वसीयत से संबंधित किसी भी दस्तावेज की जानकारी उनकी मां को नहीं दी गई है। इस मामले को लेकर वकील वैभव गग्गर ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, 'आज के मामले में, संजय कपूर की पूर्व पत्नी करिश्मा कपूर ने अपने बच्चों की



ओर से दावा किया है कि उन्हें एक वसीयत दिखाई गई है, जिसके आधार पर उनके बच्चों को संजय कपूर की निजी संपत्ति से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने इस वसीयत को फर्जी बताया है।' उन्होंने आगे कहा कि इस मामले में 'इंटेस्टेट सक्सेशन' यानी बिना वसीयत के उत्तराधिकार लागू हो, जिसके अनुसार संजय कपूर की संपत्ति पांच हिस्सों में बांटी जाए, करिश्मा के दो बच्चे, संजय की पत्नी प्रिया, उनका बेटा और संजय कपूर की मां रानी कपूर के बीच संपत्ति का विभाजन हो।

## 12 सितंबर को उपराष्ट्रपति का पद ग्रहण कर सकते हैं सीपी राधाकृष्णन

### राष्ट्रपति मुर्मू दिलाएंगी शपथ

एजेंसी
**नई दिल्ली।** देश के निर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 12 सितंबर को पद की शपथ ले सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को राधाकृष्णन को शपथ दिलाएंगी। राष्ट्रपति भवन में 12 सितंबर को एक औपचारिक समारोह में शपथ ग्रहण संपन्न होगा। 67 वर्षीय राधाकृष्णन ने मंगलवार को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को हराकर जीत हासिल की थी। यह चुनाव तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को अचानक दिए गए इस्तीफे के बाद कराया गया था।



**उपराष्ट्रपति चुनाव में 14 सांसदों ने की क्रॉस वोटिंग:** संसद भवन में मंगलवार को हुए मतदान में राधाकृष्णन को 752 वैध मतों में से प्रथम वरीयता के 452 वोट मिले थे, जबकि रेड्डी को प्रथम वरीयता के महज 300 वोट ही मिले थे। 14 सांसदों ने क्रॉस वोटिंग की। उपराष्ट्रपति चुनाव में लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसद मतदाता होते हैं। देश में 17 बार उपराष्ट्रपति पद का चुनाव हुआ जिसमें सर्वपल्ली राधाकृष्णन और हामिद अंसारी दो कार्यकाल तक इस पद पर रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की इटली की समकक्ष मेलोनी से बातचीत

### यूक्रेन संघर्ष को लेकर हुई चर्चा

एजेंसी
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ टेलीफोन पर बातचीत की।

उन्होंने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे के तहत संपर्क बढ़ाने और यूक्रेन संघर्ष के शीघ्र समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने शांति वार्ता को पूर्ण समर्थन की बात दोहरायी।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री मेलोनी ने जल्द से जल्द एक पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को संपन्न करने और 2026 में भारत द्वारा आयोजित होने वाले एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन



की सफलता के लिए इटली के दृढ़ समर्थन को दोहराया। दोनों नेताओं ने निवेश, रक्षा, सुरक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, शिक्षा, लोगों के बीच संबंध और आतंकवाद-निरोध जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी में विकास की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-29 के अनुरूप साझेदारी को और अधिक प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## नेपाल में रह रहे सभी भारतीय पूरी तरह सुरक्षित, वापस लाने की तैयारी : शेखावत

एजेंसी
**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि नेपाल में रह रहे सभी भारतीय पूरी तरह से सुरक्षित हैं। पर्यटन और दर्शनार्थ की दृष्टि से वहां गए लोगों से लगातार संपर्क जारी है और उन्हें सुरक्षित लाने की व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित की गई है। बुधवार को गृह जिले पहुंचे शेखावत ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि नेपाल में नोटम लगने के कारण किसी तरह के एयरपोर्ट ऑपरेशन नहीं हो रहा है और उनके इवेक्युएशन का कार्य आज से ही शुरू हो जाएगा। इसके लिए पहले से हमारे हवाई जहाज वहां खड़े हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच में सड़क मार्ग का रास्ता सबसे सुलभ मार्ग है। वह अब भी खुला है, लेकिन सभी एहतियात के मद्देनजर किसी भी भारतीय को कर्फ्यू के दौरान किसी भी तरह के ट्रैवल नहीं करने की हिदायत दी गई है। शेखावत ने कहा कि भारत सरकार इस पूरे घटनाक्रम को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है। केंद्रीय मंत्री



ने कहा कि मंगलवार को प्रधानमंत्री पंजाब, हिमाचल और जम्मू में बाढ़ की स्थितियों का आकलन करके लौटे तो उन्होंने आते ही इन सारी व्यवस्थाओं की सुरक्षा संबधी कैबिनेट की उप समिति के साथ बैठक कर सारी स्थिति पर विचार किया। लिहाजा, हर स्थिति पर नजर रखी गई है। शेखावत ने कहा कि नेपाल के साथ में हमारा रोटी-बेटी का संबंध है। वह हमारा मित्र देश है। हमारा उनसे दिल का रिश्ता है, जो हजारों साल पुराना है, इसलिए भारत में रह रहे नेपाली नागरिकों के साथ हमारा रिश्ता मजबूत है। पहले भी ऐसी घटनाएं होने के बाद और आज जब इस तरह की घटना हुई है, तो हमारे संबंधों में कोई परिवर्तन नहीं आया है।

### ● भारत हर दृष्टि से सुरक्षित

**केंद्रीय मंत्री ने नेपाल से पहले श्रीलंका और बांग्लादेश में हुए इस तरह के घटनाक्रम के बाद सीमाओं पर पैदा हुई असहज स्थिति के मद्देनजर कहा कि भारत हर दृष्टि से सुरक्षित है, भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। न केवल सुरक्षित हैं, बल्कि हर ऐसी परिस्थिति का जबाव देने के लिए सशक्त भी हैं और समर्थ भी। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आस्था इतनी प्रबल है कि भारत में आज ही नहीं, आने वाले 100 साल में भी इस तरह की परिस्थिति बने, इसकी कोई संभावना नहीं।**

## छत्तीसगढ़ के कांकेर में मुठभेड़, आठ लाख का इनामी नक्सली ढेर

एजेंसी
**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में परतापुर थाना क्षेत्र के आलनार के जंगलों में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) की संयुक्त टीम और नक्सलियों के बीच बुधवार को मुठभेड़ हो गई। जवानों ने मुठभेड़ में 8 लाख के इनामी नक्सली कम्पनी नंबर 5 के सदस्य मासा को ढेर कर दिया है। कांकेर एसपी आईके एलिसेला ने बताया कि आलनार के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम को रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान मुठभेड़ में जवानों ने कम्पनी नंबर 5 के सदस्य मासा को मार गिराया। मौके से एक 303 राइफल और वॉकी-टॉकी सेट, नक्सली साहित्य, काली वर्दी, पिट्ठू सहित अन्य सामग्री मिली है। उन्होंने बताया कि परतापुर के इसी इलाके में 15 अगस्त को तिरंगा फहराने पर नक्सलियों ने एक युवक मनेश नुरूटी की हत्या कर दी थी। कोटरी नदी उफान पर रहने की वजह से पुलिस की टीम इस इलाके में नहीं पहुंच पाई थी। जल स्तर कम होते ही पुलिस की संयुक्त टीम ने फिर से इस इलाके में अभियान शुरू कर दिया है।



## नेपाल से भागे कैदी यूपी के महाराजगंज और सिद्धार्थनगर जिले की सीमा पर पकड़े गए

### यूपी डीजीपी ने बताया जिलों की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित, फोर्स तैनात

एजेंसी
**लखनऊ।** पड़ोसी देश नेपाल में हिंसक प्रदर्शन के बीच वहां की जेल से भागे कई कैदियों को महाराजगंज और सिद्धार्थनगर के बार्डर से एसएसबी और पुलिस ने पकड़ा है। इन लोगों से सुरक्षा जांच एजेंसी पूछताछ कर रही है। नेपाल के हालातों के मद्दनजर उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। बुधवार को मण्डलायुक्त अखिलेश कुमार सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) परिक्षेत्र बस्ती संजीव त्यागी ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ भारत-नेपाल बॉर्डर के ककरहवा थाना मोहाना व अलीगढ़वा थाना कपिलवस्तु बार्डर का भ्रमण किया। इस दौरान डीआईजी ने बताया



कि पड़ोसी देश नेपाल की जेल से भागे कुछ लोगों को सीमा पर पकड़ा गया है, जिनसे सुरक्षा एजेंसी पूछताछ कर रही है। इसी तरह महाराजगंज के सोनौली बॉर्डर से एसएसबी की 22वीं वाहिनी ने चेकिंग के दौरान कैदियों को पकड़ा है। इनमें दो कैदी यूपी के जिले के हैं। इन सभी से जांच टीम पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि ये कैदी सोनौली बार्डर से भारत में प्रवेश कर रहे थे, तभी इन्हें पकड़ा गया है। एसएसबी गोरखपुर क्षेत्र मुख्यालय के डीआईजी मुन्ना सिंह ने आज सोनौली बार्डर पहुंचकर सीमा सुरक्षा व्यवस्था का जाएजा लिया है।

उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में कुल पांच ट्रांजिट रूट है। नेपाल के हालात को देखते हुए इन क्षेत्रों में टीमें पूरी सतर्कता बरत रही हैं। कुछ लोग बार्डर पर पकड़े गए है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। हमारी सीमा पूरी तरह से सुरक्षित है।

## भूटान के गृह मंत्री ने राजगीर नेचर और जू सफारी का दौरा किया

एजेंसी
**पटना।** भूटान के गृह मंत्री ल्योन्पो त्सेरिंग ने बुधवार को राजगीर जू सफारी और नेचर सफारी का विशेष दौरा किया। इनके साथ केंद्रीय संन्यासी निकाय के प्रतिष्ठित आध्यात्मिक नेता महामहोपाध्याय लोपोन सं-नगग येशे दोर्जे रिनपोचे, तथा पुनाखा से वरिष्ठ संन्यासी प्रतिनिधि भी रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने शेर, बाघ, तेंदुआ, भालू और विभिन्न शाकाहारी जीवों के पिंजरों का अवलोकन किया। उन्होंने ग्लास ब्रिज पर फोटोग्राफी की और राजगीर की पहाड़ियों के मनमोहक दृश्य का आनंद लिया। उन्होंने वन्यजीव संरक्षण, प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा, और पर्यावरण-पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। भूटानी प्रतिनिधियों ने कहा कि राजगीर चिड़ियाघर और नेचर सफारी केवल एक पर्यटन स्थल नहीं है, बल्कि यह वन्यजीव संरक्षण और प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने इसे 'संरक्षण और पर्यटन का संगम' बताया।



## घूस ले रहे एएसआई को विजिलेंस ने जैसे ही पकड़ा उसने नोट हवा में उछाले फिर मच गई लूट

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस का एक सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) राकेश कुमार रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। मामला हौज काजी थाने का है, जहां एएसआई ने एक व्यक्ति से झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 15 हजार रुपये की मांग की थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत दिल्ली पुलिस की विजिलेंस यूनिट से की। 9 सितंबर को तय समय पर पीड़ित थाने पहुंचा और एएसआई को नोटों की गड्डी थमा दी। इसी बीच विजिलेंस टीम भी मौके पर पहुंच गई। विजिलेंस टीम को देखते ही घबराए एएसआई राकेश कुमार ने रिश्वत की गड्डी हवा में उछाल दी। नोट उड़ते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और नोट लूटने लगे। बताया जा रहा है कि लोगों ने करीब 5 हजार रुपये उठा लिए। वहीं विजिलेंस टीम ने मौके से 10 हजार रुपये बरामद किए और आरोपी एएसआई को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की विजिलेंस अधिकारियों ने पुष्टि करते हुए बताया कि एएसआई के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस घटना से जहां पुलिस महकमे की छवि पर सवाल उठे हैं, वहीं हवा में उड़ते नोटों को लूटने की घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में दोषी करार आप विधायक मनजिंदर सिंह

तरनतारन (एजेंसी)। पंजाब की तरनतारन जिला अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के खडूर साहिब से विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा और अन्य 7 आरोपियों को एक लड़की से छेड़छाड़ और मारपीट करने के मामले में दोषी पाया है। अदालत अब 12 सितंबर को सभी दोषियों को सजा सुनाएगी। अदालत के फैसले के बाद पुलिस ने विधायक लालपुरा को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। यह मामला साल 2013 का है, जब उस्मा गांव निवासी लड़की हरबिंदर कौर ने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि विवाह समारोह के दौरान उसके साथ छेड़छाड़ की गई और जब विरोध किया तब टैक्सी चालकों ने उसके परिवार के साथ मारपीट की। पीड़िता के परिवार का कहना था कि बीच सड़क पर बेरहमी से उनकी पिटाई की गई थी। घटना ने उस समय काफी सुर्खियाँ बटोरी थीं। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुँचा था और अदालत ने पीड़िता के परिवार को सुरक्षा मुहैया करवाने के आदेश दिए थे।

## तेंदुए ने 8 साल के बच्चे हर्ष की ले ली जान

बिजनौर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले से एक दुखद घटना सामने आई है, जहाँ क तेंदुए ने 8 साल के बच्चे, हर्ष, की जान ले ली। यह घटना नजीबाबाद थाना क्षेत्र के बडिया गांव में हुई। हर्ष अपनी माँ के साथ घर के बाहर नल पर पानी भर रहा था। इसी दौरान, गन्ने के खेत से निकले एक तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर उठाकर खेत की ओर ले गया। माँ और आस-पास के लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ बच्चे को छोड़कर भाग गया। घायल हर्ष को तुरंत समीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना के बाद, हर्ष के परिवार और ग्रामीणों ने शव के साथ गांव में प्रदर्शन किया और दिल्ली-पौड़ी हाईवे पर जाम लगा दिया। किसान यूनियन के कई कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर लोगों को शांत करने का प्रयास किया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 10 दिनों में जिले में तेंदुए के हमले में तीन बच्चों की मौत हो चुकी है, जिससे गाँवों में दहशत का माहौल है। वे वन विभाग की सुरक्षा व्यवस्था को अपर्याप्त बता रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तब बड़ा आंदोलन होगा।

## हजरतबल दरगाह विवाद पर दरख्शां अंद्राबी का बयान... यह नेशनल क्राइम है, दोषियों को मिलेगी सजा

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की चेयरपर्सन डॉ. दरख्शां अंद्राबी ने हजरतबल दरगाह में राष्ट्रीय चिन्ह के अपमान और हिंसा की घटना को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने इसे नेशनल क्राइम करार देते हुए कहा कि कानून के हाथ लंबे होते हैं और इसमें शामिल दोषियों को सजा जरूर मिलेगी। अंद्राबी ने कहा कि यह घटना राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का नतीजा है। उन्होंने सीधे तौर पर नेशनल कॉन्फ्रेंस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने पिछले 75 सालों तक दरगाह को अपनी जागीर समझा और राजनीतिक रोटियां सेंकीं। उन्होंने इस विवाद में नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों तनवीर सादिक और सलमान पर भी निशाना साधा। अंद्राबी ने कहा कि दरगाह जैसे पवित्र स्थान पर ऐसी हरकतें न सिर्फ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती हैं, बल्कि राष्ट्रीय सम्मान का भी अपमान करती हैं। इसी के साथ वक्फ बोर्ड चेयरपर्सन ने स्पष्ट किया कि इस तरह की घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह सिर्फ कानून का मामला नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय गरिमा का सवाल है। ऐसे में दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलेगी।

## सिंगरौली में धर्मांतरण को लेकर बड़ा खुलासा, अब तक करीब 50 लोगों का धर्मांतरण कराया

सिंगरौली(एजेंसी)। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में धर्मांतरण को लेकर बड़ा खुलासा हुआ था। पुलिस ने ओडिशा से आए दो लोगों सहित पांच को हिरासत में लिया गया है। जिसमें तीन पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने मौके से धार्मिक किताबें और कुछ नकदी भी जब्त की है। दरअसल, सिंगरौली जिले की पुलिस ने खुलासा किया है। बताया जा रहा है कि 10 साल पहले ओडिशा से दो शख्स आए थे। दोनों ने एनसीएल की खाली जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था। वहां के स्थानीय लोगों की मदद से धर्मांतरण का गोरखधंधा शुरू किया था। ये बड़ी चालाकी से इस काम को अंजाम देते थे। दोनों पहले कुछ स्थानीय लोगों को अपने झांसे में लेकर उस क्षेत्र की जानकारी जुटाते थे।

# नया एसओपी जारी: असम में 10 दिन के भीतर साबित करनी होगी अपनी नागरिकता



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम में संदिग्धों को राज्य सरकार ने एक और मौका देने का फैसला किया है। इसके तहत 10 दिन का समय दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि इस निर्धारित अवधि में अपनी नागरिकता साबित करें। असम की हिमंत विस्वा सरमा सरकार ने संदिग्ध विदेशियों को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए 10 दिनों का अल्टीमेटम थमाने का फैसला किया है। राज्य की कैबिनेट ने प्रवासी (असम से निष्कासन) अधिनियम, 1950 के तहत विदेशियों को निष्कासित करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दी है। इसके तहत जिला आयुक्तों को संदिग्ध विदेशियों को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए 10 दिनों का नोटिस देने और समय सीमा के बाद नागरिकता पर निर्णय लेने का अधिकार होगा। यानी जो संदिग्ध विदेशी दी गई समय-सीमा के अंदर अपनी नागरिकता साबित करने में विफल रहेंगे, उन्हें जिला आयुक्त निकासी का आदेश दे सकते हैं।

मुख्यमंत्री सरमा ने कैबिनेट मीटिंग में लिए गए इस फैसले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नया एसओपी राज्य सरकार को मौजूदा नागरिकता निर्धारण प्रक्रिया को दरकिनार करने और इसके बजाय ज़िला आयुक्तों को संदिग्ध विदेशियों को यह संतुष्ट करने के लिए 10 दिन की मोहलत देने में सक्षम बनाएगा कि वे भारतीय नागरिक हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर इसके बाद वे लोग ऐसा करने में असमर्थ रहते हैं तो जिला उपायुक्त उनके खिलाफ निकासी आदेश जारी कर सकते हैं। मौजूदा समय में संदिग्ध विदेशियों के मामले विदेशी न्यायाधिकरणों में लाए जाते हैं लेकिन नए एसओपी के तहत ये मामले अब जिला उपायुक्तों के पास होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरमा ने कहा कि कैबिनेट ने अब इस अधिनियम को लागू करने के लिए जिस एसओपी को मंजूरी दे दी है, वह राज्य के विदेशी न्यायाधिकरणों की भूमिका को काफी हद तक निष्प्रभावी कर देगी। उन्होंने कहा, इस मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, अगर उपायुक्त को सूचित किया जाता है कि कोई व्यक्ति विदेशी है, या सीमा पुलिस को सूचित किया जाता है कि वह व्यक्ति विदेशी है, या किसी अन्य स्रोत से पता चलता है कि कोई व्यक्ति विदेशी है, तो उपायुक्त उस व्यक्ति को 10 दिनों के भीतर अपनी नागरिकता साबित करने के लिए नोटिस देंगे। अगर उन 10 दिनों में उसके द्वारा दिए गए दस्तावेज़ उपायुक्त को संतुष्ट नहीं करते हैं, तो दसवें दिन, उपायुक्त निकासी आदेश जारी करेंगे।

## विपक्ष सिर्फ लड़ाई-झगड़े में अपनी ताकत और बुद्धि लगाता

### -केंद्रीय गृह राज्य मंत्री राय का इंडी गठबंधन पर तंज

**पटना (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विपक्षी गठबंधन पर कई आरोप लगाए हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की जीत के बाद उन्होंने कहा कि विपक्ष सिर्फ लड़ाई-झगड़े में अपनी ताकत और बुद्धि लगाता है। केंद्रीय मंत्री राय के अनुसार, एनडीए को उम्मीद से ज़्यादा वोट मिले, जो दिखाता है कि विपक्ष की रणनीति नाकाम हो गई है। राय ने राजद नेता तेजस्वी यादव की माई बहिन मान योजना और नौकरी के फॉर्म भरवाने की पहल पर भी सवाल उठा दिए। उन्होंने इस काम को एक धोखा बताकर कहा कि घमंडी गठबंधन का इतिहास झूठ और भ्रम फैलाने का रहा है। उन्होंने कहा कि जब बिहार में महागठबंधन की 15 साल सरकार थी, तब उन्होंने कुछ नहीं किया और अब जब सरकार बनी ही नहीं है, तब वे झूठे वादे कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री राय ने विपक्ष पर चारा, अलकतरा, और दूध चोरी जैसे घोटालों का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष का संस्कार दिखता है। उन्होंने कहा कि आज देश और बिहार को विकास चाहिए और लोग प्रधानमंत्री मोदी के काम पर भरोसा करते हैं। राय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को पूर्णिया आ रहे हैं और बिहार को कई नई सौगातें देने आ रहे है।



## ट्रंप को खुश करने के लिए कपास किसानों को खतरे में डाल रही मोदी सरकार: केजरीवाल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने केंद्र की मोदी सरकार पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को खुश करने के लिए कपास किसानों को खतरे में डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने पोस्ट किया कि भारत और अमेरिका के बीच चल रही बातचीत में भारतीय बाजार को अमेरिकियों के लिए खोला जा रहा है, जिससे किसानों, व्यापारियों और युवाओं के रोजगार को खतरा होगा। केजरीवाल ने कहा कि यह कदम भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक है और 140 करोड़ भारतीयों का अपमान है।

उन्होंने गुजरात में प्रेसवार्ता कर कहा था कि अगर अमेरिका से कपास का आयात बढ़ा, तब भारतीय किसानों को उनकी फसल का बहुत कम दाम मिलेगा। उन्होंने केंद्र सरकार से अमेरिकी कपास पर आयात शुल्क हटाने के फैसले पर भी सवाल उठाकर कहा कि अगर अमेरिका टैरिफ बढ़ा रहा है, तब भारत को भी बढ़ाना चाहिए। इससे पहले केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि पहले कपास किसानों को 1500 रुपये प्रति मन तक दाम मिलता था, लेकिन अब यह यह घटकर 1200 रुपये रह गया है। बीज और मजदूरी की लागत बढ़ गई है। अगर अमेरिका से कपास का आयात बढ़ा, तब भारतीय किसानों को 900 रुपये प्रति मन तक ही दाम मिलेगा। डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर भी केजरीवाल ने बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि ट्रंप बुजदिल हैं और जिस देश ने भी उनके सामने आंख दिखाई, उन्हें झुकना पड़ा। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की थी कि अगर अमेरिका 50 फीसदी टैरिफ लगा रहा, तब भारत को 75 फीसदी टैरिफ लगाना चाहिए। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने अमेरिकी कपास पर 11 फीसदी आयात शुल्क खत्म कर दिया।

# उपराष्ट्रपति चुनाव: क्रॉस वोटिंग करने वाले 15 सांसदों को ढूंढ रहा विपक्ष, शक इधर भी है...

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मंगलवार को हुए उपराष्ट्रपति के चुनाव में 15 सांसदों ने क्रॉस वोटिंग कर दी। इसको लेकर विपक्ष काफी परेशान बताया जा रहा है। क्रॉस वोटिंग करने वाले सांसदों की पहचान करने की कोशिश हो रही है। आम आदमी पार्टी और महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) तथा एनसीपी (शरद पवार) खेमों पर सबसे ज्यादा उंगलियां उठ रही हैं। राजस्थान से एक सांसद और तमिलनाडु से आए वोटों पर भी चर्चा है। उपराष्ट्रपति चुनाव में पार्टी व्हिप लागू नहीं होता, इसलिए नेताओं के लिए क्रॉस-वोटिंग आसान हो गई।

कुल मिलाकर उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की जीत तो तय मानी जा रही थी, लेकिन विपक्षी इंडिया गठबंधन को असली झटका अपने ही वोट बैंक में सेंध से लगा है। उनके उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को केवल 300 वोट मिले, जबकि विपक्षी खेमे की गणना कम से कम 315 वोटों की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, विपक्षी नेताओं को उम्मीद थी कि रेड्डी को 315 से लेकर 324 तक वोट मिलेंगे। लेकिन नतीजों ने दिखाया कि कम से कम 15 वोट विपक्षी पाले से एनडीए की ओर चले गए। कुछ वोट जानबूझकर अवैध घोषित किए गए बताए जा रहे हैं। नतीजे आने के बाद विपक्षी खेमे में गद्दारों की तलाश शुरू हो गई है। वोटिंग के तुरंत बाद कांग्रेस के जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा था कि विपक्ष ने 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की और 315 सांसदों ने वोट डाला। लेकिन नतीजे आने के दो घंटे के भीतर ही यह एकजुटता ढहती नजर आई। विपक्षी खेमे को उम्मीद थी कि यह चुनाव बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एकता का प्रदर्शन करेगा, लेकिन उलटे ट्रोजन हॉर्स ने घर में ही सेंध लगा दी। इस चुनाव में मतदाताओं की कुल संख्या 781 थी जिसमें से 767 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। मतगणना में 752 वोट वैध और 15 अवैध पाए गए। इस तरह जीत के लिए कम से कम 377 वोट की आवश्यकता थी। विपक्ष के उम्मीदवार वी सुदर्शन रेड्डी को प्रथम वरीयता के केवल 300 वोट प्राप्त हुए।




## अचानक राज से मिलने पहुंचे उद्धव ठाकरे... बीएमसी चुनाव को लेकर हो सकता है बड़ा ऐलान

**मुंबई (एजेंसी)** महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के बीच गठबंधन की अटकलों के बीच, उद्धव ठाकरे अचानक बुधवार को अपने चचेरे भाई राज ठाकरे से मिलने उनके आवास शिवतीर्थ पहुंचे। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दोनों भाइयों के बीच हाल की दूसरी सार्वजनिक मुलाकात है। इससे पहले वे गणेश उत्सव के मौके पर मिले थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में गठबंधन, सीटों के बंटवारे और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों पार्टियों के कुछ प्रमुख नेता भी बैठक में मौजूद थे। बैठक के बाद, राज ठाकरे ने मनसे के नेताओं की एक बड़ी बैठक बुलाई है, जिसमें गठबंधन को लेकर अहम चर्चा होने की संभावना है। बताया जा रहा हैं कि इस बैठक में राज अपने नेताओं से चर्चा करने के बाद एमवीए में शामिल होने को लेकर फैसला कर सकते है। लेकिन यदि राज ठाकरे एमवीए में शामिल नहीं होते हैं, तब क्या उद्धव ठाकरे एमवीए को छोड़ देने वाले हैं, या यह गठबंधन सिर्फ मुंबई तक सीमित रहेगा?

दोनों के बीच हुई मुलाकात के बाद सवाल ये भी उठ रहा हैं कि क्या यह गठबंधन केवल मुंबई तक सीमित रहेगा या अन्य शहरों में भी लागू किया जाएगा? शिवसेना यूबीटी गुट के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने पहले कई शहरों में मिलकर लड़ने का ऐलान किया था।

बात दें कि मुंबई बीएमसी चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने की उम्मीद है, जिन्हें उद्धव ठाकरे के राजनीतिक भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक के बाद, यह संभावना है कि उद्धव ठाकरे दशहरा सभा में गठबंधन को लेकर कोई बड़ा ऐलान कर सकते है। बात दें कि विधानसभा में करारी हार के बाद उद्धव ठाकरे गुट के पास अब एक ही सहारा मुंबई बीएमसी चुनाव दिख रहा है।

# महागठबंधन में ओवैसी की पार्टी को शामिल करने का फैसला लालू करेंगे!

### -कांग्रेस नेता अलावरू ने कहा- सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला जल्द

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर दिल्ली में मंगलवार को कांग्रेस की बैठक हुई। बैठक के बाद बिहार प्रभारी कृष्णा अलावरू ने बताया कि एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने महागठबंधन में शामिल होने को लेकर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को पत्र लिखा है। इस पर उन्होंने कहा कि यह पत्र लालू को लिखा गया है, इसलिए इस पर वही स्पष्टीकरण देंगे। कांग्रेस का इससे कोई संबंध नहीं है।





कांग्रेस नेता ने कहा कि पशुपति कुमार पारस की पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को महागठबंधन में शामिल किए जाने पर भी बात हुई। उन्होंने कहा कि इस दिशा में बातचीत सकारात्मक है और बहुत जल्द इस पर औपचारिक घोषणा हो सकती है। सीट बंटवारे पर अलावरू ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी सूची राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंप दी है। इस मुद्दे पर समन्वय समिति में चर्चा जारी है। उन्होंने भरोसा जताया कि 15 सितंबर तक सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला हो जाएगा। अलावरू ने यह भी कहा कि कांग्रेस को जितनी भी सीटें मिलेंगी, वह उसमें कोई आपत्ति नहीं करेगी। अभी तक की बातचीत सकारात्मक रही है। महागठबंधन पूरी मजबूती से चुनावी मैदान में उतरेगा और कोई विवाद नहीं होगा। अलावरू के बयानों से साफ है कि कांग्रेस सीट बंटवारे में लचीलापन दिखाने के मूड में है। वहीं, ओवैसी की पार्टी को महागठबंधन में जगह देने या न देने का फैसला अब लालू यादव करेंगे। इससे साफ है कि कांग्रेस के संकेत बताते हैं कि सीट बंटवारे और संभावित सहयोगियों को लेकर 15 सितंबर तक तस्वीर साफ हो जाएगी। इसके साथ ही बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए महागठबंधन की रणनीति ठोस रूप ले लेगी।

## नेपाल की जेलों से भागे कैदी... भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ाई गई

### 10 कैदियों को भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश करते पकड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेपाल में जारी अशांति और जेल से कैदियों के भागने की घटना के बाद, भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। भारतीय सीमा सुरक्षा बल सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने नेपाली आर्म्ड पुलिस फोर्स (एपीएफ) के साथ मिलकर सीमा पर कड़ी निगरानी और गश्त बढ़ा दी है। इसके तहत सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है और गहन जाँच चल रही है। सीमावर्ती चौकियों पर सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ा दी गई है।



सीमा पर गश्त मार्गों को फिर से व्यवस्थित किया गया है। वहीं भाग चुके कैदियों की सूची मांगी गई है, जिसमें उनके नाम, आपराधिक रिकॉर्ड और अति-जोखिम वाले कैदियों की जानकारी शामिल है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दो त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्विक रिएक्शन टीम) का गठन किया गया है।

#### भागे हुए कैदियों की गिरफ्तारी

नेपाल की जलेश्वर जेल से भागे 10 कैदियों को भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश करते हुए एसएसबी ने पकड़ा है। इन कैदियों में आठ नेपाली और दो भारतीय नागरिक शामिल हैं। नेपाली कैदी में रामगुलाम महतो, विनोद राय, मोजाहिद अंसारी, सुरेन्द्र साह सोनार, इंद्रेश मंडल, कृष्ण कुमार महतो, रियाज दफाली, और राजेश तमांग शामिल है। वहीं भारतीय कैदी में मोहन कुमार (वैशाली, बिहार) और गुड्डू कुमार (मोतिहारी, बिहार)।

इन सभी को भिठ्ठा और सुरसंड पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है। पुलिस ने बताया है कि आगे की कार्रवाई उच्च अधिकारियों के निर्देश पर की जाएगी। जलेश्वर जेलब्रेक में कुल 577 कैदियों में से 576 कैदी भाग गए थे, जिनमें से 10 को भारत में पकड़ा गया। इस घटना के बाद, महोत्तरी जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया है, और जलेश्वर नगर सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में सन्नाटा पसरा हुआ है।

#### नेपाल में तनावपूर्ण स्थिति

भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया प्रतिबंध के खिलाफ शुरू हुए प्रदर्शनों ने नेपाल में हिंसक रूप ले लिया है। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन, राष्ट्रपति भवन और सुप्रीम कोर्ट सहित कई सरकारी इमारतों और नेताओं के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी की। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस तनावपूर्ण स्थिति के बाद इस्तीफा दे दिया है। हालाँकि, सरकार द्वारा सोशल मीडिया से प्रतिबंध हटाए जाने के बावजूद, भीड़ का गुस्सा शांत नहीं हुआ है, और वे भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# भारत ने रुस से नहीं बल्कि अमेरिका और इजराइल के साथ अपनी रक्षा साझेदारी बढ़ाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस पर निर्भरता कम करने और अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भारत ने अमेरिका और इजराइल के साथ अपनी साझेदारी बढ़ाई है। इजराइली मीडिया के अनुसार, यह सिर्फ हथियारों की खरीद-फ़रोख़्त नहीं है, बल्कि तकनीक हस्तांतरण, संयुक्त उत्पादन और अनुसंधान एवं विकास का एक रणनीतिक बदलाव है। इजराइली अखबार ने इस बात पर जोर दिया है कि भारत अब केवल हथियार ख़रीदने वाला नहीं, बल्कि एक रक्षा भागीदार बन गया है। भारत अब अमेरिका के साथ मिलकर जैवलिन एंटी-टैंक मिसाइल और एमक्यू-9बी ड्रोन जैसे हथियार बना रहा है। पहले भारत को बिना तकनीकी नियंत्रण के बने-बनाए हथियार मिलते थे, लेकिन अब भारत अपने रक्षा उद्योग में विदेशी तकनीकों को शामिल कर रहा है। इतना ही नहीं भारत इजराइल के साथ मिलकर साइबर सुरक्षा और ड्रोन तकनीक जैसे क्षेत्रों में संयुक्त कार्यक्रम चला रहा है। यह रणनीति आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य भारत को रक्षा उत्पादन का एक वैश्विक केंद्र बनाना है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत का यह रणनीतिक विविधीकरण अमेरिका और इजराइल के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि भारत एक मजबूत, स्वायत्त और भरोसेमंद साझेदार है। यह निर्भरता से विविधता की ओर भारत की यात्रा को दर्शाता है, जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा में भारत की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यह बदलाव रूस पर भारत की पारंपरिक निर्भरता को कम कर रहा है और भारत के अंतरराष्ट्रीय दर्जे को फिर से परिभाषित कर रहा है।

दिल्ली के डिफेंस इको सिस्टम का हिस्सा बना हुआ है, फिर भी भारत उसपर अपनी निर्भरता काफी कम कर चुका है। अमेरिका और इजरायल के साथ साझेदारी के माध्यम से, भारत एक ऐसा सुरक्षा ढांचा तैयार कर रहा है जो काफी मजबूत, काफी नया और काफी लचीला है। यह सिर्फ मास्को पर निर्भरता कम करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह भारत को डिफेंस प्रोडक्शन के एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के बारे में है, एक ऐसा राष्ट्र जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र के सुरक्षा परिवेश को आकार देने में इनोवेशन, प्रोडक्शन और लीडरशिप दे सके।



## बाढ़ में फंसी नौ माह की गर्भवती महिला के लिए मसीहा बनी एनडीआरएफ

रबूपुरा। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली रबूपुरा पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम के साथ मिलकर चंडीगढ़ गांव के पास से एक नौ माह की गर्भवती महिला को रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया। महिला हरियाणा के एक गांव की रहने वाली है। वो इलाज कराने जिले में आती है, लेकिन बाढ़ में फंस गई। पुलिस ने सूचना मिलते ही महिला की मदद की। वहीं पुलिस व एनडीआरएफ की टीम ने 20 से अधिक लोगों को भी रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है। पुलिस ने बताया कि हरियाणा के शेखपुरा गांव निवासी महिला संगीता नौ माह की गर्भवती है। वो इलाज कराने गौतमबुद्ध नगर आती है। जिले में आने के दौरान वो चंडीगढ़ गांव के पास बाढ़ के पानी में फंस गई। उन्होंने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस तक खबर पहुंची तो पुलिस बल एनडीआरएफ के साथ तत्काल मौके पर पहुंचा। महिला को वहां से रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने बताया कि बाढ़ में फंसे 20 से अधिक लोगों को भी रेस्क्यू किया गया है। उनको भाईपुर मंदिर के पीछे बने शरणालय में रोका गया है। वहां पुलिस ने उनके खाने पीने का इंतजाम किया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वो डूब क्षेत्र में न जाएं। आदेशों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### रुपये के लेन-देन में मां-बेटी पर चाकू से हमला

नई दिल्ली। सुल्तानपुरी थाना पुलिस ने रुपये के लेन-देन में मां-बेटी पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अभिषेक के रूप में हुई है। 4 सितंबर को विवाद होने पर आरोपी मां-बेटी पर हमला करने के बाद भाग गया था। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान शबीना (50) और उनकी बेटी शबनम (30) के रूप में हुई है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि चार सितंबर की रात करीब 11.08 बजे पुलिस को सुल्तानपुरी में दो महिलाओं को चाकू मारने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया।

# सरकार किसानों के दर्द को समझती है, दिया जायेगा यथोचित मुआवजा: कपिल मिश्रा

कौमी पत्रिका
संजय कुमार

नई दिल्ली; 10 सितम्बर। दिल्ली सरकार किसानों और ग्रामीणों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर दिल्ली सरकार के दो मंत्रियों ने कल दिल्ली के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। दिल्ली में आई बाढ़ से किसानों और जनता को हुए भारी नुकसान के आकलन करने और उन्हें यथोचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया को तेज़ करने के उद्देश्य से आज विकास मंत्री श्री कपिल मिश्रा और समाज कल्याण मंत्री श्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने पल्ला चौक से लेकर हिरणकी तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे किया और किसानों से संवाद कर उनकी पीड़ा को प्रत्यक्ष रूप से समझा। माननीय मंत्रीद्वय ने इस दौरान दिल्ली सरकार द्वारा की गयी प्रशासनिक व्यवस्थाओं की भी व्यापक समीक्षा की। स्थलीय निरीक्षण के दौरान किसान नेता एवं विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि यमुना नदी में आई बाढ़ से माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता काफी चिंतित हैं। पूरी तरह नष्ट हुई सब्जियों, धान और अन्य फसलों को देखकर किसानों की पीड़ा को प्रत्यक्ष महसूस किया है। साथ ही नदी के बहाव और टूटे हुए बांधों की स्थिति का भी जायज़ा लिया। उन्होंने आगे कहा कि माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार किसानों की हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। हम सब मिलकर किसानों के दुख-सुख में उनके साथ खड़े हैं। दिल्ली के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि दिल्ली सरकार के कैबिनेट के दो मंत्री बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे हैं। दिल्ली सरकार किसानों के दर्द को समझती है और नुकसान हुई फसल की भरपाई के लिए यथोचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि पल्ला, झंगोला से लेकर हिरणकी तक बाढ़ प्रभावित किसानों की पीड़ा को प्रत्यक्ष देखकर मन व्यथित हुआ है। किसानों की पूरी तरह नष्ट हुई धान व सब्जियों की फसलों को प्रत्यक्ष महसूस किया और नदी के बहाव के साथ ही टूटे हुए बांधों की स्थिति का संज्ञान लिया गया है। माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार किसानों के दुख-सुख में पूरी तरह उनके साथ खड़ी है और शीघ्र ही सभी प्रभावित परिवारों को राहत पहुँचाई जाएगी। दिल्ली के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान दोनों माननीय मंत्रियों के साथ स्थानीय जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, कृषि विभाग, बाढ़ नियंत्रण विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।



# गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन में दिखीं जीवन की लहरें, डॉल्फिन की संख्या पहुंची 6324

नई दिल्ली। गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी की धाराओं में एक बार फिर जीवन की लहरें दिखाई दी हैं। इन दोनों प्रमुख नदियों में कुल 6,324 गंगा डॉल्फिन दर्ज की गई हैं। इसका खुलासा वन्यजीव संस्थान ऑफ इंडिया (डब्ल्यूआईआई) ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सौंपी अपनी रिपोर्ट में किया है। डॉल्फिन का यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि वर्षों से जारी जल संरक्षण और जैव विविधता की रक्षा के प्रयासों का प्रमाण है। गंगा डॉल्फिन को भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव माना गया है। ये डॉल्फिन केवल स्वच्छ, बहती और प्रदूषण-मुक्त जलधाराओं में ही जीवित रह सकती हैं, इसलिए इनकी मौजूदगी को नदी की सेहत का सबसे विश्वसनीय संकेतक माना जाता है। एक समय ऐसा भी था जब इनकी संख्या तेजी से गिर रही थी, लेकिन हाल के वर्षों में सरकारी योजनाओं, पर्यावरण संगठनों और स्थानीय समुदायों के समन्वित प्रयासों ने डॉल्फिनों के लिए आशा की किरण जगाई। यह सर्वेक्षण पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सहयोग से 2020 से 2023 के बीच किया गया, जिसमें 7,680 किलोमीटर नदी तटों का अध्ययन शामिल था। यह अध्ययन एनजीटी के निर्देश पर किया गया, जिसने 20 जनवरी, 2025 को डब्ल्यूआईआई को गंगा बेसिन में डॉल्फिन की संख्या और उनके संरक्षण की स्थिति पर जानकारी देने का आदेश दिया था। वन्यजीव संस्थान की तरफ से किए गए इस सर्वेक्षण में गंगा, ब्रह्मपुत्र और उनकी सहायक नदियों को शामिल किया गया था। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी घाटियों में जैव विविधता का मूल्यांकन करना और नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र की सेहत की जांच करना था। खास तौर पर, गंगा डॉल्फिन, जो भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव है, उनकी आबादी और उनके आवास की स्थिति को समझना इस अध्ययन का प्रमुख लक्ष्य था। सर्वेक्षण में गंगा की मुख्य धारा के साथ-साथ इसकी 22 सहायक नदियों को शामिल किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, गंगा नदी घाटी में 3,936 डॉल्फिन पाई गईं, जबकि ब्रह्मपुत्र और इसकी सहायक नदियों में शेष आबादी दर्ज की गई। यह सर्वेक्षण राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) की तरफ से वित्तपोषित था। गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन में डॉल्फिन की गिनती के लिए प्रशिक्षित विशेषज्ञों की टीम नाव से सर्वेक्षण इस अध्ययन का प्रमुख लक्ष्य था। सर्वेक्षण में गंगा की मुख्य धारा के साथ-साथ इसकी 22 सहायक नदियों को शामिल किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, गंगा नदी घाटी में 3,936 डॉल्फिन पाई गईं, जबकि ब्रह्मपुत्र और इसकी सहायक नदियों में शेष आबादीमें जुटी रही। दूरबीन से लैस टीम ने न केवल डॉल्फिनों की संख्या दर्ज की, बल्कि उनके रहने के स्थानों से जुड़ी पर्यावरणीय जानकारियां भी इकट्ठा कीं। सर्वे में नदी की गहराई, चौड़ाई, प्रवाह, मछली पकड़ने और रेत खनन जैसी मानवीय गतिविधियां भी दर्ज की गईं। आमतौर पर हर 90-120 सेकंड में दिखने वाली डॉल्फिन को अलग-अलग माना गया, जिससे दोबारा गिनती की संभावना कम हुई। गंगा डॉल्फिन की आबादी का अनुमान लगाने के लिए वैज्ञानिकों ने एन-मिश्रण मॉडल का इस्तेमाल किया, जिसमें एक ही डॉल्फिन की दोबारा गिनती से बचा गया। 7,680 किमी लंबे सर्वे क्षेत्र को छोटे खंडों में बांटकर विश्लेषण किया गया, जिससे अनुमानित 763 की मानक त्रुटि के साथ 3,936 गंगा डॉल्फिन रही। सर्वे के दौरान दिखाई न देने वाली डॉल्फिनों को भी ध्यान में रखते हुए सुधार कारक जोड़ा गया।

# पशु चोरी करने वालों ने की थी कारोबारी से छिनैती की वारदात

कौशांबी। सीमांत विहार निवासी बेकरी कारोबारी राजेश को पिस्टल व चाकू दिखाकर चेन छिनैती करने वाले कार सवार आरोपियों को पुलिस ने रविवार सुबह मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया मामले का खुलासा किया। आरोपी दिल्ली के राजपार्क स्थित मंगोलपुरी निवासी सुजल, बेगमपुरी के कैलाश विहार का रहने वाले संदीप और विशाल हैं। मुठभेड़ में आरोपी सुजल के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने 25 अगस्त की सुबह बेकरी कारोबारी से छिनैती करने की बात स्वीकार की है। तीनों के पास से वारदात में इस्तेमाल हुई कार, चाकू, तमंचा व कुछ नकदी बरामद हुई है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सात सितंबर की सुबह 2/5 की पुलिया पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक कार को चेकिंग के लिए रोकने का प्रयास किया था। कार चालक ने गाड़ी रोकने की जगह दूसरे रास्ते पर दौड़ा दिया लेकिन कुछ दूरी पर ही कार टकराने की वजह से रुक गई। तीनों आरोपी गाड़ी से निकलकर फायरिंग करते हुए भागे। जवाबी कार्रवाई में एक गोली आरोपी सुजल के पैर में लगी। इसके बाद पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि तीनों मिलकर गाजियाबाद व दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में लूट, छिनैती और चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। एसीपी ने बताया कि तीनों आरोपी मुख्यरूप से पशु चोर हैं। अधिकतर घरों के बाहर बंधे पशुओं को चुराकर उन्हें बेचने का काम करते हैं। पशु चोरी के कई मामले तीनों के खिलाफ दर्ज हैं। जिस कार में आरोपी घूम रहे थे वह कार आरोपी सुजल की थी, जिस पर नकली नंबर प्लेट लगाकर वारदातों को अंजाम देते थे। बताया कि सुजल के खिलाफ लूट, छिनैती व चोरी का माल बरामद होने व आर्म्स एक्ट में एक दर्जन मामले दर्ज हैं। आरोपी संदीप के खिलाफ आधा दर्जन और विशाल पर भी इन अपराधों में आधा दर्जन मुकदमे हैं।

## दिल्ली की ऐतिहासिक जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और मोदी जी की गारंटी का परिणाम: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

प्रथम पृष्ठ का शेष

सत्य से लिखी गई एक किताब, झूठ से लिखी गई हजार किताबों पर भारी पड़ती है। यह पुस्तक सत्य का दस्तावेज है, जो दिखाती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर दिल्ली भ्रष्टाचार और विज्ञापन आधारित राजनीति से निकलकर विकास और पारदर्शिता के मार्ग पर आगे बढ़ी। पुस्तक का विमोचन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ विशिष्ट अतिथियों भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री तरुण चुघ, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुज्जर एवं दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।

## हस्तिनापुर में नहीं थम रहा कटान, हजारों बीघा फसल को नुकसान

मेरठ। हस्तिनापुर में गंगा के कटान ने हस्तिनापुर क्षेत्र के गांवों में हड़कंप मचा दिया है। बाढ़ के बाद नदी की तेज धारा लगातार गांवों और खेतों को अपनी चपेट में ले रही है। अब तक करीब पांच हजार हेक्टेयर फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है और दो हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि गंगा में समा चुकी है। गंगा की धारा इन दिनों बस्तोता नारंग, मखदुमपुर, किशोरपुर और जलालपुर जोरा गांव की ओर बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं। कटान से करीब दस हजार किसान प्रभावित हो चुके हैं, जिनकी जमीन और खेत नदी में समा गए हैं। ग्रामीण लगातार प्रशासन से कटान रोकने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस बीच बिजनौर बैराज से छोड़ा जा रहा पानी भी कई गांवों के लिए खतरा बढ़ा रहा है।

## प्रीमियम कपड़ों व फुटवियर की नकली फैक्टरी का खुलासा, मालिक गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम जिला जांच प्रकोष्ठ ने शालीमार बाग में चल रही प्रीमियम कपड़ों एवं फुटवियर बनाने की नकली फैक्टरी का खुलासा किया है। पुलिस ने फैक्टरी मालिक मोहित सचदेवा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बड़ी मात्रा में नामी कंपनी के कपड़े, फुटवियर, बेल्ट और सनग्लास बरामद किए हैं। आरोपी शॉर्ट्स, टी-शर्ट्स, लोवर, सनग्लास, घड़ी, बेल्ट, कैप और फुटवियर बनाकर उन पर नामी कंपनी के नकली लेबल लगाकर उन्हें बाजार में असली उत्पाद बताकर बेचता था। वह खुद को ब्रांड्स का अधिकृत वितरक बताकर धोखाधड़ी करता था। जिला के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सिकंदर सिंह ने बताया, नामी कंपनी के प्रतिनिधि निजामुद्दीन ईस्ट निवासी नृपेन्द्र कश्यप ने जिला जांच प्रकोष्ठ में नामी कंपनी के नाम पर कपड़े व अन्य सामान बेचने का आरोप लगाया। उन्होंने शिकायत में बताया कि फेंडी और डायर जैसे हाई-वैल्यू ब्रांड्स से नकली कपड़े, जूते, सनग्लास, घड़ी आदि बेचे जा रहे हैं। शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर लिया। पूछताछ में मोहित ने बताया कि वह खुद अवैध यूनिट चलाता है, जहां शॉर्ट्स, टी-शर्ट्स, कैप, बेल्ट, सनग्लास आदि बनाकर उन पर नामी कंपनियों के नकली टैग्स लगाकर बाजार में असली बताकर बेचता था।

### हिसाब गलत बताकर होटल कारोबारी को धमकाया

इंदिरापुरम। वसुंधरा सेक्टर तीन स्थित होटल हवेली पैलेस के मालिक विकास जैन ने पेंटर के भाई पर अकरम नाम के व्यक्ति पर धमकी देने और दबाव बनाकर ज्यादा रुपये मांगने का आरोप लगाया है। आरोप है कि तीन सितंबर को आरोपी ने उनके कार्यालय पहुंचकर उनके कर्मचारी को भी धमकी दी। छह सितंबर को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दर्ज मुकदमे में होटल कारोबारी विकास जैन ने बताया कि उनका पेंटर के साथ रुपयों का हिसाब-किताब चल रहा है। बताया कि वह सही हिसाब मानने से इन्कार करते हुए ज्यादा रुपयों की मांग कर रहा है। आरोप है कि एक सितंबर को उसका भाई अकरम उनके कार्यालय पहुंचा और कार्यालय बंद कराने की धमकी दे डाली। इसके बाद तीन सितंबर को दोबारा कार्यालय पहुंचा और उन्होंने कर्मचारी को डराया धमकाया शुरू कर दिया। इसके बाद उन्होंने अकरम को कॉल की और धमकी देने की वजह पूछते हुए कोर्ट में फैसला होने की बात कही। तब आरोपी ने उन्हें भी धमकी दे दी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि होटल कारोबारी और पेंटर के बीच कुछ रुपयों के लेनदेन का मामला है। जांच की जा रही है, तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**NAME CHANGE**
It is for general information that I PARMOD S/O KANHIYA LAL R/O H. No. 59, D-Block, Street No. 3, Near Budh Bazar Road, Aman Vihar Kirari, Suleman Nagar, North West Delhi, Delhi-110086, declare that name of mine has been wrongly written as AJAY KUMAR in my minor son namely NISHANT aged 17 years in his 10th class educational documents. The actual name of mine is PARMOD which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, Rameshvari W/O Jagannath R/O House No -181,Near Vardhman Saraswati Shishu Mandir, Balram Nagar Extn-1, Alapur Ghaziabad Uttar Pradesh -201102, have changed my name and shall hereafter be known as Rameshwari

**NAME CHANGE**
I,SAVALIYA MANJHI S/O VISHWANATH MANJHI R/O RZ-2/160A GALI NO - 6 DURGA PARK SOUTH WEST DELHI-110046, I have changed my name to SAWALIA MANJHI Permanently

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, MAMTA wife of SH. SURENDER KUMAR residing 17 KHICHRI PUR VILLAGE EAST DELHI 110091, declare that name of mine has been wrongly written as MAMTA KUMARI in my minor daughter namely AKSHARA, aged 15 years in her 10th class educational documents. The actual name of mine is MAMTA, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, SMT ANUPAMA wife of NO-14667518N, Rank-HAV, Name-MANISH KUMAR residing at VPO-SAGARPUR, TEHSIL & DIST-JEHANABAD, BIHAR-804422, have changed my name from SMT ANUPAMA to ANUPMA KUMARI for all future purposes, in my husband's service record my date of birth wrongly mentioned as 10/10/1986 instead of my correct date of birth as 10/10/1988 Vide Affidavit dated 10/09/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, CHANDRA KALA wife of No.-14251037K, Rank-NK, Name-TEK RAM (Retd) residing at VPO-KHOR, TEHSIL-PATAUDI, GURUGRAM, HARYANA-122414, have changed my name from CHANDRA KALA to CHANDER KALA for all future purposes vide Affidavit dated 10/09/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, SARDA DEVI is legally wedded spouse of JC-857739A Rank-SUB Name- KALU RAM residing at VPO-KASARI, TEHSIL-JAYAL, DIST-NAGAUR, RAJASTHAN-341301 have changed my name from SARDA DEVI to SHARDA DEVI for all future purposes vide Affidavit Dated 10/09/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as DINESH KUMAR son of BRAHAM CHAND residing at H NO-247, BLOCK-C, MINTO ROAD, DELHI-110002 have changed my name and shall hereafter be known as DINESH BOHT.

**NAME CHANGE**
I, RAHUL JAIN S/O INDER CHAND JAIN resident of 1169, FIRST FLOOR, PINEWOOD ENCLAVE, SEC-2, WAVE CITY, NH-24, GHAZIABAD, U.P-201002. have changed my name to RAHUL KUMAR JAIN for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I Pardeep Kumar khatri S/O: Anand Parkash, R/O House No-1726, Pana Mamoor pur, Narela, PO: Narela, DIST: North West Delhi,Delhi-110040, Declare that name of mine and my wife has been wrongly written as PARDEEP and Komal in my minor son namely Rudra Khatri àged 14 years in his school record. The actual name of mine and my wife are PARDEEP KUMAR KHATRI AND KOMAL KHATRI, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, Pawan Sharma S/O, Giriraj Sharma, R/O Plot No:J -111, Block -J, Street No-37, Rajapuri, Uttam Nagar, New Delhi, Uttam Nagar, D.k Mohan Garden, West Delhi, Delhi, 110059, have changed the name of my minor daughter Kashish aged 14 years and she shall hereafter be known as Kashish Sharma.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, RANJIT KUMAR S/o SADHU RAI R/o 5454/6 New Chandrawal, Jawahar Nagar, North Delhi, Delhi-110007, declare that name of mine has been wrongly written as RANJIT RAI in my minor son ANKIT KUMAR aged 14 years in his school records. The actual name of mine is RANJIT KUMAR which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, BHAWANA W/O RAJEEV KUMAR R/O 1, SAMASPUR TIGHRA,NEAR RAHUL PHOTO STUDIO, SECTOR-51, KANAHI(73), FARRUKHNAGAR, GURGAON, HARYANA-122003, HAVE CHANGED MY NAME TO BHAWNA FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**NAME CHANGE**
I, SUDEEP KUMAR S/O RAMESH CHAND R/O H.NO-16 2ND FLOOR, G 5.1, VATIKA INDIA NEXT, NEAR YADUVANSHI SCHOOL, SECTOR-82, GURGAON, HARYANA, HAVE CHANGED MY MINOR DAUGHTER NAME FROM "SAMAIRA" TO "SAMAIRA VASHISTH" FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**
I, KAMLESH S/O UMA SHANKAR TRIVEDI resident of PLOT NO-59-A KHASRA NO-350 RAIL VIHAR LONI DEHAT GHAZIABAD UP-201102. have changed my name to KAMLESH KUMAR TRIVEDI for all future purposes.

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल श्रीमती गीतांजलि खारी पुत्री श्री नीरज खारी, निवासी एवं मालकिन 5810/6 न्यू चंद्रावल, जवाहर नगर, उत्तर दिल्ली, दिल्ली-110007, जिनके पास निम्नलिखित मूल दस्तावेज थे: दिनांक 12.05.1932 का विक्रय पत्र जो श्री बंदी दीन पुत्र श्री कल्लू राम के पक्ष में संपत्ति संख्या 5810 के संबंध में पंजीकृत था (दस्तावेज संख्या 1393), दिनांक 10.04.2003 का मूल विक्रय पत्र जो श्रीमती कृष्णावंती द्वारा श्री नीरज कुमार के पक्ष में संपत्ति संख्या 5810 के संबंध में निष्पादित किया गया और दस्तावेज संख्या 1700 वॉल्यूम संख्या 738 के रूप में पंजीकृत है; दिनांक 09.04.2003 का मूल जीपीए, एटीएस, वसीयतनामा और रसीद जो विनोद कुमार, राजकमल, अशोक कुमार, संजीव कुमार, गुलशन, ईशा, मधु, शशि द्वारा श्रीमती कृष्णावंती के पक्ष में निष्पादित किए गए; एवं श्री बंदी दीन एवं श्री राम सरूप के मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वैध वारिस प्रमाण पत्र जैसे विविध दस्तावेज उनकी स्वामित्व/कब्जे में थे। उपरोक्त संपत्ति से संबंधित सभी कागज़ात मेरी मुवक्किल द्वारा कहीं खो गए हैं और उनका पता नहीं चल पा रहा है, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट एस.ओ. संख्या 430/2014, एल.आर. संख्या 3151823/2025 दिनांक 27/08/2025 है। यदि किसी भी व्यक्ति को यह दस्तावेज़ मिलें, तो कृपया नीचे दिए गए पते पर लौटा दें। इसके अतिरिक्त, यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति पर कोई दावा/अधिकार/शीर्षक/हित है, तो वह अपना आपत्ति पत्र आज से 07 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिखित में दे सकता है। ऐसा न करने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि उपरोक्त संपत्ति किसी प्रकार के भार, ऋण, दावे आदि से मुक्त है।
अधिवक्ता आनंद कटारिया
K-78A, पहली मंजिल, K-ब्लॉक, गेट नं. 2 के पास, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली-110054

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, SONI CHAUDHARY W/O VEERENDRA KUMAR R/O C-713/G, C-BLOCK, HARIJAN BASTI, PALAM EXTN., SECTOR-7, DWARKA SECTOR-7, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110077, declare that name of mine has been wrongly written as SONY CHOUDHARI in my minor son PRIYANSHU aged 16 years in his school records. The actual name of mine is SONI CHAUDHARY, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Raja Pandey S/O: Babadeep Pathak, R/O A-1/1/128-D, Maa Sakti Apartment, DDA Flats, Pachim Vihar, VTC: Paschim Vihar, PO: Paschim Vibar, Sub District: Punjabi Bagh, District: West Delhi, State: Delhi, 110062, have changed my name and shall hereafter be known as RAJ PATHAK.

**NAME CHANGE**
I,MOHAMMAD ZAHEEN S/O MOHAMMAD SALEEM R/o HOUSE NO.4675/21, THIRD FLOOR, ANSARI ROAD, DARYA GANJ, DIST. CENTRAL DELHI, DELHI-110002 have changed the name of my minor daughter SARAH, aged 13 years and she shall hereafter be known as SARAH ZAHEEN. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**NAME CHANGE**
I,REKHA KUMARI W/O HARDEV SINGH R/O A-42, TYPE 4, 1ST FLOOR, PANDARA ROAD, NEW DELHI -110003 HAVE CHANGED MY NAME TO REKHA NEGI

**NAME CHANGE**
I,RENU DESWAL W/O RAJ KUMAR R/O 639/2, TYPE -III, G P O, NEW DELHI 110001 HAVE CHANGED MY NAME TO RENU

**NAME CHANGE**
I,Gaurav Singh Kandaria S/o Devendra Singh Kandaria R/o E-2/37, Gali NO.1 Pusta No.5, Shivaji Mohalla, Sonia Vihar, Karawal Nagar, Delhi-110094, have changed my name to Gaurav Singh permanently.

**NAME CHANGE**
I,Mohammad Alamgir S/o MD Jahir R/o P-54/1, CVD Line, Delhi Cantt, Delhi-110010 have changed my name to MD ALAMGIR permanently.

**NAME CHANGE**
I,Mohammad Jahir S/o Motiur Rahman R/o P-54/1, CVD Line, Delhi Cantt, Delhi-110010 have changed my name to MD JAHIR permanently

**NAME CHANGE**
I, PRABHNEET KAUR BHATNAGAR W/O AJAY BHATNAGAR R/O H NO B-1181, 1ST FLOOR GREEN FIELDS COLONY NHPC COLONY FARIDABAD HARYANA-121010 I HAVE CHANGED MY NAME TO PRABHNEET BHATNAGAR FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**
I, SHASHI BEHAL W/O MEHTAB SHANKAR, residing at 6TH AVENUE 1730, TOWER E,GAUR CITY-1, GREATER NOIDA, Gautam Budh Nagar UTTAR PRADESH-201318.have changed my name to SHASHI BEHL for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, PAYAL BEHAL D/O MEHTAB SHANKAR, residing at 6TH AVENUE 1730, TOWER E,GAUR CITY-1, GREATER NOIDA, Gautam Budh Nagar UTTAR PRADESH- 201318.have changed my name to PAYAL BEHL for all future purpose.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, Mandhoj Gharti Magar S/o Jai Bahadur Pun residing at V-18, Old Nangal, Delhi Cantt, South West Delhi, Delhi-110010 declare that the name of mine, my wife and my minor son have been wrongly written as Mandhoj Pun, Shashi Pun and Lakshay Pun in my minor son Lakshay Gharti Magar, aged 13 years, in his school Records and Birth Certificate No-58099. The actual name of mine, my wife and my minor son are Mandhoj Gharti Magar, Shashi Gharti Magar and Lakshay Gharti Magar respectively, which may be amended accordingly.

**नाम परिवर्तन**
मैं अब तक कुमारी पुष्पम पुत्री बिजय कुमार चौधरी, निवासी क्वार्टर नं. 13, ब्लॉक-110, सेक्टर-1, पुष्प विहार, दक्षिण दिल्ली, दिल्ली-110017 के नाम से जानी जाती थी, मैंने अपना नाम बदल लिया है और अब से पुष्पम राठौर के नाम से जानी जाऊंगी।

**DATE OF BIRTH CHANGE**
I, No-14871887M Rank-NK/MT Name-KARPAGARAJ R S/o RAMACHANDRAN V residing at 8/44, KALIAMMAN KOVIL STREET, A RAMALINGAPURAM, ACHCHANDAVILTHAN POST, SRIVILLIPUTTUR TALUK, VIRUDHUNAGAR DISTRICT, TAMIL NADU-626137, in my service records my mother's (SANGARESHWARI R) date of birth wrongly mentioned as 18/07/1973 instead of her correct date of birth as 15/10/1970 vide Affidavit dated 30/06/2025 before Notary Public, TAMIL NADU.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Sunita Devi alias Sunil Devi W/o Madan Mishra R/o 571, Hayacheepur Ganv, Hayacheepur, Loni, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201102 have changed my name and shall hereafter be known as Sunil Devi.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Richa D/o Late Shri Ramesh Chandra Goel R/o E-112, Police Chowki, Radha Kunj, Brij Vihar, Chander Nagar, PO: Chander Nagar, Dist: Ghaziabad, Uttar Pradesh -201011 have changed my name and shall hereafter be known as KUMARI RICHA GOEL .

**PUBLIC NOTICE**
Information is given to general public at large that our client Mrs. Poonam W/o Mr. Sarvesh is the owner of Freehold Residential Built-up Plot area measuring 1190 sq. ft. out of Khasra no. 356, Situated at Village Dallupura Delhi-110096. by virtue of Relinquishment Deed dated 02.08.2025 as Doc no. 2025/4/I/8108, Book no. 1, Vol no. 12526 Page no. 133-144 SR- East Geeta Colony., now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same has been finance by Piramal Capital & Housing Finance Ltd. Branch: Dwarka New Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained
**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**PUBLIC NOTICE**
I, hitherto known as SEEMA PARMAR alias SEEMA RANI W/O PARAMJYOT SINGH R/o C-41 Kirpal Apartment Patparganj I. P. Extension Shakarpur, Gandhi Nagar, East Delhi, Delhi-110092, have changed my name and shall hereafter be known as SEEMA PARMAR.

**NAME CHANGE**
I,BHART KUMAR S/O MADAN LAL R/O T-229 PARAM PURI SHEETLA MATA MANDIR UTTAM NAGAR DELHI-110059,I have changed my name to BHARAT KUMAR Permanently

**NAME CHANGE**
I,SUNIL S/O BIJENDER SINGH R/O NEAR PANDIT WALI CHAUPAL. ,ASHIYA PATTI SUNDHAD HODAL , PALWAL 121106 HARYANA , I have changed my name to Sunil Kumar permanently

**NAME CHANGE**
I, Preeti D/O Mehak Singh R/O 1092, Near Sbi, Bhaura Kalan Muzaffarnagar Uttar Pradesh-251319, Have changed my name to Preeti Singh for all future purposes.

**NAME CHANGE**
It is for general that I ABDUL SALAM S/O MOHD DAUD R/O 155, Jhuggi Under Zakhira Flyover, Near Daya Basti Railway Station Onkar Nagar, North West Delhi, Delhi-110035, declare that name of mine, my wife and my minor daughter has been wrongly written as ABDUL SALAAM, AASHIRA and AFREEN in my minor daughter Namely AAFREEN aged 14 years. The actual name of mine, my wife and my minor daughter are ABDUL SALAM, ASHIRA and AAFREEN Respectively which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**
The Public at large is hereby informed that Mrs. Naresh Bala Sharma W/o Sh. Om Parkash Sharma was the allottee of Unit No. Gaming Zone-17, admeasuring 507.00 sq. ft., on the 3rd floor of AIPL Joy Gallery, Sector-66, Gurugram a project of M/s Advance India Projects Ltd. The said Mrs. Naresh Bala Sharma expired on 18-7-24 leaving behind Mr. Ankit Sharma (Son), Ms. Nidhi Sharma (Daughter), Ms. Ruchi Maini (Daughter) & Mr. Om Parkash Sharma (Husband) as her only legal heirs. All the legal heirs have requested the Company to transfer the ownership rights of Late Mrs. Naresh Bala Sharma in said unit to Mr. Om Parkash Sharma (Husband), after the demise of Mrs. Naresh Bala Sharma. Any person who has any objection to this may please contact the Company officer, details as under, within 15 days of issue of this Public Notice, after which no claims shall be entertained or accepted by the Company.
**CRM Department M/s Advance**
India Projects Ltd.
Contact No.: 9211168888

**NAME CHANGE**
I FAHEEMUDDIN S/O SALIMUDDIN RESIDING AT HOUSE NO 1059 MADRASA HUSSAIN BAKS HAVELI BAKHTAWAR KHAN MATIA MAHAL JAMA MASJID DELHI- 110006 HAVE CHANGED MY NAME FROM FAHEEMUDDIN TO FAHIMUDDIN FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as VIDHIKA BATRA W/O MOHIT LUTHRA R/O H NO-6, GROUND FLOOR, ANAND LOK, SADIQ NAGAR, ANDREWSGANJ, DELHI- 110049 have changed my name and shall hereafter be known as VIDHIKA LUTHRA. It is certified that I have complied with other legal requirements in the connection

**NAME CHANGE**
I, Chandra Wati Devi w/o Gyan Prakash Gupta R/o S-93A, Sunder Block, Shakarpur, Delhi-110092 have changed my name to Chandra Vati for all future purposes

**NAME CHANGE**
I, PARTH BATRA MALIK S/O MOHIT LUTHRA, residing at H NO-6, GROUND FLOOR, ANAND LOK, SADIQ NAGAR, ANDREWSGANJ, DELHI-110049.have changed my name to PARTH LUTHRA for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I,Shahnawaj Khan S/o Ayyub Khan R/o 602, Gulshan Colony, Muradnagar, Ghaziabad, have changed my name to Shahnawaz Khan .

**PUBLIC NOTICE**
Information is given to general public at large that our client Mrs. Abida W/o Mr. Raja is the owner of Freehold Residential Portion of Plot No. 15 area measuring 75 sq. yds. i.e. 62.73 sq. mtrs. out of Khasra No. 498, Situated in the area of Village Rawali Pargana Dasna Tehsil Dhaulana, Distt. Hapur, U.P. by virtue of Sale Deed dated 26.11.2019 Vide Doc. No. 9865, Vol. No. 3729, Book No. 1, Pages No. 217-238, on this dated 26.11.2019 SR-Dhaulana, Hapur, till date and has lost/Misplace his Original Sale Deed dated 08.12.2016 executed by Mr. Sahid S/o Mr. Mehar Ilahi in favour of Mr. Nannhe S/o Mr. Azam Ali Vide Doc. No. 8560, Vol. No. 1943, Book No. 1, Pages No. 135-148, on this dated 08.12.2016 SR-Dhaulana., now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same has been finance by Piramal Capital & Housing Finance Ltd. Branch: Shahdara, Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained
**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नदीम उर्फ कल्लू** पुत्र **नजीर** पता **गाँव बेहटा, हाजीपुर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** और **ई-493, राम पार्क कुदवास अग्रौली, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने case **FIR No. 31/2008 U/s 382/34 IPC, थाना: दिलशाद गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नदीम उर्फ कल्लू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नदीम उर्फ कल्लू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 31/2008 U/s 382/34 IPC, थाना: दिलशाद गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नदीम उर्फ कल्लू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.10.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री इसरा ज़ैदी
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-04
उत्तर पूर्व ज़िला, रूम नं. 64
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/12045/NE/2025 (Court Matter)


**कौमी पत्रिका**
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address : qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के तीन उप-अधीक्षक पदोन्नत

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग मुख्यालय में कार्यरत तीन उप-अधीक्षकों को अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया है। पदोन्नत अधिकारियों में स्थापना शाखा की सुनीता पांचाल, प्रेस फेसीलिटी सहायक शाखा के कुलदीप राठी तथा लेखा शाखा के सुनील कुमार शामिल हैं।

## लांस नायक नरेंद्र का घर पहुंचा शवः अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़, चचेरे भाई ने दी मुखाग्नि

**कैथल।** दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादी मुठभेड़ में बलिदान देने वाले रोहेड़ा निवासी 28 वर्षीय लांस नायक नरेंद्र सिंधु की अंतिम विदाई में भारी भीड़ जुटी। बुधवार सुबह ही उनका शव पैतृक गांव रोहेड़ा पहुंचा। जिसके बाद बाहर आए लोगों और परिवार को अंतिम दर्शन करवाए गए। नरेंद्र के छोटे भाई के अमेरिका में होने की वजह से चचेरे भाई अंकित ने उन्हें मुखाग्नि दी।

**अक्तूबर माह में नरेंद्र को आना था छुट्टी**

नरेंद्र सिंधु की पार्थिव देह घर आते ही चचेरे भाई का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। शहीद को अंतिम विदाई देने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई।नरेंद्र के बलिदान के बाद उनकी मां रोशनी देवी गुमसुम हैं। मां ने नम आंखों से कहा बचपन में बेटा कहता था कि बड़ा होकर सेना में जाऊंगा, और उसने अपना सपना पूरा कर लिया। वहीं, शहीद की बहन पूनम ने बताया कि रक्षाबंधन पर उन्होंने नरेंद्र से सोने की चेन मांगी थी, लेकिन अब यह ख्वाहिश अधूरी रह गई। चर्चा है कि नरेंद्र की सगाई हो गई थी, लेकिन उनके पिता दलबीर सिंह ने इस बात को नकारते हुए कहा कि अक्तूबर माह में नरेंद्र के छुट्टी पर आने के बाद शादी की बात शुरू होनी थी।

## मनीषा मौत मामले में भिवानी पुलिस ने दर्ज की दो एफआईआर, पुलिस अधीक्षक ने दी चेतावनी

**भिवानी।** हरियाणा के भिवानी में शिक्षिका मनीषा मौत मामले में सिविल लाइन पुलिस भिवानी ने दो नई एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने एफआईआर नंबर 199 के तहत छह सितंबर को धारा 196(1), 223(2), 356(2), 353(2) भारतीय न्याय संहिता व 67 ए, 72 आईटी एक्ट 2000 में केस दर्ज किया है। जबकि सिविल लाइन थाना में एफआईआर नंबर 201 के तहत सात सितंबर को धारा 196(1), 223(2), 356(2), 353(2) भारतीय न्याय संहिता में 67 ए 72 आईटी एक्ट 2000 के तहत केस दर्ज किया है। यह दोनों मामले सोशल मीडिया पर भड़काऊ और झूठी पोस्ट डालने वालों के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार के आदेश पर साइबर सैल द्वारा मनीषा मौत प्रकरण में भड़काऊ व झूठी पोस्ट डालने की लगातार मॉनिटरिंग कराई जा रही है। इसके चलते साइबर सैल भिवानी द्वारा मनीषा मौत प्रकरण में बिना किसी आधिकारिक तथ्यों के झूठी व भड़काऊ पोस्ट प्रकाशित करने व मृतका के चरित्र पर टिप्पणी करने और उसकी हत्या में उसकी परिवारजन व पिता की भूमिका पर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर प्रकाशित करने का मामला पकड़ में आया। इसके बाद इस मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस भिवानी ने केस दर्ज किया है।

## एनिमिया मुक्त अभियान में हरियाणा ने हासिल किया दूसरा स्थान

**चंडीगढ़।** हरियाणा ने 2025-26 की पहली तिमाही में एनीमिया मुक्त अभियान में 85.2 अंक प्राप्त कर देश में दूसरा स्थान हासिल किया है। पहले नंबर पर आंध्र प्रदेश है, जिसने 88 अंक हासिल किए हैं। हरियाणा के बेहतर प्रदर्शन का श्रेय लक्षित समूहों में आयरन और फोलिक एसिड के मजबूत कवरेज को जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक हरियाणा ने छह महीने से पांच साल तक के बच्चों में 90.5 फीसदी, 10 से 19 साल के आयु वर्ग और गर्भवती महिलाओं के कवरेज में 95 फीसदी लक्ष्य को हासिल किया। मगर स्तनपान कराने वाली माताओं में यह 65.9 फीसदी तक सीमित रहा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया, हरियाणा को एनिमिया मुक्त बनाने के लिए पिछले कुछ महीनों से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य टीमों ने आयरन और फोलिक एसिड की गोलियों और दूसरी महत्वपूर्ण सलाह को लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया है। सरकार ने स्कूलों और समुदाय स्तर पर एनीमिया की जांच और उपचार की व्यवस्था की। इसके साथ ही मलेरिया और फ्लोरोसिस जैसे गैर-पोषण संबंधी कारणों पर भी ध्यान दिया गया, ताकि एनीमिया के पीछे छिपे कारकों को खत्म किया जा सके। इसके अतिरिक्त, अटल (संपूर्ण एनीमिया सीमा सुनिश्चित करना) अभियान लागू किया गया। इस अभियान के अंतर्गत लाभार्थियों की ट्रैकिंग और डेटा विश्लेषण के लिए आईटी प्लेटफॉर्म का उपयोग किया गया।

# जनता और पुलिस के बीच समन्वय के लिए गृह विभाग चलाएगा अभियान : नायब सैनी

एजेंसी

**पंचकूला।** भारतीय जनता पार्टी की पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में सेवा पखवाड़ा के दौरान किए जाने वाले कार्यक्रमों को गिनाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लगभग दो दर्जन से अधिक कार्यक्रमों को उपस्थित मंत्रियों, विधायकों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और पदाधिकारियों के सामने रखा। इस कार्यशाला में भाजपा और सरकार द्वारा आगामी दिनों में किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों को विस्तार से रखा और उनकी रूपरेखा सभी को समझाई। मुख्यमंत्री ने जहां सरकार के स्तर पर किए जाने वाले शानदार विकास कार्यो व सेवा कार्यों के बारे में बताया वहीं भाजपा की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने संगठन स्तर पर किए जाने वाले कार्यक्रमों को सभी के सामने रखा। यहां प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया



ने आत्मनिर्भर भारत विषय पर बोलते हुए बताया कि किस तरह से मोदी और नायब सरकार की कल्याणकारी नीतियों को इस दौरान जनता के सामने रखना है। वहीं राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने वन नेशन, वन इलेक्शन की खूबियां भी कार्यशाला में उपस्थित नेताओं को गिनाई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार और संगठन मिलकर सेवा पखवाड़ा के दौरान जनता की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि पड़ौसी राज्यों में घातक वर्षा हुई है जिसके कारण गांव गांव उजड़ गए हैं। यह बहुत भारी प्राकृतिक प्रकोप था। नायब सैनी ने कहा कि भाजपा पार्टी के संस्कारों को आगे बढ़ाते हुए कोरोना काल की तरह हम सभी को मिलकर बाढ़ से प्रभावित लोगों की सेवा करनी है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा में बाढ़ ग्रस्त इलाकों में सेवा कर रहे कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों का धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की ओर से राहत सामग्री पंजाब और हरियाणा भेजी गई है तथा अभी और भी राहत सामग्री भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान हमने प्रदेश को नशा मुक्त और प्लास्टिक मुक्त बनाना है।

## गांवों व शहरों में लाइब्रेरी बनाने के कार्य जल्द किए जाएं शुरू - उपायुक्त अखिल पिलानी

एजेंसी

**तावडू।** उपायुक्त एवं मेवात विकास अभिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अखिल पिलानी ने आज एमडीए से संबंधित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं एवं परियोजनाओं की समीक्षा की। लघु सचिवालय के मीटिंग रूम में आयोजित बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एमडीए के तहत संचालित सभी परियोजनाओं की प्रगति के साथ-साथ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि एमडीए के माध्यम से जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा एवं आजीविका स्तर को सुधारने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले के चारों शहरी क्षेत्रों में 100 सीटिंग क्षमता वाली लाइब्रेरी का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। साथ ही पंचायती राज विभाग को निर्देश दिए कि जिले के जिन 54 गांवों में लाइब्रेरी स्थापित की जानी है, उसकी व्यवहार्यता जांचते हुए उचित कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अब एमडीए की ओर से 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां प्रदान की जाएंगी।

सामान्य व अन्य वर्ग के विद्यार्थियों को 51,000 रुपए तथा अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को 1 लाख 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री मेवात पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 11वीं एवं 12वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को भी लाभ दिया जाएगा।

# अनामिका एन्क्लेव में अवैध रूप से बनाए गए फ्लैट्स पर चला बुल्डोजर

**● अवैध निर्माण पर नगर निगम गुरुग्राम की बड़ी कार्रवाई**

ज्योति दर्पण

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम ने शहर में अवैध निर्माण गतिविधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए अनामिका एन्क्लेव क्षेत्र में अवैध निर्माणों को ध्वस्त व सील किया। यह कार्रवाई प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई। सहायक अभियंता आरके मोंगिया, कनिष्ठ अभियंता प्रदीप शर्मा, रोहित, अंकित कपूर व वरुण वशिष्ठ की टीम जेसीबी लेकर अनामिका एनक्लेव पहुंची।

इस संबंध में संयुक्त आयुक्त द्वारा पहले ही निर्देश जारी किए गए थे, जिसके अनुपालन में नगर निगम की ओर से त्वरित व आवश्यक कदम उठाए गए। यह कार्रवाई पुलिस बल की सहायता से पूरी की गई, जिसमें सार्वजनिक सुरक्षा प्रोटोकॉल और सभी कानूनी प्रावधानों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया गया। कार्रवाई के दौरान 32 फ्लैट की बिल्डिंग को तोडने के साथ ही सील भी किया गया। सहायक अभियंता आरके मोंगिया ने स्पष्ट किया कि शहर में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।



# हरियाणा सरकार किसानों के साथ मजाक करना बंद करेः कुमारी सैलजा

जेंसी

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में हाल ही में आई बाढ़ से किसानों को हुए भारी नुकसान को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस आपदा में किसानों को जो मुआवजा देने की घोषणा की है वह किसानों के साथ घोर अन्याय है के साथ-साथ उनका अपमान भी है। फसलों के नुकसान का पंजाब सरकार हरियाणा से अधिक मुआवजा दे रही है जबकि हरियाणा स्वयं को सबसे ज्यादा विकसित राज्य बताता है। सांसद ने मांग की है कि मुआवजा राशि बढ़ाई जाए। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि जहां पंजाब सरकार ने बाढ़ प्रभावित किसानों को 20,000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की घोषणा की है, वहीं हरियाणा सरकार केवल 7,000 से 15,000 रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा दे रही है। हरियाणा जो अपने आप को विकसित राज्य कहता है, वहां किसानों को इतना कम मुआवजा देना उनके साथ मज़ाक है।



सांसद ने कहा कि सरकार ने मुआवजे को पाने की प्रक्रिया को इतना जटिल बना दिया है कि किसानों को पोर्टल पर बार-बार अपलोडिंग और सत्यापन जैसी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। यह किसान के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। सरकार को किसानों को परेशान करने की सोच से बाहर आना चाहिए। सांसद ने सरकार से मांग की है कि इस मुआवजा राशि को तुरंत पंजाब की तर्ज पर कम से कम 20,000 रुपये प्रति एकड़ किया जाए। सरकार को पता है कि फसल का लागत खर्च कितना आता है, कम से कम उसका ही ध्यान रखते हुए मुआवजे की राशि तय की जानी चाहिए थी। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि किसानों को पोर्टल के जाल में न फंसाया जाए। मुआवजे की प्रक्रिया को सरल बनाकर ग्राम स्तर पर ही पटवारी और राजस्व अधिकारियों के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण नुकसान का सही आकलन करने के लिए स्वतंत्र जांच कराई जाए ताकि किसी भी किसान को वंचित न रहना पड़े।सांसद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हरियाणा के किसानों की इस लड़ाई में उनके साथ खड़ी है और यदि सरकार ने जल्द राहत राशि बढ़ाने का निर्णय नहीं लिया तो कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन शुरू करेगी।

# डा. सतीश पूनिया और मोहन लाल बड़ौली ने राहत सामग्री के तीन ट्रकों को पंजाब के लिए किया रवाना

एजेंसी

**पंचकूला ।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंच कमल से राहत सामग्री के तीन ट्रकों को पंजाब के लिए रवाना किया। ट्रकों को रवाना करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए डा. सतीश पूनिया ने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीति और नीयत अच्छी नहीं है, इसलिए लोगों ने कांग्रेस पार्टी को नकार दिया है। उन्होंने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। डा. पूनिया ने कहा कि राहुल गांधी पार्ट टाइम पॉलिटिशियन हैं। राहुल गांधी कब देश में रहते हैं और कब विदेश में पता ही नहीं चलता। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, विधायक योगेंद्र राणा, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल और प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नवीन गर्ग आदि मौजूद रहे। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि भाजपा हमेशा सामाजिक संवेदनाओं के साथ काम करने वाली व नायब सरकार किसानों के साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद पंजाब का संज्ञान लिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान खुद पंजाब में किसानों से मिले हैं। हरियाणा के



पार्टी है। भाजपा राजनीति को केवल चुनाव तक सीमित नहीं रखती, बल्कि मानवता के लिए विस्तृत रूप से कार्य करती है। डा. पूनिया ने कहा कि मोदी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंजाब, जम्मू, हिमाचल प्रदेश को 5-5 करोड़ रुपये की सहायता राशि दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा भाजपा के कार्यकर्ता सामाजिक तौर पर राहत सामग्री पंजाब और हिमाचल पहुंचा रहे हैं। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत हमारे कार्यकर्ता जनता की सेवा के कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीति केवल नारों से नहीं सरोकारों से होती है और भाजपा केवल वोट और चुनाव की राजनीति नहीं करती, बल्कि सामाजिक सरोकार भाजपा के लिए पहले होते हैं। एक सवाल पर डा. सतीश पूनिया ने कहा कि दूसरे दल का व्यक्ति जब नए दल में आता है तो उसमें राजनीति नहीं होती, बल्कि विचार होता है। भाजपा से अनेक विचारों के लोग जुड़ रहे हैं और देशहित व पार्टी हित में काम कर रहे हैं। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी के पास सियायत करने का काम ही बचा है।

## बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सभी स्तर पर काम हो रहा हैः अनिल विज

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने आज कहा कि बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए मेयर से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक, सभी स्तर के नेता मैदान में हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा लोगों के साथ जुड़े रहते हैं और उनके सुख-दुख में शामिल होते हैं। विज, प्रधानमंत्री के पंजाब और हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। मंत्री विज ने बताया कि इस बार प्राकृतिक आपदा का प्रकोप अधिक रहा है, खासकर बादल फटने की घटनाओं के कारण। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं की वजह से पहाड़ों का अतिरिक्त पानी



मैदानी इलाकों में आ गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुँचाना है, जिसमें पीने का पानी, भोजन और जल निकासी की व्यवस्था करना शामिल है। इसके साथ ही, भविष्य में ऐसी आपदाओं को रोकने के लिए दीर्घकालिक समाधानों की योजना भी तैयार की जा रही है। विज ने विपक्ष को इस आपदा के समय राजनीति न करने की सलाह दी। उन्होंने विपक्ष से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी इच्छानुसार बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद करें।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की बैठक

एजेंस

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अश्विन नवरात्रों से पूर्व श्री माता मनसा देवी मंदिर परिसर में तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 3 बड़े वातानुकूलित भण्डारा हॉल का निर्माण किया जाए, जिसमें एक हॉल में कम से कम 1500 श्रद्धालु एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण कर सकें। इसके अलावा, अत्याधुनिक स्तर के रसोईघर की व्यवस्था भी की जाए और सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

मुख्यमंत्री, जो श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं, आज यहां श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड, पंचकूला की 22वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा सहित बोर्ड के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि भण्डारा हॉल के निर्माण होने तक आगामी नवरात्रों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में अस्थायी हैंगर स्थापित कर बड़े स्तर पर भण्डारे की



व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए श्री माता मनसा देवी मंदिर, चण्डी माता मंदिर, काली माता मंदिर, मोरनी, बड़ा त्रिलोकपुर, नाडा साहिब इत्यादि स्थलों को जोड़ते हुए बस सेवा शुरू करने की योजना बनाई जाए। इससे श्रद्धालुओं को पंचकूला जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने काली माता मंदिर में कमल आकृति के भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए कहा कि इस कार्य को समय पर पूरा किया जाए।

नायब सिंह सैनी ने श्री माता मनसा देवी मंदिर परिसर में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा निर्मित बूथों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुपयोगी एवं जर्जर हो चुके बूथों का सर्वेक्षण कर इन्हें हटाए जाने की संभावनाओं पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि मंदिर के मास्टर प्लान को ध्यान में रखते हुए इस स्थल का उपयोग एचएसवीपी द्वारा नीति के अनुरूप वाणिज्यिक गतिविधियों हेतु किया जाए।बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री माता मनसा देवी श्राइन स्थल के जीर्णोद्धार व मास्टर प्लान के तहत मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाए और यदि कोई अतिक्रमण है, तो उसे हटाया जाए। इसके अलावा, मंदिर परिसर में भित्ति चित्रों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के साथ-साथ हनुमान वाटिका के सौंदर्यीकरण करने के भी निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। नवरात्रों के अवसर पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, इसलिए मंदिर परिसरों में विशेष अभियान चलाकर संपूर्ण सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ और पवित्र वातावरण का अनुभव हो।

## मक्खन लबाना भाजपा में हुए शामिल, जिला परिषद अध्यक्ष पद पर दावेदारी मजबूत

**पंचकूला।** वॉर्ड-9 से जिला परिषद सदस्य मक्खन सिंह लबाना भाजपा में शामिल हो गए। लबाना को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने पंचकूला में प्रदेश प्रभारी सतीश पुनिया व प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के नेतृत्व में भाजपा पार्टी में शामिल किया गया। वहीं, भाजपा में आने के बाद लबाना की जिला परिषद् अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी मजबूत हो गई है। वह जिला परिषद अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हो गए हैं। बीते दिनों जिला परिषद अध्यक्ष पद पर अविश्वास प्रस्ताव पास होने पर उन्होंने खुशी जताई थी। उन्होंने कहा कि दो साल से वॉर्डो में विकास कार्य ठप पड़े हैं। अब नया चेयरमैन मिलने पर विकास कार्य होंगे। अभी जिला परिषद का कार्यकाल जनवरी 2028 तक है। मक्खन सिंह लबाना 2009 में बसपा से विधायक सीट पर चुनाव लड़ चुके हैं। उनको 12 हजार वोट मिले थे। वह 2008 व 2009 में बसपा में रहे। इसके बाद वह काफी समय तक सक्रिय नहीं थे।

# ग्राम पंचायत भूमि पर अवैध कब्जों को तुरंत हटाएंः अजय कुमार

ज्योति दर्पण

**गुरुग्राम।** ग्राम पंचायतों की भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों और उप-मंडल अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि लंबित मामलों का शीघ्र समाधान किया जाए। भविष्य में नए कब्जे रोकने के लिए ठोस व्यवस्था बनाई जाए। प्रशासनिक कार्यो को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाए। यह बात उपायुक्त अजय कुमार ने लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित अधिकारियों के साथ बैठक में कही। डीसी ने सभी उप-मंडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने न्यायालयों में लंबित अवैध कब्जों से संबंधित मामलों का नियमानुसार त्वरित निपटारा करें। जिन मामलों में बेदखली के आदेश जारी हो चुके हैं और कोई स्थगन आदेश (स्टे ऑर्डर) नहीं है, उनमें ग्राम पंचायतों को जमीन का कब्जा दिलवाना सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही, सभी बीडीपीओ को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि ग्राम पंचायत की जमीन पर कोई नया अवैध कब्जा न हो और इसके लिए सरपंचों को जवाबदेह बनाया जाए साथ ही उन्होंने ऐच्छिक




अनुदान के उपयोगिता प्रमाण पत्र के संबंध में सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों और उप-मंडल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। सीएम अनाउंसमेंट के पालन में, सरकार को भेजे जाने वाले सभी केसों में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, एचवीसीएल की धारा-7 और धारा-13ए के तहत मामलों की डेटा फीडिंग को सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन पर सुनिश्चित करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में बादशाहपुर के एसडीएम संजीव सिंगला, पटौदी के एसडीएम दिनेश लुहाच, मानेसर के एसडीएम दर्शन यादव, सोहना के एसडीएम अखिलेश, डीडीपीओ नवनीत कौर और बीडीपीओ नरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# बीजेपी सरकार ने किया किसानों और बाढ़ प्रभावितों के साथ भद्दा मजाकः भूपेंद्र सिंह हुड्डा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि प्रदेश की बीजेपी सरकार ने जिस तरह बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए मुआवजे का ऐलान किया है, वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। प्रति एकड़ मात्र 7 से 15 हजार मुआवजे के ऐलान किसानों के साथ भद्दा मजाक है। क्योंकि किसानों की खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। उन्हें प्रति एकड़ करीब 1 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आने वाली फसल के होने की भी उम्मीद नजर नहीं आती। यानी किसानों को पूरे दो सीजन का घाटा हुआ है। बावजूद इसके सरकार खाद के खर्च से भी कम मुआवजे का ऐलान कर रही है। किसानों को कम से कम 50-60 प्रति एकड़ मुआवजा मिलना चाहिए।

हुड्डा आज कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के साथ पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने बताया कि बाढ़ के चलते किसानों की 14 लाख एकड़ फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। हजारों मकान में दरारें आई हैं। दुकानें, इमारतें व अन्य प्रतिष्ठान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लोगों को भारी आर्थिक चोट पहुंची है। इन सबकी भरपाई के लिए उचित मुआवजे की आवश्यकता है, जिसके लिए केंद्र सरकार को हरियाणा के लिए विशेष राहत पैकेज देने का ऐलान करना चाहिए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि उन्होंने खुद बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया है। आधे हरियाणा की स्थिति भयावह बनी हुई है। बावजूद इसके दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रदेश सरकार ने हरियाणा को बाढ़ प्रभावित स्टेट घोषित नहीं किया है। जबकि प्रदेश सरकार को इसे बाढ़ प्रभावित घोषित करके, केंद्र से पैकेज की मांग करनी चाहिए थी। क्योंकि राज्य के 5200 गांव बाढ़ से प्रभावित है। चौधरी उदयभान ने भी इस मांग को दोहराते हुए प्रदेश सरकार के रवैये पर नाराजगी जाहिर की।

# बायबैक की खबर से उछला इन्फोसिस, आईटी शेयरों में लौटी रौनक

**नई दिल्ली ।**

भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में जोरदार तेजी देखने को मिली। इस बढ़त की अगुवाई इन्फोसिस ने की, जिसके शेयर में करीब 5 फीसदी की छलांग दर्ज की गई। तेजी की प्रमुख वजह कंपनी द्वारा शेयर बायबैक (पुनर्खरीद) की योजना रही, जिसकी घोषणा सोमवार को बाजार बंद होने के बाद की गई थी। इन्फोसिस का निदेशक मंडल गुरुवार को बायबैक प्रस्ताव पर विचार करेगा। इन्फोसिस की अगुवाई में निफ्टी आईटी इंडेक्स में भी 2.8 फीसदी की तेजी आई, जो 12 मई के बाद की सबसे बड़ी एकदिनी बढ़त है। टीसीएस और एचसीएल टेक जैसे दिग्गज शेयरों ने भी इस रैली में योगदान दिया। सेंसेक्स में भी इन्फोसिस सबसे बड़ा गेनर रहा। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि यह तेजी अस्थायी हो सकती है। इक्विनॉमिक्स के एक वे रिष्ठ अे धिकारी के अनुसार यह उछाल केवल बायबैक की खबर से जुड़ा है और अन्य आईटी कंपनियों के




भी बायबैक करने की अभी कोई पुष्टि नहीं है।

इस बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था से जुड़े सकारात्मक संकेतों जैसे रुपये में गिरावट और ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद ने भी आईटी सेक्टर को समर्थन दिया। अमेरिका में टेक खर्च बढ़ने की संभावना से भारतीय आईटी कंपनियों को लाभ हो सकता है।

# जीएसटी कटौती से ऑटो सेक्टर में आई तेजी



**- बाजार पूंजीकरण में 3 लाख करोड़ की बढ़ोतरी**

**नई दिल्ली ।**

सरकार द्वारा वाहनों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़ी कटौती की घोषणा के बाद भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग को नया बल मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को एक दशक में सबसे बड़ी टैक्स राहत का ऐलान किया था, जिसके तहत अधिकतर यात्री वाहनों पर जीएसटी दर 31 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दी गई। इसका सीधा असर ऑटो सेक्टर पर देखने को मिला है। निफ्टी ऑटो इंडेक्स, जो 15 प्रमुख वाहन कंपनियों को ट्रैक करता है, तब से अब तक करीब 3 लाख करोड़ रुपये (लगभग 34 अरब डॉलर) का बाजार पूंजीकरण जोड़ चुका है।

इंडेक्स में 12.7 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है, जो इसी अवधि में निफ्टी 50 की महज एक फीसदी की बढ़त की तुलना में कहीं ज्यादा है। मारुति सुजुकी इंडिया, जो बाजार पूंजीकरण के हिसाब से सबसे बड़ी वाहन निर्माता है, के शेयर में 19 फीसदी की वृद्धि हुई है। आयशर मोटर्स और टीवीएस मोटर जैसी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनियाँ भी इस तेजी में अग्रणी रही हैं। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के एक विश्लेषक शशांक का कहना है कि यह ऑटो सेक्टर के लिए रोमांचक समय है। उनका मानना है कि कर कटौती से कंपनियाँ कीमतें घटाएंगी, जिससे खासकर एंट्री-लेवल कारों की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, अमेरिका द्वारा भारत के निर्यात पर लगाए गए 50

फीसदी टैरिफ ने वैश्विक बाजार की धारणा को प्रभावित किया है, लेकिन घरेलू बाजार में त्योहारी सीजन से पहले मांग में मजबूती बनी हुई है।

# रिकॉर्ड उच्च स्तर के बाद सोने के भाव में गिरावट, चांदी चमकी



**- सोना 289 रुपए गिरकर 1,08,744 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 1,24,889 रुपए**

**नई दिल्ली ।** सोने की कीमतों ने हाल ही में रिकॉर्ड स्तर छूने के बाद बुधवार को नरमी दिखाई, जबकि चांदी के भावों में मजबूती देखने को मिली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का अक्टूबर वायदा कॉन्ट्रेक्ट 289 रुपए की गिरावट के साथ 1,08,744 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। इस समय यह 1,08,745 रुपए पर कारोबार कर रहा था। दिन का उच्चतम स्तर 1,08,749 रुपए और न्यूनतम 1,08,668 रुपए रहा। मंगलवार को यह 1,09,840 रुपए का उच्चतम स्तर छू चुका था। वहीं दूसरी ओर, चांदी में मजबूती देखने को मिली। एमसीएक्स पर दिसंबर वायदा कॉन्ट्रेक्ट 465 रुपए की तेजी के साथ 1,24,926 रुपए प्रति किलो पर खुला। इस समय तक चांदी 1,24,889 रुपए पर कारोबार कर रही थी। इसका उच्चतम स्तर 1,24,937 रुपए और न्यूनतम 1,24,799 रुपए रहा। इस महीने चांदी 1,26,730 रुपए के उच्चतम स्तर तक पहुंची थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो कामेक्स पर सोना 3,662 डॉलर प्रति औंस पर खुला, जो पिछले बंद 3,682.20 डॉलर से करीब 9.40 डॉलर कम था। वहीं चांदी 41.34 डॉलर पर खुलने के बाद 41.43 रुपए प्रति औंस पर पहुंच गई। विशेषज्ञों के अनुसार सोने में मुनाफावसूली और डॉलर की मजबूती इसकी कीमतों पर दबाव बना रहे हैं, जबकि चांदी में औद्योगिक मांग के चलते तेजी बनी हुई है।

# सेडान डिजायर पर 25,000 रुपये के खास ऑफर की घोषणा

**नई दिल्ली ।**

अपनी पॉपुलर सेडान डिजायर पर मारुति सुजुकी ने खास ऑफर की घोषणा की है। ग्राहक इस ऑफर का लाभ नजदीकी डीलरशिप से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। सेडान डिजायर कार पर अधिकतम 25,000 रुपये तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है, जिसमें 10,000 रुपये का कंज्यूमर डिस्काउंट और 15,000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस शामिल है। डिजाइन के लिहाज से मारुति डिजायर में बड़ा फ्रंट ग्रिल, स्लिक एलईडी डीआरएल, एलईडी टेल लैंप और नए 15-इंच डुअल टोन अलॉय व्हील दिए गए हैं। इंटीरियर में 9-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस फोन चार्जर और क्रूज कंट्रोल जैसे फीचर्स मौजूद हैं। खास बात यह है कि यह भारत की पहली सब-कॉम्पैक्ट सेडान है जिसमें सिंगल-पैन सनरूफ का



विकल्प दिया गया है। सेफ्टी के मामले में भी डिजायर ने खास पहचान बनाई है। ग्लोबल एनकैप ने इस कार को फैमिली सेफ्टी के लिए 5-स्टार रेटिंग दी है। इसके साथ ही इसमें 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल और अन्य सुरक्षा फीचर्स शामिल हैं। माइलेज की बात करें तो यह कार ग्राहकों को काफी आकर्षित करती है। मैनुअल ट्रांसमिशन में इसका माइलेज 24.79 किमी प्रति लीटर और ऑटोमेटिक गियरबॉक्स में 25.71 किमी प्रति लीटर तक का है। वहीं, सीएनजी मॉडल 30 किमी प्रति किलोग्राम से ज्यादा का माइलेज देता है। पावरट्रेन में 1.2-लीटर 3-सिलेंडर पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 81.58बीएचपी की पावर और 111.7 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है। इसके अलावा, सीएनजी विकल्प भी उपलब्ध है। कीमत की बात करें तो भारतीय बाजार में मारुति डिजायर की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 6.84 लाख रुपये से शुरू होकर टॉप मॉडल के लिए 10.20 लाख रुपये तक जाती है।

# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता फिर शुरू

**- ट्रंप ने मोदी को बताया अच्छा दोस्त**

**वाशिंगटन।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार संबंधों में सुधार का संकेत देते हुए घोषणा की है कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार वार्ता फिर से शुरू कर दी गई है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि दोनों देश व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी रखेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना 'बहुत अच्छा दोस्त' बताया और कहा कि वह जल्द ही उनसे बातचीत के लिए उत्सुक हैं। ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को 'महान प्रधानमंत्री' करार देते हुए कहा कि भारत और अमेरिका के बीच विशेष संबंध हैं। उन्होंने कहा` कि मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे दोनों देशों के लिए व्यापार वार्ता सफल रहेगी। ट्रंप के इस नरम रुख के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भी उनकी बातों की सराहना की और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बताया। मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं की मैं तहे दिल से सराहना करता हूं और उनका पूरा समर्थन करता हूं। यह कदम अमेरिका की ओर से हाल ही में टैरिफ बढ़ाने के बाद आया है। 27 अगस्त को अमेरिकी प्रशासन ने भारत से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। यह निर्णय भारत द्वारा रूस से तेल की खरीद जारी



रखने के कारण लिया गया था। इसके कारण दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ गया था। अब व्यापार वार्ता के फिर से शुरू होने से उम्मीद जताई जा रही है कि इस तनाव को कम किया जा सकेगा और द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती आएगी।

## फिच ने वित्त वर्ष 2026 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत किया

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स के लेटेस्ट ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक के अनुसार, भारत भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच मजबूती का प्रदर्शन कर रहा है और अगले तीन वर्षों में देश 6 प्रतिशत से ऊपर की विकास दर बनाए रखने का अनुमान है।2025 की दूसरी तिमाही के मजबूत परिणाम को देखते हुए फिच ने मार्च 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए अपने पूर्वानुमान को जून की रिपोर्ट के 6.5 प्रतिशत से संशोधित कर 6.9 प्रतिशत कर दिया है।रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू मांग विकास का प्रमुख चालक होगी, क्योंकि मजबूत वास्तविक आय गतिशीलता उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा देगी और लूजर फाइनेंशियल कंडीशन निवेश को बढ़ावा देगी। फिच के नोट के अनुसार, भारत में वार्षिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 27 में 6.3 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है और अर्थव्यवस्था अपनी क्षमता से थोड़ा ऊपर चल रही है। फिच ने कहा, हमें लगता है कि वित्त वर्ष 28 में वृद्धि दर घटकर 6.2 प्रतिशत रह जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है, हमें अब भी उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक इस वर्ष के अंत तक ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती करेगा, क्योंकि वह पहले से लागू की गई नीतिगत ढील के प्रभाव का आकलन कर रहा है और दरें 2026 के अंत तक स्थिर रहेंगी।



## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चा तेल 49 रुपये चढ़ा

**नई दिल्ली ।** कतर में हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले के बाद पश्चिम क्षेत्र में संघर्ष बढ़ने की चिंताओं के बीच बुधवार को वायदा बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 49 रुपये बढ़कर 5,593 रुपये प्रति बैरल हो गईं।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सितंबर डिलिवरी के लिए सबसे अधिक कारोबार वाले कच्चे तेल के वायदा भाव 49 रुपये या 0.88 प्रतिशत बढ़कर 5,593 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसमें 10,812 लॉट के लिए कारोबार हुआ।अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चा तेल 1.18 प्रतिशत बढ़कर 63.37 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि ब्रेंट क्रूड 1.17 प्रतिशत बढ़कर 67.17 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## यूरोपीय संघ ने 102 नए भारतीय मत्स्य प्रतिष्ठानों को निर्यात के लिए मान्यता दी

**नई दिल्ली ।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने भारत के 102 नए मत्स्य प्रतिष्ठानों को अपने सदस्य देशों को समुद्री खाद्य निर्यात के लिए मान्यता प्रदान की है। यह कदम भारत के समुद्री खाद्य उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि इस निर्णय से भारत की खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन प्रणालियों पर यूरोपीय संघ का विश्वास बढ़ा है। विशेष रूप से जलीय कृषि के झींगे और सेफेलोपोड्स जैसे स्क्विड, कटल फिश और ऑक्टोपस के निर्यात में वृद्धि होगी। इससे भारत को यूरोपीय और अन्य विदेशी बाजारों में प्रवेश के नए अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही इस उद्योग में रोजगार के अवसर भी बढ़ने की संभावना है, जो आर्थिक विकास के लिए सहायक होगा। यह कदम भारत के निर्यात क्षेत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## मास्टेक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सबसे बड़ा डिविडेंड घोषित किया

**नई दिल्ली ।** आईटी कंपनी मास्टेक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अब तक का सबसे बड़ा डिविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनी ने अप्रैल 2025 में 16 रुपए प्रति शेयर (320 फीसदी) फाइनल डिविडेंड का ऐलान किया था। डिविडेंड पाने वाले निवेशकों का चयन करने के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट 12 सितंबर 2025, शुक्रवार निर्धारित की है। इस दिन जिन निवेशकों के नाम शेयर कंपनी के रिकॉर्ड में होंगे, वे डिविडेंड के हकदार होंगे। मास्टेक का यह फाइनल डिविडेंड कंपनी की 43वीं वार्षिक आम बैठक में मंजूर किया जाएगा, जो 23 सितंबर 2025 को आयोजित होगी। एजीएम में मंजूरी मिलने के बाद डिविडेंड का भुगतान 30 दिनों भीतर निवेशकों को कर दिया जाएगा। यह कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा डिविडेंड है, जो निवेशकों के लिए खास खुशखबरी है।

## एयरफ्लोआ रेल टेक्नोलॉजी का आईपीओ 11 से खुलेगा

**नई दिल्ली।** एयरफ्लोआ रेल टेक्नोलॉजी का इश्यू जल्द खुलने वाला है। अगर आईपीओं में निवेश की योजना बना रहे है तो कंपनी का रुपए 91.10 करोड़ का यह एसएमई आईपीओ 11 सितंबर 2025 से निवेशकों के लिए खुलेगा और 15 सितंबर तक इसमें पैसा लगाया जा सकेगा। इस इश्यू का प्राइस बैंड रुपए 133 से रुपए 140 प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 18 सितंबर को बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर होने की संभावना है। ग्रे मार्केट में इस आईपीओ को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, एयरफ्लोआ रेल टेक्नोलॉजी के शेयरों का ग्रे मार्केट प्रीमियम रुपए 150 तक पहुंच चुका है। इसका मतलब है कि लिस्टिंग के समय निवेशकों को अपने निवेश पर 107 प्रतिशत से अधिक का संभावित रिटर्न मिल सकता है। कंपनी का मुख्यालय चेन्नई में है और यह भारतीय रेलवे द्वारा उपयोग किए जाने वाले रोलिंग स्टॉक के कलपुर्जों के निर्माण का काम करती है।

## उज्जीवन एसएफबी का शेयर 7.4 फीसदी बढ़ा

**बैंक का परिसंपत्ति पर रिटर्न को 1.8-2 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य**




**नई दिल्ली ।** बीएसई पर उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयर में 8 फीसदी तक तेजी आई और अंत में 7.4 फीसदी बढ़त के साथ 47.45 रुपये पर बंद हुआ। यह बढ़त बाजार के प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी के केवल 0.39 फीसदी सुधार से काफी अधिक थी। निवेशकों में बैंक की वित्त वर्ष 2030 तक की दीर्घकालिक विकास योजना को लेकर सकारात्मक उत्साह देखा गया। बैंक ने वित्त वर्ष 2030 तक को 'हाई ग्रोथ फेज' करार देते हुए सुरक्षित और विविध ऋण पोर्टफोलियो पर जोर दिया है। वर्तमान में बैंक के कुल ऋण का 46 फीसदी हिस्सा सुरक्षित ऋणों का है, जिसे बढ़ाकर 65-70 फीसदी करने का लक्ष्य रखा गया है। किफायती आवास और संपत्ति पर सूक्ष्म ऋण बैंक के दो मुख्य विकास इंजन होंगे, जिनमें लगभग 30 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर की उम्मीद है। उज्जीवन का लक्ष्य है कि वह वित्त वर्ष 2030 तक अपनी सकल ऋण बुक को 1 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ाए, जो वर्तमान में लगभग 33,300 करोड़ रुपए है। इसके साथ ही बैंक अपने जमा आधार को तीन गुना करने की योजना बना रहा है। चालू खाता बचत खाता की भागीदारी 2025 के 25.5 फीसदी से बढ़ाकर 2030 तक 35 फीसदी करने का लक्ष्य है। बैंक 400 नई शाखाएं खोलकर कुल शाखाओं की संख्या 1,150 तक ले जाएगा। बैंक ने परिसंपत्ति पर रिटर्न को 1.8-2 फीसदी और पूंजी पर रिटर्न को 16-18 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

# अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर आशावाद के बीच भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद

**मुंबई।**

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और जीएसटी को रेशनलाइज बनाने को लेकर आशावाद के चलते भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान में बंद हुआ।

कारोबार के अंत में 323.83 अंक या 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,425.15 पर बंद हुआ। आईटी और एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी के बीच 30 शेयरों वाला यह सूचकांक पिछले सत्र के 81,101.32 के बंद भाव के मुकाबले 81,504.36 पर अच्छी बढ़त के साथ खुला। सूचकांक ने दिन के कारोबार में 81,643.88 का उच्चतम स्तर छुआ।

निफ्टी 104.50 अंक या 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,973.10 पर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ताओं को लेकर नए सिरे से आशावाद ने मार्केट सेंटीमेंट को मजबूत किया है। जीएसटी को रेशनलाइज बनाने और मौद्रिक नरमी के लाभों से वित्त वर्ष 26 की दूसरी छमाही की बेहतर आय की उम्मीद, मूल्यांकन को मजबूती प्रदान कर रही है।

उन्होंने आगे कहा कि अगले सप्ताह फेड द्वारा ब्याज दरों में संभावित कटौती और टेक्नोलॉजी



खर्च में सुधार की उम्मीदों के चलते आईटी सूचकांक ने अपने बेहतर प्रदर्शन को जारी रखा।

निवेशक टैरिफ संबंधी मुद्दों के समाधान के संकेतों के लिए भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता की प्रगति पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

सेंसेक्स पैक में बीईएल, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एक्सिस बैंक, एसबीआई, एलएंडटी, आईटीसी और बजाज फिनसर्व टॉप गेनर्स रहे। वहीं, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, इटरनल और पावरग्रिड टॉप लूजर्स रहे।

अधिकांश क्षेत्रीय सूचकांकों ने सत्र का अंत सकारात्मक रुख के साथ किया। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस 161.80 अंक या 0.62 प्रतिशत, निफ्टी एफएमसीजी 359.60 अंक या 0.64 प्रतिशत और निफ्टी आईटी 927.90 अंक या 2.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। मुनाफावसूली के बीच निफ्टी ऑटो 348.55 अंक या 1.28 प्रतिशत गिर गया।

ब्रॉडर मार्केट ने भी यही रुख अपनाया। निफ्टी बैंक 319.90 अंक या 0.59 प्रतिशत, निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 130.30 अंक या 0.73 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप 100 में 535.20 अंक या 0.93 प्रतिशत और निफ्टी बैंक ने 319.90 अंक या 0.59 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

# इसरो के साथ समझौता....फिर क्या भाग पड़े हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर

**मुंबई ।**

हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के शेयर बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। बुधवार को इंट्रा डे में एचएएल का शेयर बीएसई पर 1.12 प्रतिशत चढ़कर 4,503.55 पर ट्रेड कर रहा था। दरअसल, कंपनी ने बताया कि उसने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस), न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। यह समझौता स्मॉल सैटेलाइट लांच व्हीकल (एसएसएलवी) तकनीक के लिए है।

एसएसएलवी एक तीन-स्टेज रॉकेट है, जिसे 500 किलोग्राम से कम वज़न वाले सैटेलाइट को लोअर अर्थ ऑर्बिट (लिओ) में स्थापित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस करार के तहत एचएएल पहले दो साल तक इस तकनीक को ऑब्जर्व करेगा, इसके बाद 10 साल का प्रोडक्शन फेज होगा। एचएएल ने बताया कि इस समझौते से उसे एसएसएलवी टेक्नोलॉजी का नॉन-एक्सक्लूसिव और नॉन-ट्रांसफरेबल लाइसेंस मिला है। इसमें डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, क्वालिटी कंट्रोल, इंटीग्रेशन, लांच ऑपरेशन, पोस्ट-फ्लाइट एनालिसिस डॉक्यूमेंटेशन, ट्रेनिंग और सपोर्ट शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि आगे चलकर एचएएल की जिम्मेदारी होगी कि वह एसएसएलवी का बड़े पैमाने पर उत्पादन करे, ताकि भारतीय और वैश्विक मांगों को पूरा किया जा सके।

इस ट्रांसफर के बाद अब एचएएल को लांच व्हीकल बनाने, उसका मालिकाना हक रखने और खुद ऑपरेट करने की आजादी मिल गई




है। यह कदम एचएएल की उस लंबी रणनीति से मेल खाता है, जिसमें कंपनी एक अलग स्पेस वर्टिकल खड़ा करना चाहती है। इस टेक्नोलॉजी ट्रांसफर से एचएएल सिर्फ कंपोनेंट सप्लायर से आगे बढ़कर एक पूरी लॉन्च सर्विस प्रोवाइडर और तेजी से बढ़ते छोटे सैटेलाइट मार्केट की बड़ी खिलाड़ी बन सकेगी।

पिछले एक महीने में एचएएल के शेयर लगभग फ्लैट रहे हैं, जबकि तीन महीने में इनमें 12 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, पिछले छह महीनों में इस पीएसयू डिफेंस स्टॉक ने 32 प्रतिशत की जोरदार रैली दिखाई है।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड इनफ्लो अगस्त में 33,430 करोड़ रुपए रहा, गोल्ड ईटीएफ में निवेश बढ़ा : एम्फी

**नई दिल्ली।**

इक्विटी म्यूचुअल फंड में इनफ्लो अगस्त में 33,430.37 करोड़ रुपए रहा है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की ओर से बुधवार को दी गई। एम्फी के द्वारा जारी किए गए डेटा में बताया गया कि बीते महीने लार्ज-कैप फंड्स में रिकॉर्ड 2,834.88 करोड़ रुपए का फंड आया है। मिड-कैप कैटेगरी में 5,330.62 करोड़ रुपए और स्मॉल-कैप कैटेगरी में 4,992.90 करोड़ रुपए का इनफ्लो आया है। फ्लैक्सी-कैप फंड्स में रिकॉर्ड 7,679.40 करोड़ रुपए का इनफ्लो आया है, जो कि इससे पहले के महीने में आए 7,654 करोड़ रुपए के इनफ्लो से मामूली रूप से अधिक है। गोल्ड ईटीएफ में अगस्त में 7,200 करोड़ रुपए का इनफ्लो आया है, जो कि जुलाई में 1,200 करोड़ रुपए था। मासिक आधार पर गिरावट के बावजूद, अगस्त 2025 में सकारात्मक इक्विटी प्रवाह का यह लगातार 54वां महीना था।हालांकि, म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) जून में 74.41 लाख करोड़ रुपए और जुलाई में 75.35 लाख करोड़ रुपए से थोड़ी कम होकर 75.18 करोड़ रुपए हो गया है।

# विपक्ष की नकारात्मक राजनीति और राष्ट्र-विरोधी विमर्श पर राष्ट्रवाद की जीत ने कई संदेश दिये



नीरज कुमार दुबे

**विपक्ष ने दावा किया था कि उसके सभी 315 सांसद मतदान में उपस्थित रहे और पूरा खेमे ने एकजुटता दिखायी। लेकिन नतीजे में विपक्ष 15 वोट पीछे रह गया और उतने ही वोट अमान्य घोषित हुए। इसका सीधा अर्थ यह है कि विपक्षी खेमे में या तो क्रॉस वोटिंग हुई या जानबूझकर अमान्य मत डाले गये।**

उपराष्ट्रपति चुनाव के परिणाम ने भारतीय राजनीति में कई नये संकेत दिए हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन ने विपक्षी खेमे के साझा प्रत्याशी और पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को मात देकर देश के 15वें उपराष्ट्रपति पद पर विजय हासिल की। यह विजय कई मायनों में खास है क्योंकि 452 बनाम 300 वोट का अंतर केवल एक चुनावी आँकड़ा नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की नयी दिशा की ओर इशारा करता है।

**विपक्षी एकता तार-तार**

विपक्ष ने दावा किया था कि उसके सभी 315 सांसद मतदान में उपस्थित रहे और पूरा खेमे ने एकजुटता दिखायी। लेकिन नतीजे में विपक्ष 15 वोट पीछे रह गया और उतने ही वोट अमान्य घोषित हुए। इसका सीधा अर्थ यह है कि विपक्षी खेमे में या तो क्रॉस वोटिंग हुई या जानबूझकर अमान्य मत डाले गये। यही घटना विपक्षी गठबंधन की एकता पर गहरे सवाल खड़े करती है। दरअसल, इस परिणाम ने विपक्षी दलों की आंतरिक असहमति और पारस्परिक अविश्वास को उजागर कर दिया है।

**राष्ट्रवादियों की जीत के मायने**

उधर, राधाकृष्णन ने अपनी जीत को 'राष्ट्रवादियों की जीत' बताया है। इसका सकारात्मक अर्थ यह है कि एनडीए की राजनीति केवल चुनावी अंकगणित तक सीमित नहीं है, बल्कि वह राष्ट्रवादी विचारधारा को जनता और सांसदों के बीच एक व्यापक स्वीकृति दिलाने में सफल रहा है। देखा जाये तो हाल के वर्षों में विपक्ष ने अपनी राजनीति का केन्द्र सत्ता विरोध तक सीमित कर दिया है। स्वस्थ लोकतांत्रिक विमर्श की जगह आरोप-प्रत्यारोप, नकारात्मक प्रचार और देश की संवैधानिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करने की परंपरा बनती जा रही है। संसद से लेकर न्यायपालिका और चुनाव आयोग तक, विपक्ष की ओर से लगातार यह प्रयास देखा गया है कि जनता के मन में इन संस्थानों के प्रति अविश्वास पैदा किया जाए। यही कारण है कि उपराष्ट्रपति चुनाव केवल एक पद के लिए मतदान नहीं था, बल्कि यह उस नकारात्मक राजनीति और राष्ट्र-विरोधी विमर्श के खिलाफ एक जनादेश की तरह सामने आया।

सी.पी. राधाकृष्णन की ऐतिहासिक जीत ने स्पष्ट कर दिया है कि देश की राजनीति में राष्ट्रवाद की विचारधारा ही जनता के विश्वास की धुरी है। विपक्ष भले ही इसे 'संख्या का खेल' बताने का प्रयास करे, लेकिन तथ्य यह है कि क्रॉस वोटिंग और विपक्षी खेमे में बिखराव ने उनकी एकता की पोल खोल दी। यह संदेश दूर तक गया है कि जब बात राष्ट्रहित और स्थिरता की आती है तो विपक्षी दलों के भीतर भी कई लोग एनडीए के साथ खड़े होना पसंद करते हैं।



यह जीत विपक्ष द्वारा रची जा रही उस नकारात्मक छवि को भी ध्वस्त करती है जिसमें संवैधानिक पदों को मात्र राजनीतिक उपकरण के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा था। राधाकृष्णन ने इसे राष्ट्रवाद की जीत कहा है और इसमें गहरा संदेश छिपा है। दरअसल, यह जीत उन लोगों के लिए आश्वस्ति है जो मानते हैं कि लोकतंत्र में विरोध जरूरी है लेकिन विरोध की आड़ में देश की संस्थाओं को कमजोर करना आत्मघाती है। देखा जाये तो उपराष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रवादियों की जीत विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर करारा जवाब है।

**तमिलनाडु की राजनीति पर क्या असर होगा?**

इसके अलावा, उपराष्ट्रपति पद पर सीपी राधाकृष्णन की जीत का गहरा असर तमिलनाडु की राजनीति पर भी पड़ने वाला है। तमिलनाडु लंबे समय से द्रविड़ राजनीति का गढ़ रहा है, जहां भाजपा अब तक सीमित प्रभाव ही बना पाई है। लेकिन राधाकृष्णन जैसे वरिष्ठ और लोकप्रिय नेता का इस संवैधानिक पद तक पहुँचना भाजपा और एनडीए के लिए एक मनोबलवर्धक उपलब्धि है। सबसे पहले, यह जीत भाजपा को तमिलनाडु में राजनीतिक स्वीकार्यता दिलाती है। अब भाजपा केवल 'बाहरी ताकत' नहीं, बल्कि तमिलनाडु से जुड़ा चेहरा रखने वाली राष्ट्रीय पार्टी के रूप में उभरेगी। राधाकृष्णन की साफ-सुथरी छवि और जमीनी पकड़ भाजपा को उन मतदाताओं के बीच पहुँचाने में मदद करेगी जो अब तक द्रविड़ पार्टियों के बीच उलझे रहे। जब तमिलनाडु के मतदाता देखेंगे कि उनके ही राज्य से आया एक नेता राष्ट्रीय राजनीति में इतना बड़ा पद हासिल कर रहा है, तो उन्हें भाजपा की प्रासंगिकता का अहसास होगा। यह विजय यह भी संदेश देती है कि भाजपा केवल उत्तर भारत की पार्टी नहीं है। दक्षिण भारत में भी भाजपा का राजनीतिक विस्तार संभव है। राधाकृष्णन की जीत से एनडीए को स्थानीय सहयोगी दलों के साथ तालमेल मजबूत करने में मदद मिलेगी और आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा का वोट शेयर बढ़ाने का आधार बनेगा।

देखा जाये तो तमिलनाडु में भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती डीएमके और एआईएडीएमके जैसी स्थापित द्रविड़ पार्टियां रही हैं। लेकिन उपराष्ट्रपति चुनाव ने दिखा दिया कि भाजपा अब 'किनारे की खिलाड़ी' नहीं रही, बल्कि उसकी जड़ें मजबूत हो रही हैं। यह जीत भाजपा-एनडीए कार्यकताओं को जोश से भर देगी और जनता के बीच यह संदेश जाएगा कि अगर राष्ट्रीय स्तर पर तमिलनाडु का नेता इतना बड़ा पद हासिल कर सकता है तो राज्य की राजनीति में भी भाजपा का भविष्य सुरक्षित है। राधाकृष्णन की जीत भाजपा और एनडीए के लिए तमिलनाडु विधानसभा चुनावों का मनोवैज्ञानिक और राजनीतिक पूंजी बनकर सामने आएगी, जो दक्षिण में पार्टी के विस्तार की दिशा में निर्णायक कदम साबित हो सकती है।

**क्षेत्रीय दलों ने क्या संदेश दिया?**

इसके अलावा, इस चुनाव में क्षेत्रीय दलों का रुख भी महत्वपूर्ण रहा। आंध्र प्रदेश की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने एनडीए उम्मीदवार का समर्थन किया, ओडिशा की बीजेडी और तेलंगाना की बीआरएस ने मतदान से अनुपस्थित रहकर अप्रत्यक्ष रूप से एनडीए की मदद की। यह स्थिति साफ दिखाती है कि राष्ट्रीय राजनीति में एनडीए की पकड़ मजबूत हो रही है और कई क्षेत्रीय दल अवसरवादी राजनीति की बजाय केंद्र की स्थिरता और शक्ति संतुलन के साथ खड़े होने का संकेत दे रहे हैं। यह संदेश विपक्षी खेमे के लिए और भी चुनौतीपूर्ण है।

**बिहार चुनाव पर क्या असर होगा?**

यही नहीं, उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए की इस बड़ी जीत के राजनीतिक निहितार्थ बिहार तक भी पहुँचते हैं, जहाँ निकट भविष्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। एनडीए की यह जीत विपक्षी गठबंधन की कमजोरियों को उजागर करती है और बिहार में भाजपा-जदयू की साख को और मजबूत करती है। यह परिणाम बताता है कि केंद्र से लेकर राज्य तक एनडीए अपनी पकड़ बनाये हुए है और विपक्षी दलों का 'एकजुट मोर्चा' केवल घोषणाओं तक ही सीमित है।

बहरहाल, सी.पी. राधाकृष्णन की जीत केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं है, बल्कि यह भारतीय राजनीति में एनडीए की बढ़ती धमक, विपक्षी खेमे में बिखराव और राष्ट्रवादी विचारधारा की स्वीकृति का प्रतीक है। दक्षिण में भाजपा के लिए नए अवसर खुल रहे हैं, क्षेत्रीय दल एनडीए के प्रति झुकाव दिखा रहे हैं और विपक्षी एकता का दावा खोखला साबित हुआ है। यह सब मिलकर राष्ट्रीय राजनीति में एनडीए को एक और मजबूत स्थिति में खड़ा कर देता है।

## संपादकीय

### जेन-जी की बगावत

नेपाल की राजधानी काठमांडू में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और राजनीतिक भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले कुछ लोगों की मौत होने के बाद स्थिति काबू से बाहर हो गई है। पुलिस के साथ हुई झड़पों में खुद को जेन-जी यानी युवा पीढ़ी बता रहे 22 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है। काठमांडू के अलावा पूर्वी शहर इटहरी में दो लोग मारे गए। जगह-जगह कर्फ्यू लगा है, सेना सड़कों पर है। भारी झड़प व मौतों के बावजूद प्रदर्शनकारी पीछे हटने को राजी नहीं है। गृहमंत्री रमेश लेखक के बाद अब प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने भी घटना के बाद इस्तीफा दे दिया है। सरकार की तरफ से मिले संकेतों के अनुसार जल्द ही सोशल मीडिया से बैन हटाया जा सकता है। सरकार के रवैये और भ्रष्टाचार के कथित आरोपों को लेकर युवाओं में जबरदस्त आक्रोश है। उग्र होते प्रदर्शन को देखते हुए संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास, शीतल निवास पर कर्फ्यू लगा है। अभी कुछ ही महीनों पहले नेपाल में राजशाही बहाल करने को लेकर आंदोलन हो चुका है। तब भी नाराज युवाओं द्वारा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। सरकार ने पिछले सप्ताह ही फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप जैसे छब्बीस सोशल मीडिया व मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगा दिया। सरकार का आरोप है, ये सोशल मीडिया कंपनियां कानूनों का पालन करने में कोताही कर रही हैं। चीन की सोशल मडिया कंपनी टिकटॉक द्वारा सभी नियमों का पालन किया है इसलिए उस पर प्रतिबंध नहीं लगा है। टिकटॉक पर चल रहे नेपोबेबी ट्रेंड हो रहा है, जिसमें नेताओं के बच्चों के ऐशो-आराम भरे जीवन की तस्वीरें व वीडियो वायरल किए जा रहे हैं। यह सच है कि बिला-वजह सोशल मीडिया को प्रतिबंधित करने से युवाओं में आक्रोश बढ़ना स्वाभाविक है। नेपाल में भ्रष्टाचार, रितखोरी व भाई-भतीजावाद को लेकर जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है। भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई न होने को पर भी नेपालियों में भारी निराशा है। वे देश की बदहाली के लिए राजनेताओं को दोषी मानते हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि मीडिया वास्तविकता छिपाने में सरकार का पक्षकार बन गया है। वे इसे स्वतंत्रता पर हमला मान रहे हैं। जनता की ताकत को नजरंदाज करने वालों को यह समझना होगा कि नई पीढी निरंकुशता मौन होकर नहीं बर्दाश्त कर सकती। उसे अपने अधिकारों और ताकत का अंदाजा है। नेताओं को राजशाही वाले अंदाज त्यागने होंगे।

## चिंतन-मनन

### सन्मार्ग की प्रवृत्ति

उत्तम कार्य की कार्य प्रणाली भी प्रायः उत्तम होती है। दूसरों की सेवा या सहायता करनी है, तो प्रायः मधुर भाषण, नम्रता, दान, उपहार आदि द्वारा उसे संतुष्ट किया जाता है। परन्तु कई बार इसके विपरीत क्रिया-प्रणाली ऐसी कठोर, तीक्ष्ण एवं कटु बनानी पड़ती है कि लोगों को भ्रम हो जाता है कि कहीं यह दुर्भाव से प्रेरित होकर तो नहीं किया गया। ऐसे अवसरों पर वास्तविकता का निर्णय करने में बहुत सावधानी बरतने पड़ती है। सीधे-सादे अवसरों पर सीधी-सादी प्रणाली से भली प्रकार काम चल जाता है। भूखे, प्यासे की सहायता करनी है, तो वह कार्य अन्न-जल देने के सीधे-सादे तरीके से चल जाता है। किसी दुःखी या अभावग्रस्त को अभीष्ट वस्तुएं देकर उसकी सेवा की जा सकती है। धर्मशाला, कुआं, पाठशाला, अनाथालय, औषधालय आदि द्वारा लोकसेवा की जा सकती है। ऐसे कार्य निश्चय ही श्रेष्ठ हैं और उनकी आवश्यकता व उपयोगिता सर्वत्र स्वीकारी जा सकती है। परन्तु कई बार ऐसी सेवा की भी बड़ी आवश्यकता होती है, जो प्रत्यक्ष में बुराई मालूम पड़ती है और उसे करने वाले को अपयश ओढ़ना पड़ता है। इस मार्ग को अपनाने का साहस हर किसी में नहीं होता।

दुष्ट और अज्ञानियों को उस मार्ग से छुड़ाना, जिस पर वे बड़ी ममता और अहंकार के साथ प्रवृत्त हो रहे हैं, साधारण काम नहीं है। सीधे आदमी की भूल ज्ञान से, तर्क से, समझाने से सुधर जाती है पर जिनकी मनोभूमि अज्ञानान्धकार से कलुषित हो, साथ ही जिनके पास कुछ शक्ति भी है, वे ऐसे मदान्ध हो जाते हैं कि सीधी-सादी क्रिया-प्रणाली का उन पर प्रायः कुछ असर नहीं होता। मनुष्य शरीर धारण करने पर भी जिनमें पशुत्व की प्रधानता है, दुनिया में उनकी कमी नहीं है। उन्हें ज्ञान, तर्क, नम्रता, सज्जनता, सहनशीलता से अनीति के दुःखदाई मार्ग से पीछे नहीं हटाया जा सकता। पशु केवल दो चीजें पहचानता है- एक लोभ, दूसरा भय। दाना, घास खिला उसे ललचा कर कहीं भी ले जाइए, वह पीछे-पीछे चलेगा या लाठी का डर दिखा जिधर चाहे उधर ले जा सकते हैं। भय या लोभ से अज्ञानियों को, कुमार्गगामियों को सन्मार्ग में प्रवृत्त किया जा सकता है। भय उत्पन्न करने के लिए दंड का आश्रय लिया जाता है। लोभ के लिए कोई ऐसा आकषर्ण उसके सामने उपस्थित करना पड़ता है जो आज की अपेक्षा अधिक सुखदायी हो। नशेबाजी, व्यभिचार आदि के दुष्परिणाम को बढ़ा-चढ़ाकर, बताकर कई बार उस ओर चलने वालों को इतना डरा दिया जाता है कि वे उसे स्वतः छोड़ देते हैं।

# प्रकृति की नाराजगी को नहीं समझा तो मानव अस्तित्व खतरे में



ललित गर्ग

प्रकृति अपनी उदारता में जितनी समृद्ध है, अपनी प्रतिशोधी प्रवृत्ति में उतनी ही कठोर है। जब तक मनुष्य उसके साथ तालमेल में रहता है, तब तक वह जीवन को वरदान देती है, जल, जंगल और जमीन के रूप में। लेकिन जैसे ही मनुष्य अपनी स्वार्थपूर्ण महत्वाकांक्षाओं और तथाकथित आधुनिक विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति की उपेक्षा करने लगता है, यही प्रकृति विनाश का रूप धारण कर लेती है। आज पूरे भारत में जो बाढ़, जल प्रलय और मौसम के अनियंत्रित बदलाव के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, वे केवल प्राकृतिक आपदा नहीं हैं, बल्कि हमारी गलतियों का सीधा परिणाम हैं। प्रकृति के इस रौद्र रूप के पीछे महज संयोग या 'कुदरत की नाराजगी' को जिम्मेदार ठहराना पर्याप्त नहीं है। यह आपदाएं सीधे-सीधे जलवायु परिवर्तन, वनों की अंधाधुंध कटाई और अनियंत्रित विकास मॉडल का परिणाम हैं। पहाड़ों का पारिस्थितिकी तंत्र अत्यंत संवेदनशील होता है, लेकिन नीतिनिमार्ताओं ने पहाड़ों के विकास को मैदानी मॉडल पर ढालने की कोशिश की। बड़े-बड़े होटल, अव्यवस्थित सड़कें, बांध, खनन और निर्माण ने पहाड़ों की नाजुक संरचना को हिला दिया। जब जंगल काटे जाते हैं तो वर्षा का पानी भूमि में समाने के बजाय सीधे तेज धाराओं के रूप में बहने लगता है। यही बाढ़ और भूस्खलन का बड़ा कारण बनता है, इसी से भारी तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है, देश के बड़े हिस्से में जन-जीवन अस्त-व्यस्त है, लाखों हेक्टेयर फसलें जनमग्न है, जान-माल का नुकसान भी बड़ा हुआ है, भारी आर्थिक नुकसान ने घना अंधेरा बिखेर दिया है। चारों ओर चिन्ताओं एवं परेशानियों के बादल मंडरा रहे हैं। आज की बाढ़ और जल प्रलय केवल पानी का उफान नहीं, बल्कि हमारी गलतियों का आईना है। यह प्रकृति का प्रतिशोध है, उसकी चेतावनी है कि यदि अब भी नहीं चेते तो भविष्य और भी विकराल होगा। महात्मा गांधी ने कहा था-'प्रकृति हर किसी की आवश्यकता पूरी कर सकती है, लेकिन किसी के लालच को नहीं।' यही सच्चाई है। यदि हमने संतुलन नहीं सीखा, तो यह विनाशकारी दृश्य आने वाले वर्षों में और भयावह होंगे। लेकिन यदि हमने चेतावनी को अवसर माना, तो प्रकृति फिर से मां की तरह हमें संभाल लेगी। जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो उसका प्रकोप कितना घातक और विनाशकारी हो सकता है, यह इस वर्ष की मूसलाधार मानसूनी बारिश एवं बादल फटने की घटनाओं ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। सामान्यतः जल जीवन का आधार है, लेकिन जब वही जल अपनी मयार्दा तोड़कर प्रलयंकारी रूप में आता है तो घर, खेत, सड़क, पुल, मंदिर-मस्जिद और मानवीय जीवन तक बहाकर ले जाता है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के पहाड़ी राज्य इस समय प्रकृति के ऐसे ही कहर का दंश झेल रहे हैं। बादल फटने की अप्रत्याशित घटनाएं, पहाड़ों से टूटते हिमखंड, अचानक बहते मलबे और बेकाबू नदियों का सैलाब-ये सब मिलकर भयावह परिदृश्य खड़ा कर रहे हैं। वनों की कटाई ने न केवल भूमि की जलधारण क्षमता घटाई है, बल्कि स्थानीय जलवायु चक्र को भी प्रभावित किया है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान बढ़ा है, जिससे पहाड़ी इलाकों में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और अप्रत्याशित समय पर अत्यधिक वर्षा हो रही है। यही कारण है कि बादल फटने जैसी घटनाएं पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गई हैं। पहाड़ों की बस्तियां, जो कभी प्राकृतिक संतुलन में जीती थीं, अब मानवजनित गतिविधियों की मार झेल रही हैं। दरअसल, समस्या का मूल यह है कि हमने विकास की परिभाषा को केवल कंक्रीट और मशीनों से जोड़ दिया है। पर्यावरणीय संतुलन और पारिस्थितिकीय संवेदनशीलता को दरकिनार कर योजनाएं बनाई गईं। इसी का परिणाम है कि जब आपदा आती है तो न तो हमारी चेतावनी प्रणाली पर्याप्त साबित होती है और न ही प्रशासन की तैयारियां। सर्वोच्च न्यायालय में हिमाचल सरकार ने यह स्वीकार भी किया है कि अब तक अपनाए गए उपाय अपर्याप्त हैं। यह स्वीकारोक्ति बताती है कि समस्या कितनी गंभीर है। भारत की नदियाँ कभी जीवन का स्त्रोत मानी जाती थीं। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, गोदावरी जैसी नदियों के किनारे सभ्यताएँ पली-बढ़ीं। लेकिन आज वही नदियाँ मौत का पैगाम बनकर आती हैं। कारण है उनके प्राकृतिक प्रवाह में मानवीय हस्तक्षेप-बेतरतीब बांध, अतिक्रमण, नालों में बदल चुकी धारा और किनारों पर बसी बस्तियाँ। भारत में हर साल औसतन 1,600 लोग बाढ़ से मारे जाते हैं और लगभग 75 लाख लोग प्रभावित होते हैं। फसलें तबाह होती हैं, पशुधन मरता है और अरबों रुपए की आर्थिक क्षति होती है। केवल 2023 में उत्तराखंड, हिमाचल और दिल्ली में आई बाढ़ से 60,000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में मौसम का पैटर्न पूरी तरह बिगड़ चुका है। मानसून जो पहले जून से सितंबर तक नियमित हुआ करता था, अब अनिश्चित और असमान हो गया है। कभी 24 घंटे में महीनों की बारिश हो जाती है, तो कभी लंबे सूखे का दौर देखने को मिलता है। 2013 की केदारनाथ त्रासदी ने पहाड़ों में अंधाधुंध निर्माण की पोल खोल दी। 2023 में दिल्ली में यमुना का 45 साल का रिकॉर्ड टूटना इस बात का संकेत है कि शहर जलवायु परिवर्तन और अव्यवस्थित शहरीकरण के सामने पूरी तरह असुरक्षित हो चुके हैं। देश के लगभग हर हिस्से में जल प्रलय की कहानियाँ देखी जा सकती हैं। उत्तराखंड और हिमाचल में पहाड़ टूट रहे हैं, भूस्खलन से गांव उजड़ रहे हैं। बिहार और असम में बाढ़ हर साल लाखों लोगों को बेघर कर देती है। दिल्ली और मुंबई जैसे आधुनिक महानगर भी जलजमाव से पंगु हो जाते हैं। राजस्थान जैसे रेगिस्तानी राज्य में भी अनियंत्रित बारिश और बाढ़ का नया खतरा मंडरा रहा है। सड़कों पर नावें चल रही हैं, पुल बह गए हैं, खेत-खलिहान जलमग्न हैं। यह नजारा केवल विनाश का नहीं, बल्कि हमारी नासमझी का प्रमाण है। प्रकृति बार-बार संकेत देती है कि संतुलन ही जीवन का आधार है, लेकिन हमने उसकी सीमाओं को लांघ दिया है। पहाड़ों को खोखला कर सुरंगें और सड़कें बनाई गईं। जंगलों को काटकर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए। नदियों को उनके मार्ग से हटाकर कृत्रिम रास्तों में बांध दिया गया। आज जब बादल फटते हैं या नदियाँ बेकाबू होती हैं, तो यह केवल आपदा नहीं बल्कि प्रकृति का प्रतिशोध है।

अब सवाल यह है कि इस संकट से निपटें कैसे। केवल राहत और मुआवजा देना समाधान नहीं है। आवश्यकता है दीर्घकालिक और ठोस कदम उठाने की। हमें जंगल बचाने होंगे, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करना होगा, शहरी योजनाओं में जलनिकासी और हरियाली को महत्व देना होगा, पर्वतीय विकास में संयम लाना होगा और सबसे बढ़कर जनजागरूकता फैलानी होगी ताकि लोग समझ सकें कि पर्यावरण की रक्षा ही उनके जीवन की रक्षा है। जरूरत है कि आपदाओं को केवल 'प्राकृतिक' न मानकर उन्हें 'मानव निर्मित' एवं सरकार की गलत नीतियों की आपदाएं' भी समझा जाए। इसका अर्थ है कि इनका समाधान केवल राहत और बचाव तक सीमित न रहकर दीर्घकालिक रणनीति से जुड़ा होना चाहिए। विशेषज्ञों की राय, वैज्ञानिक अध्ययन और स्थानीय समुदायों के अनुभवों को मिलाकर ऐसी नीतियां बननी चाहिएं, जो पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना और पारिस्थितिकी को ध्यान में रखें। प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति हमें चेतावनी दे रही है कि यदि हमने समय रहते संतुलित विकास का मार्ग नहीं चुना तो भविष्य और अधिक भयावह होगा। पूर्व चेतावनी प्रणाली को सशक्त बनाना, पहाड़ी राज्यों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाना, आपदा प्रबंधन तंत्र को त्वरित और प्रभावी बनाना, और सबसे बढ़कर-वनों एवं प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना, यह सब आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

# एशियाई हॉकी : पूरी लय में है भारतीय टीम



मनोज चतुर्वेदी

भारतीय हॉकी टीम राजगीर में एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप होने से कुछ पहले तक उसे अच्छे प्रदर्शन के लिए याद नहीं किया जा रहा था।

वैसे भी भारतीय टीम फाइनल जैसे महत्त्वपूर्ण मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नहीं जानी जाती है, लेकिन इस चैंपियनशिप के फाइनल में पिछली चैंपियन दक्षिण कोरिया के खिलाफ भारत ने जिस तरह का प्रदर्शन किया, उससे लगने लगा है कि टीम फिर से ऊंचाइयों की तरफ बढ़ने के लिए तैयार है। भारत ने दक्षिण कोरिया पर 4-1 से जीत पाकर चौथी बार एशिया कप खिताब ही नहीं जीता बल्कि अगले साल अगस्त में नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया।

भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग में खराब प्रदर्शन के बाद यहां आई थी। इस लीग के आखिरी यूरोपीय चरण में भारत ने आठ में से सात मैच हारकर बेहद निराश कर दिया था। इस प्रदर्शन की वजह से टीम नौ टीमों की लीग में आठवें स्थान पर रही। वह रेलीगेट होने से एक स्थान से बच गई। इसकी वजह से पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक दिलाने वाले कोच क्रेग फुल्टोन की काबिलियत पर भी सवाल उठने लगे थे। एशिया कप में भारत के शुरूआती प्रदर्शन से स्थिति और बिगाड़ दी।

इन प्रदर्शनों को देखने से भारत की क्षमता पर संदेह व्यक्त किया जाने लगा, लेकिन भारत ने सुपर फोर में चीन के खिलाफ और फिर फाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन से अपनी फिर से धमक बना दी। भारतीय कोच एफआईएच प्रो लीग में भारतीय प्रदर्शन के बारे में कहते हैं कि इसमें खेले तो अच्छा पर नतीजे अच्छे नहीं निकाल सके। फुलटोन ने कहा, ह्यहम एफआईएच प्रो लीग में खेले तो अच्छा पर परिणाम अच्छे नहीं निकाल सके। पर हमने इसके बाद खामियों पर काम किया।

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हाल-फिलहाल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सही मायनों में इस ऑस्ट्रेलियाई दौरे ने ही एशिया कप की सही तैयारी कराकर जीत में अहम भूमिका निभाई। अब इस प्रदर्शन के बाद देश के हॉकीप्रेमी फिर से उत्साहित हो गए हैं और उन्हें टीम पर भरोसा बन गया है कि हम फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झंडे गाड़ेंगे। भारत ने चीन हो या दक्षिण कोरिया दोनों के ही खिलाफ आक्रामक अंदाज में शुरूआत करके पहले कुछ मिनटों में गोल जमाकर खेल पर दबदबा बनाने की रणनीति अपनाई और यह रणनीति कारगर साबित हुई।

हरमनप्रीत की अगुआई वाला डिफेंस हो या अभिषेक की अगुआई वाली अग्रिम पंक्ति बहुत दमदार नजर आई। हरमनप्रीत का हमलों में आगे तक जाना और अभिषेक का डिफेंस के समय सर्किल में रहना टीम की फिटनेस का बताता है। वहीं जर्मनप्रीत, हार्दिक सिंह की अगुआई वाली हाफ लाइन भी गेंद को लगातार आगे रखने में सक्षम नजर आई। भारतीय टीम यदि इसी तरह खेलती रही, तो बहुत संभव है कि 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में पदक का रंग बदल जाए और अगले साल विश्व कप में भारतीय टीम पोडियम पर चढ़ती नजर आए। भारतीय टीम इस चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार करती नजर आई। आखिर में वह एक इकाई के तौर पर खेलती दिखी। क्रेग फुल्टोन के कोच के रूप में आने के बाद भारतीय टीम एरियल पासों का इस्तेमाल करने लगी है। आमतौर पर एशिया की टीमें एरियल पासों वाले खेल को कम ही खेलती दिखती रहीं हैं। पर भारतीय टीम का अब यह भी प्रमुख अस्त्र बन गया है। इस मामले में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने महारत हासिल कर ली। उनके नपे-तुले स्कूपों पर कई बार प्रतिद्वंद्वी ठगे से नजर आए। दक्षिण कोरिया भी इस खूबी की वजह से मैच में अधिकांश समय बचाव करती नजर आई।





भारतीय कप्तान हरमनप्रीत वैसे तो किसी तारीफ के मोहताज नहीं हैं। वह पिछले पेरिस ओलंपिक में सर्वाधिक गोल जमाने वाले रहे हैं। वह अनुभव के साथ निरंतर निखरते नजर आ रहे हैं। पेनल्टी कॉर्नरों पर गोल जमाने में तो वह महारत रखते ही हैं। साथ ही हमले बनाने में भी उनकी अहम भूमिका रहने लगी है। भारत का पहले मिनट में खाता खुलवाने में भी उनकी भूमिका अहम रही। उन्होंने पहले ही मिनट में कोरियाई डिफेंस को छकाते हुए सर्किल में खड़े सुखजीत को पास दिया और उन्होंने रिवर्स शॉट से गोल भेद दिया। भारत के चौथे गोल को जमाया भले ही अमित रोहिदास ने पर इसमें भी हरमनप्रीत की भूमिका बेहद खास रही। क्रेग फुलटोन ने कहा, ह्यमैंने पहले कहा था कि हम एशिया में नंबर एक बनना चाहते हैं और टीम में गहराई लाना चाहते हैं। हमें लगता है कि हम वहां पहुंच रहे हैं। हमने अच्छी तैयारी की और अच्छा प्रदर्शन किया। टीम के खिलाड़ी बेहद समझदार हैं। इसलिए वह जो भी कोशिश करते हैं, उसे अंजाम तक पहुंचाते हैं। हम विरोधी टीम के साथ अपनी टीम पर भी बहुत होम वर्क करते हैं और यह उसका ही परिणाम है भारत के विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने से अब उन्हें इसकी तैयारी के लिए पूरा एक साल मिलेगा। इसका हम सही उपयोग कर सकें तो 1975 के बाद पहली बार भारत खिताब की उम्मीद कर सकता है।

(लेख में विचार निजी हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध सामग्री की आशंका में खाली कराया गया लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट

**लंदन, एजेंसी।** लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट पर खतरनाक सामग्री होने की आशंका के मद्देनजर सोमवार को एक टर्मिनल को खाली करा दिया गया। हीथ्रो के प्रवक्ता ने बताया कि टर्मिनल-4 पर चेक-इन एरिया को बंद किया गया है। आपातकालीन सेवाओं के सक्रिय होने तक उसे खाली कराया गया है। अग्निशमन विभाग ने बताया कि एहतियात के तौर पर टर्मिनल को खाली कराया गया। यात्रियों से टर्मिनल तक नहीं आने का अनुरोध किया गया है। अन्य सभी टर्मिनल चालू थे।

### ब्रिटेन की नई गृह सचिव प्रवासन पर सख्त

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली सरकार में नई गृह मंत्री बनीं शबाना महमूद ने सोमवार को कड़ा रुख अपनाते का एलान किया। उन्होंने कहा कि जो देश अवैध प्रवासियों को वापस लेने से इनकार करेंगे, उनके लिए वीजा निलंबित किए जा सकते हैं। लंदन में आयोजित फाइव आइज बैठक (ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, कनाडा) में देशों पर अपने नागरिकों को स्वीकारने का दायित्व सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। महमूद ने कहा कि जिनका यूके में रहने का अधिकार नहीं है, उन्हें निर्वासित किया जाएगा। उन्होंने सीमा सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताते हुए चेतावनी दी कि असहयोगी देशों के खिलाफ वीजा कटौती जैसे कदम उठाए जाएंगे।

### टिकटॉक पर आपत्तिजनक वीडियो डालने वाला युवक पाकिस्तान में गिरफ्तार

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पुलिस ने टिकटॉक में आपत्तिजनक वीडियो साझा करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध की पहचान अब्दुल मुगीज के रूप में हुई है। पुलिस के प्रवक्ता लिकायत अली ने बताया कि मुगीज महिलाओं के कपड़े पहनता था, तरह-तरह के भद्दे पोज और वीडियो बनाता था। इन गतिविधियों से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश था। कई शिकायतें मिलने के बाद बामखेल पुलिस चौकी ने मुगीज के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### पाकिस्तान में पीटीआई ने 12 विधायकों को पार्टी से निकाला

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने गिलगित-बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री गुलबर खान और 11 अन्य विधायकों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इन पर अलग गुट बनाने का आरोप है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी से निकाले गए लोगों में खान के अलावा अब्दुल हमीद, हाजी शाह बेग, मुश्ताक अहमद, सैयद अमजद अली जैदी, शमसुल हक लोन, दिलशाद बानो, राजा नासिर अली खान, सुरैया जमान, राजा आजम खान अमाचा और राजा फजल रहीम शामिल हैं।

### कोलंबिया में विद्रोहियों ने फिर किया 45 सैनिकों का अपहरण

**बोगोटा , एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिमी कोलंबिया में एक विद्रोही समूह के प्रभाव वाले क्षेत्र में 600 लोगों ने मिलकर 45 सैनिकों का अपहरण कर लिया गया। ये सैनिक यहां प्रतिबंधित कोको के स्थान पर दूसरी फसल लगवाने का काम कर रहे थे। इससे पहले अगस्त में विद्रोहियों ने 33 सैनिकों का अपहरण किया था। सेना ने रविवार को एक बयान में कहा कि यह घटना काउका विभाग के मीके कैन्यन में हुई। यह क्षेत्र कोका पत्ती की फसलों के लिए जाना जाता है और वर्तमान में एक विद्रोही गुट का गढ़ है।

पूर्व अमेरिकी सांसद जॉन बर्टन का 92 की उम्र में निधन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अपने बेबाक अंदाज के लिए विख्यात पूर्व अमेरिकी सांसद जॉन बर्टन का रविवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। उनके परिजनों ने बताया कि बर्टन की सान फ्रांसिस्को में स्वाभाविक मौत हुई। डेमोक्रेट बर्टन ने मजदूर वर्ग के लिए आवाज उठाई और पूर्व अमेरिकी हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी सहित कई लोगों का राजनीति में मार्गदर्शन किया।

### नॉर्वे में कड़े मुकाबले में जीती लेबर पार्टी, चार साल और सरकार का नेतृत्व करेंगे पीएम जोनास स्टोरे

**ओस्लो, एजेंसी।** नॉर्वे के आम चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और सत्ताधारी लेबर पार्टी ने एक बार फिर जीत हासिल की है। हालांकि लेबर पार्टी को बेहद कड़े मुकाबले में जीत हासिल हुई। नॉर्वे के प्रधानमंत्री और लेबर पार्टी के नेता जोनास गार स्टोरे ने जीत का एलान किया। लेबर पार्टी ने टैक्स और जनकल्याणकारी नीतियों का डर दिखाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में किया, आम चुनाव के दौरान मतदाताओं के रुझान ने भी बता दिया कि नॉर्वे में भी आने वाले समय में दक्षिणपंथी पार्टियां सत्ता पर काबिज हो सकती हैं।

# अफगानिस्तान में भीषण भूकंप से 49 गांवों में 5230 घर तबाह, 362 गांवों तक नहीं पहुंच सकी यूएन की मदद

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अफगानिस्तान के पहाड़ी इलाकों में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 49 गांवों में 5230 घर पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं और 672 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। लेकिन 441 प्रभावित गांवों में से 362 गांवों तक अभी तक राहत और बचाव टीमें पहुंच ही नहीं पाई हैं।



**31 अगस्त को आया था विनाशकारी भूकंप :** बता दें कि, यह भूकंप 31 अगस्त को आया था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 मापी गई। अब तक कम से कम 2,200 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे-जैसे मलबे से शव निकाले जाएंगे, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि इस आपदा से लगभग पांच लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें आधे से अधिक बच्चे हैं। इनमें कई ऐसे शरणार्थी भी शामिल हैं जिन्हें हाल ही में पाकिस्तान और ईरान से जबरन वापस भेजा गया था।

**राहत कार्य में बड़ी मुश्किलें :** यूएन की अफगानिस्तान स्थित मानवीय सहायता प्रमुख शैनन ओहारा ने बताया कि पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण राहत टीमों के लिए प्रभावित गांवों तक पहुंचना बेहद कठिन हो गया है। उन्होंने कहा कि जलगांवाबाद शहर से भूकंप के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके तक पहुंचने में उन्हें साढ़े छह घंटे का समय लगा, जबकि यह दूरी केवल 100 किमी है। रास्ता एक संकरी पहाड़ी सड़क है, जो कई जगहों पर भूस्खलन से गिरे बड़े पत्थरों से बंद हो चुकी है। इसी रास्ते से ही मानवीय सहायता से लदे ट्रक भी ऊपर-नीचे जा रहे हैं, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो रही है।

**पैदल लौट रहे हैं घायल और भूकंप पीड़ित :** ओहारा ने बताया, जब हम भूकंप के केंद्र की ओर जा रहे थे, तभी हमें कई परिवार पैदल लौटते मिले। वे केवल वही सामान ले जा पा रहे थे, जो अपने हाथों में उठा सकते थे। कई लोग उसी रात के कपड़ों में थे, जब भूकंप आया था। मां-पिता अपने घायल बच्चों को गोद में लिए हुए थीं, जिनके शरीर पर ताजे पट्टे बंधे थे।

**पूरे गांव मिट गए, लाशों की बदबू फैली :** जैसे-जैसे राहत टीम केंद्र की तरफ बढ़ी, तबाही का मंजर और भयावह होता गया। कई गांव पूरी तरह मिट्टी में दब गए हैं। जगह-जगह मरे हुए जानवरों की सड़ती लाशों की बदबू फैली हुई है। जिन परिवारों के घर तबाह हो गए, वे भीड़भाड़ वाले टेंटों में रह रहे हैं, जबकि कई लोग खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं। बारिश और ठंडी हवाएं उनकी परेशानी और बढ़ा रही हैं।

**पानी और स्वच्छता की गंभीर समस्या :** ओहारा ने चेतावनी दी कि स्थिति बेहद नाजुक है। पीने के लिए साफ पानी उपलब्ध नहीं है। स्वच्छता की कोई व्यवस्था नहीं है। शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि 92% गांव खुले में शौच करते हैं। इस क्षेत्र में पहले से ही हैजा बीमारी आम है। ऐसे में महामारी फैलने का खतरा बहुत ज्यादा है। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को तुरंत साफ पानी, भोजन, टेंट, शौचालय और गर्म कपड़े चाहिए। सर्दियों की पहली बर्फबारी अक्तूबर के आखिर में शुरू हो जाएगी, जिसके बाद इन गांवों तक पहुंचना लगभग असंभव हो जाएगा। ओहारा ने कहा, अगर अभी तुरंत कदम नहीं उठाए गए, तो बरसात के कारण फ्लैश फ्लड आ सकते हैं, जो शिविरों को बहा ले जाएंगे। लगातार आफ्टरशॉक्स से भूस्खलन हो सकता है, जिससे राहत मार्ग पूरी तरह बंद हो जाएंगे। और अगर बर्फबारी शुरू हो गई, तो इन गांवों तक पहुंचना नामुमकिन हो जाएगा। अगर हम अभी नहीं चेते, तो ये लोग आने वाली सर्दी में जिंदा नहीं बच पाएंगे। संयुक्त राष्ट्र मंगलवार को एक आपातकालीन फंडिंग अपील जारी करेगा ताकि राहत कार्यों के लिए तुरंत पैसा इकट्ठा किया जा सके।

# रेप केस में ट्रंप को बहुत बड़ा झटका, 83 मिलियन डॉलर के हर्जाने का फैसला बरकरार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** न्यूयॉर्क स्थित 2 यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स ने सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका दिया। अदालत ने ट्रंप की उस अपील को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने पत्रकार और लेखिका ई. जीन कैरोल को दिए गए 83.3 मिलियन डॉलर (करीब 693 करोड़ रुपये) के हर्जाने को रद्द करने की मांग की थी। 81 वर्षीय ई. जीन कैरोल इले मैगजीन की पूर्व कॉलमिस्ट रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि 1990 के दशक में ट्रंप ने न्यूयॉर्क के एक डिपार्टमेंट स्टोर के ड्रेसिंग रूम में उनका रेप किया था। ट्रंप ने इन आरोपों को 2019 में नकार दिया था और एक रिपोर्टर से कहा था कि कैरोल मेरे टाइप की नहीं हैं और उन्होंने अपनी किताब बेचने के लिए यह कहानी गढ़ी है। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने अपने आदेश में कहा, जूरी द्वारा दिए गए हर्जाने का फैसला इस मामले की असाधारण और गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए उचित है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि ट्रंप इस मामले में राष्ट्रपति पद की इम्युनिटी (छूट) का दावा नहीं कर सकते। ट्रंप ने तर्क दिया कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के 2024 के फैसले के अनुसार उन्हें व्यापक क्रिमिनल इम्युनिटी मिली है, जो सिविल मुकदमों पर भी लागू होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 2019 में



उनके बयान राष्ट्रपति के आधिकारिक कर्तव्यों का हिस्सा थे और यदि इस पर इम्युनिटी नहीं दी गई तो कार्यपालिका शाखा कमजोर हो जाएगी। लेकिन कोर्ट ने इन सभी दलीलों को खारिज कर दिया। मई 2023 में एक अन्य जूरी ने ट्रंप को 5 मिलियन डॉलर (लगभग 42 करोड़ रुपये) हर्जाना देने का आदेश दिया था। जून 2024 में 2ठ्ठस्र सर्किट कोर्ट ने उस फैसले को भी बरकरार रखा। जनवरी 2024 में आए 83.3 मिलियन डॉलर के फैसले में से 18.3 मिलियन डॉलर कैरोल की भावनात्मक और प्रतिष्ठा की क्षति के लिए तथा 65 मिलियन डॉलर दंडात्मक हर्जाने के रूप में शामिल थे। वाइट हाउस और ट्रंप के वकीलों ने इस फैसले पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इसी साल जून में कैरोल ने अपनी नई किताबनाट माय टाइप वन वुमेन वर्सेस ए प्रसीडेंट प्रकाशित की, जिसमें उन्होंने ट्रंप के खिलाफ अपने कानूनी संघर्षों का विस्तार से वर्णन किया है।

# उत्तर कोरिया में नए आईसीबीएम रॉकेट इंजन का परीक्षण, किम जोंग उन भी रहे मौजूद

**सियोल, एजेंसी।** दुनियाभर के कई देशों मे चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच उत्तर कोरिया से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक नए इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) इंजन के परीक्षण का निरीक्षण किया। यह इंजन ठोस ईंधन से चलता है और 1,971 किलोन्यूटन की ताकत पैदा करता है, जो पिछले मॉडलों से कहीं ज्यादा शक्तिशाली है। मामले में उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, यह इस इंजन का नौवां और अंतिम ग्राउंड टेस्ट था। इसे कार्बन फाइबर से बनाया गया है और इसका इस्तेमाल भविष्य के मिसाइल सिस्टम जैसे ह्वासोंग-20 में किया जाएगा। ये नया इंजन ठोस ईंधन से चलता है, जिसे छिपाना और तुरंत लॉन्च करना आसान होता है, जबकि पुराने मिसाइलें तरल ईंधन पर आधारित थीं, जिन्हें तैयार करने में ज्यादा वक्त लगता था। ऐसे में इस नए इंजन उत्तर कोरिया की मिसाइल तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमता में तेजी आएगी। कुल मिलाकर उत्तर कोरिया पहले ही ऐसी मिसाइलें टेस्ट कर चुका है जो अमेरिका तक पहुंच सकती हैं, लेकिन अब किम मल्टी-वारहेड सिस्टम बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, जिससे मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा देना आसान होगा। परीक्षण के बाद किम जोंग उन ने इसे आंखें खोल देने वाली प्रगति बताया। साथ ही कहा कि यह उत्तर कोरिया की परमाणु ताकत को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव है। बता दें कि 2019 में अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता विफल होने के बाद से किम ने बार-बार मिसाइल परीक्षण कर अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया है। ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि किम का मकसद अमेरिका पर दबाव बनाना है ताकि उसे परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता मिले और उसे आर्थिक व रणनीतिक छूट मिल सके। गौरतलब है कि किम जोंग उन हाल ही में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मिले। उन्होंने रूस को यूक्रेन युद्ध में मदद के लिए सैनिक और सैन्य उपकरण भेजे हैं। बीजिंग यात्रा के दौरान किम ने द्वितीय विश्व युद्ध की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित सैन्य परेड में हिस्सा भी लिया।

# यूनुस सरकार ने लगाया दुर्गा पूजा मंडपों के आसपास मेलों पर प्रतिबंध

**ढाका, एजेंसी।** अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सबसे बड़े धार्मिक उत्सव दुर्गा पूजा से पहले बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने सोमवार को घोषणा करते हुए कहा कि इस बार देशभर के दुर्गा पूजा पंडालों के पास मेले लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने ये भी कहा कि इन मेलों में अक्सर नशीली दवाओं और शराब के सेवन जैसी असामाजिक गतिविधियां देखी जाती हैं।



सलाहकार ने कहा कि मेले के दौरान असामाजिक तत्व इकट्ठा होकर गांजा और शराब का सेवन करते हैं, जिससे शांति-व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस बार मेले की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, पूजा उत्सव समितियों की अनुमति से एक-दो दुकानें लगाई जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि पूजा समितियों ने इस निर्णय पर कोई आपत्ति नहीं जताई है और उन्होंने विश्वास जताया है कि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होगा। इस साल देशभर में हजारों दुर्गा पूजा पंडाल लगाए जाने की संभावना है। सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए प्रशासन ने एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन भी तैयार किया है, जिसके जरिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तुरंत संपर्क साधा जा सकेगा। गृह सलाहकार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भक्तजन निर्भय होकर उत्सव में भाग ले सकें और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। उल्लेखनीय है कि दुर्गा पूजा बांग्लादेश में हिंदू समुदाय का सबसे बड़ा धार्मिक पर्व है, जिसमें लाखों लोग शामिल होते हैं। 33,000 मंडपों में होगी पूजा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम गृह सलाहकार ने बताया कि इस साल देशभर में लगभग 33,000 पूजा मंडप स्थापित किए जाएंगे। उत्सव के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मंडपों पर 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए पर्याप्त संख्या में अंसार बल तैनात किए जाएंगे, जबकि सीमावर्ती क्षेत्रों में मंडपों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीमा सुरक्षा बल (बीजीबी) को सौंपी गई है। इसके अलावा, पुलिस, रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी), और सशस्त्र बल भी शांतिपूर्ण उत्सव सुनिश्चित करने में सहयोग करेंगे। चौधरी ने आयोजकों को प्रत्येक मंडप पर दिन में तीन और रात में चार व्यक्तियों को तैनात करने का निर्देश दिया है ताकि 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और अफवाहों पर नियंत्रण के लिए एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। मूर्ति विसर्जन के लिए सख्त नियम मूर्ति विसर्जन की प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए गृह सलाहकार ने निर्देश दिया कि मूर्तियों का विसर्जन एक-एक करके और कतारबद्ध तरीके से किया जाए।

# ये हमारी राजधानी पर भयानक आतंकी हमला, यरुशलम गोलीबारी पर इस्राइल की कड़ी प्रतिक्रिया

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल ने यरुशलम गोलीबारी की निंदा करते हुए, इसे अपनी राजधानी पर भयावह आतंकी हमला करार दिया। इस्राइली सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि ऐसी घटनाएं उनके देश में पहले हुए अत्याचारों की याद दिलाती हैं। दो फलस्तीनी हमलावरों ने सोमवार को यरुशलम के एक व्यस्त चौराहे पर गोलीबारी की, जिसमें छह इस्राइली नागरिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हैं। हमले के तुरंत बाद ही दोनों हमलावरों को ढेर कर दिया गया।

यरुशलम में हुआ हमला एक चेतावनी इस्राइल के वित्त मंत्रालय में महालेखाकार याली रोथेनबर्ग ने कहा, जहां गोलीबारी हुई, मैं उस बस स्टॉप को जानता हूं, और मेरे एक कर्मचारी की मां उस हमले में मारी गई हैं। याली रोथेनबर्ग इस समय भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए एक चेतावनी है कि हम उन चरमपंथियों से बचें, जो ये अमानवीय कृत्य करते हैं, जो हमारी हर चीज का विरोध करते हैं। इस्राइल में और भारत में भी, हम इस तरह के रिश्ते में भागीदार हैं। जब हम इन चीजों को देखते हैं, तो हमें इस्राइल में हाल ही में और लगभग दो साल पहले हुए अत्याचारों की याद आती है। मानवता की भलाई के लिए, हमारा इससे लड़ने का आह्वान है। रोथेनबर्ग वर्तमान में इस्राइली वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होकर भारत का दौरा कर रहे हैं। भारत और इस्राइल के बीच पारस्परिक निवेश और आर्थिक सहयोग बढ़ाने को लेकर समझौता हुआ है। इस्राइल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा, यह वह बुराई है जिसका इस्राइल सामना कर रहा है। दो आतंकवादियों ने यरुशलम में एक बस पर गोलीबारी की, यात्रियों, राहगीरों और पहुंच में आने वाले लोगों को निशाना बनाया। हमले में छह लोग मारे गए। एक दर्जन से ज्यादा घायल हुए। इस्राइल जो युद्ध लड़ रहा है वह उन सभी के लिए है जो आतंक के खिलाफ खड़े हैं।

इस्राइली विदेश मंत्री बोले- दुनिया के देश फैसला करें कि आप इस्राइल के साथ या जिहादियों के साथ इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने यरुशलम हमले को लेकर कहा कि हम कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में हैं। यूरोप, अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हर देश को फैसला करना होगा कि क्या वे इस्राइल के साथ हैं या फिर जिहादियों के साथ? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस्राइल में हुए आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति अपनी शून्य सहनशीलता की नीति पर अडिग है। प्रधानमंत्री ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को टैग करते हुए एक्स पर कहा, भारत आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करता है और आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की अपनी नीति पर दृढ़ है।

# ब्रिटिश सांसद ने कहा- बलात्कारी पाकिस्तानियों को बाहर निकालो



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में इन दिनों पाकिस्तानी मूल के बलात्कारियों और अपराधियों को लेकर तीखी बहस देखने को मिल रही है। एक सांसद ने ब्रिटिश सरकार से मांग करते हुए कहा है कि सभी पाकिस्तानी अपराधियों को देश से बाहर निकाला जाना चाहिए। ग्रेट यारमाउथ से सांसद रूपर्ट लोव ने कहा है कि किसी भी पाकिस्तानी को वीजा नहीं देना चाहिए। रूपर्ट ने पिछले लंबे समय से ब्रिटेन में आने वाले पाकिस्तानी मूल के लोगों के खिलाफ अभियान छेड़ा हुआ है।

उन्होंने हाल ही में एक जांच रिपोर्ट शेयर की थी जिससे ब्रिटेन में सनसनी फैल गई। सांसद ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि देशभर में ऐसे 85 इलाके हैं, जहां पाकिस्तानी बलात्कारियों का गैंग सक्रिय है और भोली-भाली बच्चियों को शिकार बनाता रहा है। निर्दलीय सांसद रूपर्ट लोव द्वारा की गई इस जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि इन बलात्कार गिरोह में मुख्यतः पाकिस्तानी मूल के पुरुष शामिल हैं और ये घिनौनी हरकतों को अंजाम देने में दशकों से सक्रिय हैं। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने भी रूपर्ट लोव की जांच का समर्थन करते हुए ब्रिटिश सरकार पर निशाना साधा था।

पाकिस्तानियों पर क्या बोले रुपर्ट लोव? रुपर्ट लोव ब्रिटेन की संसद में एक प्रभावशाली आवाज हैं। अब उन्होंने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अगर सरकार अपनी निर्वासन की धमकियों को गंभीरता से ले रही है, तो पाकिस्तान से शुरूआत करें। जब तक वे निर्वासित बलात्कारी/अपराधी को स्वीकार नहीं कर लेते, तब तक पाकिस्तान को एक भी वीजा जारी न करें। इसके साथ ही, पाकिस्तान को भेजी जाने वाली विदेशी सहायता की पाई-पाई को बंद करें। यह बहुत मुश्किल काम नहीं है। इस बयान का संदर्भ ब्रिटेन की नई गृह मंत्री शबाना महमूद की हालिया घोषणा से जुड़ा है। दरअसल शबाना महमूद खुद पाकिस्तानी मूल की मुस्लिम सांसद हैं और कुछ दिन पहले ही उन्हें ब्रिटेन का नया गृह मंत्री नियुक्त किया गया है। उन्होंने हाल ही में कहा था कि वे उन देशों के खिलाफ वीजा निलंबन जैसे सख्त कदम उठाएंगी, जो अपने अवैध और अपराधी नागरिकों को वापस लेने से इनकार करते हैं। इसके अलावा, सांसद ने ब्रिटेन में हलाल मीट पर भी बैन लगाने की मांग की है। उन्होंने इसे एक राष्ट्रीय घोटाला बताया। उन्होंने कहा कि रिस्टोर ब्रिटेन को ऐसी रिपोर्टें मिल रही हैं।

# घटती आबादी से चिंतित ग्रीस के प्रधानमंत्री का ऐलान- 4 बच्चे हैं तो नहीं लगेगा टैक्स, 1.6 अरब यूरो का राहत पैकेज

**एथेंस, एजेंसी।** दक्षिण-पूर्वी यूरोपीय देश ग्रीस ने घटती आबादी से परेशान होकर जनसंख्या बढ़ाने के मकसद से 1.6 अरब यूरो के पैकेज का ऐलान किया है। इस पैकेज में सरकार ने अधिक बच्चे पैदा करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए टैक्स में छूट देने के अलावा अन्य उपायों की भी घोषणा की है। ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने रविवार को नई नीतियों की घोषणा करते हुए कहा कि 1.6 अरब यूरो (16,563 करोड़ रुपये) का राहत पैकेज देश की मौजूद सबसे बड़ी चुनौती यानी घटती जनसंख्या से निपटने के लिए तैयार किया गया है।



जनसंख्या आंकड़ों के हिसाब से भूमध्यसागरीय देश ग्रीस यूरोप का सबसे बूढ़ा देश बनने की कगार पर है। लिहाजा, वहां की सरकार ने आबादी बढ़ाने के मकसद से नए उपायों की घोषणा की है। नए नियमों में कहा गया है कि अगर किसी परिवार में चार बच्चे हैं तो उसे टैक्स के दायरे से बाहर रखा जाएगा। यानी उस परिवार को टैक्स नहीं देना होगा। नए नियम 2026 से लागू होंगे। नई नीति में कहा गया है कि जिन बस्तियों में आबादी 1500 से कम है, वहां के लोगों को अन्य टैक्स से भी छूट दी जाएगी और इससे होने वाले घाटे को राजकोष से पूरा किया जाएगा।

**अधिक बच्चे पैदा करने वालों को पुरस्कार :** द गार्डियन के मुताबिक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस ने नीतियों की घोषणा के बाद कहा, हम जानते हैं कि अगर आपका कोई बच्चा नहीं है तो जीवनयापन की लागत एक बात है और अगर आपके दो या तीन बच्चे हैं तो दूसरी बात है। इसलिए, एक देश के रूप में हमें अपने उन नागरिकों को पुरस्कृत करने का कोई तरीका खोजना चाहिए जो अधिक बच्चे पैदा करने का विकल्प चुनते हैं।

इसके साथ ही मित्सोटाकिस ने कहा कि नए उपाय के तहत सभी वर्गों को दो फीसदी कर कटौती का लाभ दिया जाएगा लेकिन जिनके पास चार बच्चे हैं और कम आय वाले परिवार हैं तो उन्हें जीरो टैक्स नीति का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नए कर लाभ 2026 में लागू किए जाएंगे। उन्होंने इस पैकेज को ग्रीस में 50 से अधिक वर्षों में लागू किया गया सबसे साहसिक कर सुधार बताया है। ये नीतियाँ जनसंख्या समस्या से निपटने के लिए दक्षिणपंथी सरकार द्वारा की गई अन्य पहलों पर आधारित हैं। ग्रीस में प्रजनन दर यूरोप में सबसे कम दरअसल, पर्यटन की दृष्टि से खूबसूरत ग्रीस में प्रजनन दर यूरोप में सबसे कम है। वहां प्रति महिला 1.4 बच्चों का प्रजनन दर है जो औसत प्रजनन दर 2.1 से काफ़ी नीचे है। प्रधानमंत्री मित्सोताकिस ने इस समस्या को राष्ट्रीय ख़तरा बताया है। यूरोस्टेट के अनुसार, ग्रीस की जनसंख्या वर्तमान 1.02 करोड़ है जो 2050 तक घटकर 80 लाख से भी कम हो जाएगी। इनमें भी 36% आबादी 65 वर्ष से अधिक आयु की होगी। जनसंख्या में भारी गिरावट की बात को स्वीकार करते हुए वहां के वित्त मंत्री किरियाकोस पियराकाकिस ने कहा कि यह उनके अस्तित्व पर एक बड़ा खतरा है।

आर्थिक संकट से बिगड़े हालात उन्होंने कहा कि 15 साल पहले देश में आर्थिक संकट शुरू होने के बाद से प्रजनन दर आधी हो गई है।उन्होंने कहा कि हमारी नई टैक्स नीति और अन्य नीतिगत सुधार इस समस्या से निपटने में मदद करेंगे।

## जानकारी

# घर पर करें 30 सेकंड में ये 3 टेस्ट, आपको पता चल जाएगा स्वस्थ हैं या बीमार

हम किसी न किसी कारण के नियमित रूप से अपनी स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते तो हम आपको ऐसे टेस्ट के बारे में बता रहे हैं, जिनके जरिए आप आसानी से पता लगा सकते हैं कि आप बीमार हैं या स्वस्थ। अधिकतर लोग या कहें हम लोग जब तक बीमार नहीं पड़ते, तब तक किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य जांच नहीं कराते। दरअसल जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है ठीक वैसे हमारी इम्युनिटी कमजोर होने लगती है और हम मौसम बदलने पर बीमार होने लगते हैं। बीमार होने के बाद हम मंहगे-मंहगे टेस्ट कराते हैं तब जाकर बीमारी का पता लगा पाते हैं। डॉक्टर हर दो साल में लोगों को फिजिकल चेकअप कराने की सलाह देते हैं, लेकिन हम सलाह कम मानते हैं और देते ज्यादा हैं। ऐसा करने वाले लोग वर्षों तक अपना मेडिकल टेस्ट नहीं कराते और उनका शरीर रोगों का घर बन जाता है।



अगर आप भी उन लोगों में से हैं, जो किसी न किसी कारण के नियमित रूप से अपनी स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते तो हम आपको ऐसे टेस्ट के बारे में बता रहे हैं, जिनके जरिए आप आसानी से पता लगा सकते हैं कि आप बीमार हैं या स्वस्थ। इन टेस्ट को करने में सिर्फ आपको 30 सेकंड ही लगेंगे, लेकिन ध्यान रखें कि सटीक रिपोर्ट के लिए आप मेडिकल जांच ही कराएं।

### हाथों की उंगलियों से जानें स्वास्थ्य

**नाखून की जड़ को दबाएं:** इस टेस्ट को करने के लिए सबसे पहले आप अपने दाहिने अंगूठे और तर्जनी उंगली से अपने किसी भी नाखून की जड़ को दबाएं। ऐसा करते वक्त आप अपने बाएं हाथ की उंगलियों के ऊपरी हिस्से पर दबाव डालें। ऐसा अपने बाए हाथ के अंगूठे से शुरू करें। अंगूठे को 3 से 5 सेकंड तक पकड़कर रखें। अंगूठे के बाद सभी उंगलियों के साथ इस प्रक्रिया को दोहराएं। इस प्रक्रिया को होने के बाद हाथ को देखें। अगर दबाव के बाद आपकी उंगली का ऊपरी हिस्सा दो सेकंड में सफेद से लाल नहीं हुआ तो समझ लीजिए कि आपके शरीर में रक्त प्रवाह पर्याप्त नहीं हो रहा है।

### उंगली के हिसाब से जानें समस्या

**अंगूठा:** अगर आपको अंगूठे का नाखून दबाने से दर्द हो रहा है, तो यह इस बात का संकेत है कि आपको फेफड़ों की समस्या हो सकती है।

**तर्जनी:** तर्जनी उंगली आपकी बड़ी आंत से जुड़ी होती है। अगर आपको इस उंगली को दबाने से दर्द होता है तो यह बड़ी आंत में दिक्कत की ओर संकेत करता है। इसके कारण आपको कब्ज की शिकायत हो सकती है।

**बीच वाली उंगली और अनामिका:** बीच वाली उंगली और अनामिका में दर्द हृदय संबंधी समस्याओं की ओर इशारा करता है।

**छोटी उंगली:** आपके हाथ की सबसे छोटी उंगली में दर्द आपकी छोटी आंत की परेशानी की ओर संकेत करता है।

### मुट्ठी बनाकर देखें नसें स्वस्थ हैं या नहीं

इस दूसरे टेस्ट को करने के लिए सबसे पहले आप मुट्ठी बना लें। मुट्ठी को 30 सेकंड के बाद खोलें। हाथ खोलने पर आपको आपकी मुट्ठी सफेद दिखाई देगी। हाथ खोलने के तुरंत बाद अगर आपके हाथ का रंग सफेद से लाल होना शुरू हो जाए तो इसका मतलब ये है कि आपकी रक्त वाहिकाएं सही काम कर रही हैं और आप पूरी तरह से स्वस्थ हैं, लेकिन अगर ऐसा होने में वक्त लग रहा है तो आपकी धमनियों में कुछ परेशानी है। दरअसल मुट्ठी बनाने से रक्त वाहिकाओं पर दबाव पड़ता है और रक्त प्रवाह रुक जाता है और जैसी ही आप हाथ खोलते हैं तो आपका रक्त प्रवाह फिर लौटना शुरू हो जाता है।



अगर हम किसी फुटबॉल खिलाड़ी या किसी भी खिलाड़ी को देखते हैं, तो उसकी हृष्ट-पुष्ट जांघ उसके शरीर की मजबूती का प्रतीक मानी जाती है। यह सच है कि मजबूत जांघ, मजबूत और स्वस्थ शरीर का प्रतीक होती है। हम भी योगासनों से जांघों को हृष्ट-पुष्ट बना सकते हैं, किंतु यह प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में होना चाहिए। आइए जानते हैं पांच योगासनों के बारे में जो जांघ मजबूत करते हैं-

# जांघ मजबूत करने के लिए उपयोगी हैं ये आसन

एक बहुत आसान पोज, जो आपकी कमर को राहत देकर आपके कूल्हों और पैरों को वर्कआउट के लिए वार्मअप करता है। इसे ऐसे करें-

- चटाई पर पीठ के बल लेट जाएं।
- प्रत्येक पैर को जांघ के बाहर की ओर से पकड़ें।
- पैरों को बीच में पकड़ें, जहां आर्क है, ज्यादातर लोगों के लिए ज्यादा सुविधाजनक होता है।
- अपने चेहरे की मांसपेशियों को ढीला छोड़ें और लंबी सांस लेकर इस पोज में एक मिनट तक रहें।

### सुप्त बद्ध कोणासन

यह कूल्हों को गतिशील करने के लिए अच्छा पोज है। इस पोज से भी जांघ की अंदरुनी मांसपेशियां मजबूत होती हैं। एक सावधानी बरतें कि लंबी सांस पर ध्यान केंद्रित करें और आप पाएंगे कि आप पैर ज्यादा खोल पाते हैं और ज्यादा देर तक उस पोज में भी रह सकते हैं।

- चटाई पर पीठ के बल लेट जाएं। अपनी बांहों को बगल में शरीर से 45 डिग्री के कोण पर रखें।
- पैरों को घुटने के पास मोड़ें और पैर के तलुओं को नमस्ते के अंदाज में जोड़ने की कोशिश करें।
- अपनी एड़ियों को ग्रोइन के ज्यादा से ज्यादा पास लाने की कोशिश करें, इस दौरान चेहरे या शरीर में तनाव नहीं होना चाहिए।
- ध्यान रखें आपका सिर सीधा होना चाहिए। आंखों को बंद रखें, यह आपको सुस्ताने में मदद करेगा।
- इस पोज में एक मिनट तक रहें और लंबी गहरी सांसें लेना न भूलें।

### उपविष्ठ कोणासन

बैठने वाली पोजिशन पैर की कुछ मांसपेशियों के लिए बहुत फायदेमंद होती है। यह खड़े होकर की जाने वाली पोजिशन के लिए भी अच्छी शुरुआत की तरह होती हैं, जिसमें मजबूती, लचीलेपन और संतुलन की दरकार होती है।

- चटाई पर बैठकर पैरों को तीन से चार फीट चौड़ाई तक फैला लें।
- अब अपने हाथों को चटाई पर रखें। अपने हाथों से जितना हो सके आगे जाएं।
- अपने सिर, गर्दन को पीठ की सीध में रखें।
- इस पोज में लंबी सांस लें। आराम से धीरे-धीरे हर सांस के साथ जमीन की ओर झुकते रहें।
- इस पोज में जितनी देर आराम से रह सके रहें, लेकिन एक मिनट से ज्यादा नहीं।
- पोज से बाहर निकलने के लिए हाथों को धीरे-धीरे वापस लाएं।

### परिघासन

- आपकी कमर को बेहतरीन खिंचाव देने के अलावा यह पोज जांघों और ग्रोइन की मांसपेशियों को खोलकर उनका लचीलापन बढ़ाती है।
- चटाई पर घुटनों के बल बैठिए। अपनी एड़ियों को साथ रखें। पैरों की अंगुलियां जमीन पर और पीठ सीधी।
- दाएं पैर को अपनी दाईं ओर जितना हो सके स्ट्रेच करें। घुटना छत की ओर होना चाहिए।
- दाएं पैर के तलुए को जमीन पर रखें।
- अब अपनी दोनों बांहों को सिर के ऊपर ऊठाएं और सीधा रखें।
- धड़ और दाईं बांह को लंबे किए हुए दाएं पैर की तरह झुकाएं।
- दाएं हाथ को दाएं पैर पर रखें। (संभव हो तो दाईं कलाई को दाईं एड़ी पर रखें)
- अपनी हथेली का मुंह छत की तरफ करें।
- अब अपनी बाईं बांह को सिर के ऊपर से दाईं ओर लाएं, जो लोग लंबी अवधि से योगा करते आ रहे हों, वह अपनी बाईं हथेली को दाईं हथेली पर रखने की कोशिश कर सकते हैं। इस पोज में आपका बायां कान आपकी बाईं बांह के ऊपरी हिस्से को छूना चाहिए और दायां कान दाईं बांह के ऊपरी हिस्से को।
- इस पोज में कुछ सांसों तक बने रहिए। (तकरीबन 45 सेकंड तक) उसके बाद शुरुआती पोज में आ जाइए।
- आराम कीजिए और समूची प्रक्रिया को बाईं ओर से दोहराइए।

### उत्थित त्रिकोणासन

- अंत में एक खड़े होकर किया जाने वाला आसन जो पैर की छोटी मांसपेशियों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। यह शरीर के संतुलन को भी सुधारता है।
- चटाई पर पैर चौड़े करके खड़े हो जाएं।
- दाएं पैर को दाई तरफ की दीवार की तरफ मोड़ें।
- संतुलन के लिए बाएं पैर को थोड़ा सा दाईं तरफ मोड़ें।
- बांहों को उठाएं। कंधे की ऊंचाई पर लाएं, जब तक कि वह जमीन के समानांतर न हो जाए।
- कमर से दाईं ओर झुकें और दाईं हथेली को पैर पर या जमीन पर (जो भी सुविधाजनक हो) रख दें।
- बाईं बांह को सिर के ऊपर उठाकर सिर को धीरे से बाएं हाथ की ओर मोड़ें।
- इस पोज में 30 से 45 सैकंड तक रहें।
- पैरों को वापस लाते हुए शुरुआती स्थिति में आ जाएं।
- अब इसे दूसरी ओर दोहराएं।
- हर बार सारे आसनों की समाप्ति के बाद पांच मिनट के लिए शवासन करना चाहिए। पीठ के बल लेट जाइए, आंखें बंद कीजिए, शरीर को ढीला छोड़ दें। सिर सीधा रखें। हर मांसपेशी से तनाव को मुक्त कर दें। पैर से लेकर बांह, कंधे, गर्दन और सिर तक। आंखों को बंद रखें। अब करवट लेकर उठकर बैठ जाएं। हथेलियों को रगड़कर गर्म करें। फिर उन्हें आंखों पर रख दें। हथेलियों को हटाए बगैर आंखों को धीरे-धीरे खोलें। हाथ नीचे करें और दिन की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा के साथ करें।

## सेहत

# ज्यादा नमक खाने से पड़ता है दिमाग पर बुरा असर

### याददाश्त ही नहीं बुद्धि भी होती है कमजोर

क्या आप जानते हैं कि अधिक नमक का सेवन करने से दिमाग में खून का प्रवाह 25 फीसदी तक कम हो जाता है? हाल ही में हुए एक शोध में पता चला है कि ज्यादा नमक युक्त आहार का सेवन करने से बुद्धिमत्ता में कमी आ सकती है। एक हालिया शोध में यह दावा किया गया है। दिमाग में टाउ प्रोटीन की मात्रा बढ़ने से याददाश्त कमजोर होती है और बुद्धिमत्ता में कमी आ सकती है।



### अल्जाइमर का कारण होता है टाउ प्रोटीन

शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने व्यवहारात्मक, सेरिब्रोवस्कुलर और मोलिक्युलर स्तर पर परीक्षण किया। इसमें पाया गया कि ज्यादा नमक का सेवन करने वाले चूहों में नाइट्रिक ऑक्साइड की मात्रा कम थी जिससे दिमाग में टाउ प्रोटीन की मात्रा ब? गई थी। टाउ का अधिक स्तर अल्जाइमर का कारण माना जाता है।

### *डिमेंशिया का सबसे प्रमुख कारण है नमक*

न्यूयॉर्क स्थित फिल फैमिली ब्रेन एंड माइंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर डॉक्टर गिउसेप्पे फरको इस शोध के प्रमुख शोधकर्ता हैं। इस शोध को जर्नल नेचर न्यूरोसाइंस ट्रस्टेड सोर्सेज में प्रकाशित किया गया है। डॉक्टर फरको ने कहा कि ज्यादा नमक के सेवन और खराब दिमाग की कार्यक्षमता के बीच हमेशा से ही संबंध रहा है और ज्यादा नमक का सेवन करना डिमेंशिया का सबसे प्रमुख कारण है।

### *चूहों पर किया गया अध्ययन*

पूर्व में शोधों में शोधकर्ताओं को पता चला कि ज्यादा नमक के सेवन से चूहों में डिमेंशिया के लक्षण दिखने लगे। नमक ऐसे अणुओं का तेजी से उत्पादन करता है, जिससे शरीर में सूजन आती है। इंटरल्यूकिन-17 अणु दिमाग की कोशिकाएं नाइट्रिक ऑक्साइड बनाना कम कर देती हैं। नाइट्रिक ऑक्साइड रक्त वाहिकाओं को चौड़ा करता है और रक्त के प्रवाह में मदद करता है। हालांकि, नाइट्रिक ऑक्साइड की कमी से रक्त का प्रवाह कम हो सकता है।

चूहों पर किए गए अध्ययन में देखा गया कि ज्यादा नमक वाले आहार का सेवन करने से उनमें आईएल-17 का स्तर बढ़ गया और नाइट्रिक ऑक्साइड का स्तर कम हो गया, जिससे दिमाग में खून का प्रवाह 25 फीसदी तक कम हो गया।

### *सोडियम की ज्यादा मात्रा नुकसानदायक*

शोधकर्ता फरको और उनकी टीम का मानना था कि सोडियम की ज्यादा मात्रा दिमाग में हो रहे रक्त प्रवाह को बाधित कर डिमेंशिया के खतरे को बढ़ाती है, लेकिन, शोध के बाद पता चला कि रक्त के प्रवाह की कमी नहीं, बल्कि टाउ प्रोटीन की मात्रा बढ़ने के कारण याददाश्त में कमी आती है।

शोधकर्ताओं ने आठ हफ्ते के चूहों में से कुछ को सामान्य आहार दिया और कुछ को ज्यादा सोडियम वाला आहार दिया। चार से 36 हफ्तों तक चूहों को आहार दिया गया। इसके बाद वैज्ञानिकों के परीक्षण में पाया गया कि ज्यादा नमक का सेवन करने वाले चूहों में नाइट्रिक ऑक्साइड की मात्रा कम थी, जिससे दिमाग में टाउ प्रोटीन की मात्रा बढ़ गई थी। 04 से 36 हफ्तों तक चूहों को सामान्य और सोडियम वाला आहार दिया गया।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-1-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। शुभांक-2-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-1-5-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-2-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-3-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 2583



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

**काकुरो - 2582 का हल**



## लॉफिंग ज़ोन

एक अत्यन्त सुनसान स्थान पर एक प्रेमी अपनी प्रेमिका को कार में घुमा रहा था. सहसा प्रेमी ने बताया-'लगता है कार में पेट्रोल समाप्त हो गया है.'

प्रेमिका-'फिक्र की कोई बात नहीं ! फिलहाल मेरे पास एक बोतल है !'

'वाह, क्या बात है ? स्कॉच है या व्हिस्की ?'प्रेमी ने प्रसन्नता से उछलते हुए पूछा.

'इन दोनों में से कुछ नहीं है.'

'फिर ?'

'प्रेट्रोल है !' प्रेमिका ने सादगी से जवाब दिया.

☺ ☺ ☺

रवि ने राजेश से पूछा- यार, लोग तुम्हें ईश्वर कैसे मान बैठे हैं? राजेश बोला- आज जब मैं पार्क से गुजरा तो सभी मुझे देखकर एक साथ बोले- हे ईश्वर ! तू आज फिर आ गया.

☺ ☺ ☺

सुरेश ने नरेश से पूछा-'यार, तुम उस लड़की को देखने गये थे, क्या हुआ ?'

नरेश -'वह मेरी समझ में नहीं आई !'

सुरेश-'क्यों ?'

नरेश-'उस लड़की ने बहुत से मैडल, कप और शील्डें जीत रखी हैं.'

सुरेश-'यह तो बहुत अच्छा है ?'

नरेश-'अच्छा तो है. मगर ये सारे पुरस्कार उसे जूडो, कराटे की प्रतियोगिता में जीतने पर मिले हैं.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 2583



**बायें से दायें:-**

१. अभिषेक, सुनील, ऐश, शबाना की 'बहका दिया' गीत वाली फिल्म-४,२
४. 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली सुनील शेट्टी, सुष्मिता, नम्रता की फिल्म-३
६. 'छोड़ो मुझे' गीत वाली फिल्म 'जानू' में जैकी के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'दिल खुश है आज उनसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
९. फिल्म 'प्यार का साया' में राहुलराय के साथ नायिका कौन थी-२
११. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'गजगामिनी' में मुंशी प्रेमचंद की 'निर्मला' की भूमिका किसने की है-३
१३. राजेंद्रकुमार, बबीता की 'रिमझिम के गीत सावन गाए' गीतवाली फिल्म-४
१४. 'रामजी की निकली सवारी' गीतवाली ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
१६. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२०. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'कभी शाम ढले तू मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमीं से मोहब्बत हमीं से' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२३. अनिलकपूर, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'फूल सा चेहरा चाँद सी' गीत वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-२,२,२
२८. देव आनंद, गिरीश, टीना मुनीम की 'आवाज सुरीली का' गीत वाली फिल्म-५

**ऊपर से नीचे:-**

१. सतीश, सुभाष घई, अर्चना की फिल्म-३
२. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरी चाहत में दीवाना हूँ' गीत वाली फरदीन खान, सेलिना की फिल्म-४
४. संजयदत्त, अतुल, रवीना, करिश्मा की 'काश तुम मुझसे एक' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, ऋषिकपूर, पूनम की फिल्म-३
८. 'तुम भी चलो हम' गीत वाली फिल्म-३
१०. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
१२. अक्षयकुमार, रवीना टण्डन की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
१३. फिल्म 'पुष्पक' में कमल हासन के साथ नायिका कौन थी-३
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१५. 'उड़ जा काले कावां' गीतवाली फिल्म-३
१६. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की फिल्म-२
१७. शशि कपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
१९. अनिलकपूर, जैकी, अजय, मनीषा, माधुरी, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
२०. 'मेरा सेहरा तू है' गीत वाली फिल्म-२
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२४. 'चढ़ती जवानी मेरी चाल' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'अजूबा' में 'शहजादी हिना' की भूमिका किसने की थी-३
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली फिल्म-३
२७. फिल्म 'शर्मीली' में शशिकपूर के साथ नायिका कौन थी-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 2582**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | यु | ग | | जा | न | ए | म | न |
| भी | | वा | | दि | ल | | ला | | या |
| अ | क्स | | शि | वा | | खा | न | दा | न |
| ल | | ठि | का | ना | | मो | | | शा |
| वि | | | र | | आ | शी | र्वा | द | |
| दा | मि | नी | | भा | ई | | | ह | स्ती |
| ना | | ल | क्ष्य | | ना | ला | य | क | |
| क | स | म | | स | | ट | | | मं |
| ह | | | दौ | ड़ | | सा | थ | सा | थ |
| ना | स्ति | क | | क | री | ब | | | न |

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

## शब्द पहेली - 2583

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 | | 6 | 7 |
| ■ | | ■ | | ■ | 8 | | ■ | | 9 | |
| 10 | | | 11 | | | ■ | | ■ | | ■ |
| 12 | | 13 | | | 14 | | | 15 | 16 | |
| | ■ | | ■ | 17 | | | 18 | | | ■ |
| 19 | 20 | | 21 | | | 22 | | 23 | | 24 |
| ■ | | ■ | | ■ | 25 | | | | | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | 28 | | ■ | |
| | ■ | | 29 | | 30 | | | ■ | | ■ |
| 31 | 32 | | 33 | | | | | 34 | | |
| 35 | | | ■ | | 36 | | | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**

2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली -2582 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | था | क | थि | त | | क | या | म | त |
| ना | प | | ह | | र | का | बी | | त | र |
| मु | | त | वा | य | फ | | ला | वा | | खा |
| ना | पा | क | | | दा | नी | | दा | म | न |
| सि | | दी | | प | र | | सा | | हि | |
| ब | ह | र | हा | ल | | नि | रा | ला | प | न |
| | र | | नि | | आ | शा | | ज | | ज |
| अ | म | र | | अ | तं | | | वा | न | र |
| मा | | मा | न | | क | र | त | ब | | बं |
| न | या | | ज | ल | वा | | ना | | क | द |
| त | क | दी | र | | द | शा | व | ता | र | |

## कुलगाम मुठभेड़ समाप्त, आतंकवादी ठिकाना ध्वस्त, दो सैनिकों का बलिदान

**एजेंसी**

**कुलगाम।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम ज़िले के गुड्डार वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच दो दिनों से चल रही मुठभेड़ समाप्त हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में दो जवान वीरगति को प्राप्त हुए। बलिदान हुए सैनिकों की पहचान सूबेदार प्रभात गौड़ और लांस नायक नरेंद्र सिंधु के रूप में हुई है। मुठभेड़ के दौरान सेना के एक मेजर भी घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि सुबह शुरू हुई मुठभेड़ में बीच-बीच में गोलीबारी होती रही लेकिन रात भर अंधेरे के कारण इसे रोक दिया गया और मंगलवार तड़के फिर से शुरू हो गई। उन्होंने कहा सुरक्षा बलों द्वारा अंतिम दौर की तलाशी के बाद आज दोपहर अभियान समाप्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकवादी घने जंगल में छिपने के लिए इस ठिकाने का इस्तेमाल कर रहे थे। मारे गए आतंकवादियों की पहचान का पता लगाया जा रहा है हालाँकि एक आतंकवादी के पाकिस्तानी नागरिक होने का संदेह है। इस बीच सुरक्षा बलों ने जंगल में एक ठिकाने का भी भंडाफोड़ किया जहाँ से एक इंसास राइफल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। चिनार कोर के एक प्रवक्ता ने कहा सेना अपने कर्तव्य पथ पर वीरों के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करती है। उनका साहस और समर्पण हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा।

## वन विभाग के छापे में मिला अवैध सर्प विष, संरक्षित प्रजाति के 86 जहरीले सांप बरामद

**हरिद्वार।** रुड़की क्षेत्र में चल रहे एक अवैध सर्प विष संग्रहण केंद्र पर छापा मारकर वन विभाग की टीम ने 86 जहरीले सांपों को बरामद किया। बरामद किए गए सभी सांप भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की सूची-1 के अनुसार संरक्षित प्रजाति घोषित हैं। प्रभागीय वन अधिकारी रुड़की विनय राठी ने बताया कि सोमवार को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि रुड़की तहसील क्षेत्र के ग्राम खंजरपुर में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत प्रतिबन्धित सांप किसी ने अपने कब्जे में रखे हुए हैं। सूचना पर वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर छापेमारी की गई। घटनास्थल पर बताया गया कि यह एक सर्प विष संग्रहण केन्द्र है। मौके पर संग्रहण केन्द्र के मालिक नितिन कुमार के प्रतिनिधि विष्णु की मौजूदगी में छापेमारी की कार्यवाही की गई। छापेमारी के दौरान उक्त केन्द्र में अत्यधिक जहरीले 70 कोबरा तथा 16 रसल वाईपर सांप पाए गए। सांपों की यह दोनों ही प्रजातियां भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची-1 के अन्तर्गत संरक्षित प्रजाति में आतीं हैं। वन विभाग की टीम ने उपरोक्त सभी सर्पों को जब्त किया है। पूछताछ में सामने आया कि उक्त विष संग्रहण केन्द्र के लिए नितिन कुमार को पूर्व में मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड, देहरादून के कार्यालय से 31 दिसम्बर 2022 को प्राणरक्षक औषधियों के निर्माण के लिए ग्राम विशनपुर में एक वर्ष के लिए सर्प विष संग्रहण केन्द्र के लिए अनुमति दी गई थी, जो दिसम्बर 2023 में समाप्त हो चुकी है।

## बंगाल में भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा कड़ी, ट्रक और पर्यटक फंस

**कोलकाता।** नेपाल में जेन-जी आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में 19 से अधिक लोगों की मौत और कई लोग घायल हो गए हैं। इसके बाद पश्चिम बंगाल स्थित भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, कम से कम 100 भारतीय ट्रक चालक और पर्यटक नेपाल सीमा पर फंसे हुए हैं। दार्जिलिंग जिला पुलिस ने फंसे हुए भारतीयों के लिए 24 घंटे का कंट्रोल रूम शुरू किया है। दार्जिलिंग के पुलिस अधीक्षक प्रवीन प्रकाश सुबह से पनितांकी सीमा की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया, ÷हमने सीमा क्षेत्र में घर-घर तलाशी शुरू कर दी है। यहां फिलहाल किसी अशांति की खबर नहीं है, लेकिन हम पूरी तरह सतर्क हैं। नेपाल पुलिस के साथ लगातार संपर्क रखा जा रहा है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) भी चौकन्ना है। यदि किसी भारतीय को नेपाल में कोई समस्या होती है तो दार्जिलिंग जिला पुलिस हेल्पलाइन पर संपर्क करें, हम हरसंभव मदद करेंगे।हालांकि आधिकारिक रूप से घोषणा नहीं हुई है, लेकिन उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी के पास पनितांकी सीमा से वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर सीमा क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने और सुरक्षा चूक से बचने के लिए कदम उठा रही हैं।

## आमजन को आवागमन की बेहतर कनेक्टीविटी देने के लिए हम संकल्पित : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार राज्य में रेलवे सुविधाओं के विस्तार के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है। प्रदेश में मजबूत रेल नेटवर्क से आमजन को आवागमन में सुगमता होगी। साथ ही, स्थानीय रोजगार और उद्योगों को भी फायदा होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य में प्रस्तावित रेलवे परियोजनाओं के धरातल पर शीघ्र मूर्तरूप देने के लिए अधिकारी रेलवे के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में रतलाम-डूंगरपुर वाया बांसवाड़ा नई रेल परियोजना और केन्द्रीय भण्डारण निगम द्वारा भरतपुर मे प्रस्तावित नवीन रेल टर्मिनल की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भरतपुर में प्रस्तावित रेल टर्मिनल के निर्माण से किसानों, औद्योगिक ईकाइयों सहित सभी वर्गों को परिवहन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी टर्मिनल के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने के लिए संयुक्त निरीक्षण करें।

# आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत और आर्थिक सहायता की मांग की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) की नेता एवं दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार तुरंत राहत राशि दे ताकि उनकी जिंदगी सामान्य हो सके। आतिशी ने आज पत्रकार वार्ता में कहा कि दिल्ली में यमुना से आई बाढ़ ने राजधानी के हजारों परिवारों की जिंदगी अस्त-व्यस्त कर दी है। यमुना के पास इलाके में आई बाढ़ से दिल्ली के हजारों परिवार बेघर हो गए हैं। बच्चों की किताबें, सामान, उनके डॉक्यूमेंट्स सब नष्ट हो गए हैं। लोग 10 दिन से काम पर नहीं जा पाए हैं, हाथ में एक पैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार से अपील करती हूं कि प्रभावित परिवार के हर बालिग सदस्य को तुरंत 18,000 रुपये राहत राशि और हर परिवार को कोई व्यवस्था नहीं है। प्रभावित परिवार बहुत दुखी हैं, उनका बहुत नुकसान हुआ है। सरकार को अपनी जिम्मेदारी से भागना नहीं चाहिए।




नुकसान के हिसाब से मुआवजा दिया जाए। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में राहत शिविरों में पानी, बिजली, साफ-सफाई और खाने की उन्होंने दिल्ली सरकार से इस प्रकार की मांग कि है बाढ़ से प्रभावित परिवारों के बच्चों को नई किताबें, कॉपियां और स्कूल का सामान मिले, यमुना किनारे खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 20,000 रुपये मुआवजा मिले और बाढ़ प्रभावित इलाकों में ही कैंप लगाकर उनके जरुरी डॉक्यूमेंट्स दोबारा बनवाए जाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता परेशान है कई इलाकों में पानी उतरने के बाद बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए हालात और भी कठिन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग उम्मीद कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री उनकी पुकार सुनते हुए तुरंत प्रभावी कदम उठाएं और हर परिवार को आर्थिक मदद देकर उन्हें राहत पहुंचाएं।आतिशी ने कहा कि दिल्ली की जनता का मानना है कि सरकार अगर समय पर सहायता राशि दे तो प्रभावित परिवार अपनी जिंदगी को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश कर पाएंगे।

## लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में भीषण हिमस्खलन, तीन सैनिकों का बलिदान

**एजेंसी**

**लद्दाख।** सियाचिन ग्लेशियर में हिमस्खलन ने सेना की एक पोस्ट को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में भारतीय सेना की महार रेजिमेंट के तीन जवान बलिदान हो गए, जिनमें से दो अग्निवीर थे। यह जवान करीब पांच घंटे तक बर्फ के नीचे दबे रहे, जिसके बाद बचाव दल मौके पर पहुंच पाया। सेना के मुताबिक एक आर्मी कैप्टन भी इस हिमस्खलन में फंस गए थे, लेकिन उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया। राहत और बचाव कार्य अभी भी जारी है। सेना की विशेष टीमें तुरंत सक्रिय हो गईं और बचाव कार्य में तेजी लाने के लिए लेह और उधमपुर से अतिरिक्त दल को बुलाया गया है। दरअसल, सर्दियों के दौरान सियाचिन और लद्दाख के ऊंचाई वाले इलाकों में अक्सर हिमस्खलन की घटनाएं होती रहती हैं। सियाचिन दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र है, जहां भारतीय सैनिक माइनस 60 डिग्री तापमान, तेज़ हवाओं और बर्फ़



से ढकी चोटियों के बीच डटे रहते हैं। अब तक सियाचिन में कठोर मौसम और प्राकृतिक आपदाओं की वजह से एक हजार से ज्यादा भारतीय सैनिक बलिदान हो चुके हैं। यहां जवान केवल दुश्मन से ही नहीं, बल्कि कठोर मौसम और बर्फ़ीले तूफ़ानों से भी लगातार जंग लड़ते हैं। आगे की जानकारी का अभी इंतजार है।

# केंद्रीय दल ने पौड़ी के सैजी गांव में किया निरीक्षण, आपदा पीड़ितों से की बात

**एजेंसी**

**देहरादून।** मानसून के दौरान उत्तराखंड में आई प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का आकलन करने केंद्रीय अंतर-मंत्रालयी समिति के सदस्यों ने केंद्रीय दल ने जनपद पौड़ी गढ़वाल का दौरा कर आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।दल ने तहसील पौड़ी के सैंजी गांव मैं ग्रामीणों से संवाद किया और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिया।केंद्रीय टीम ने आपदाग्रस्त इलाकों में राहत कार्यों, आवश्यकताओं और समस्याओं का अवलोकन किया। दल ने क्षतिग्रस्त घरों, सड़कों, पुलों, सार्वजनिक भवनों, पेयजल योजनाओं, विद्युत लाइनों, कृषि भूमि, फसलों, पशुधन, आजीविका से जुड़े संसाधनों की क्षति व व्यक्तिगत क्षति का गहन अध्ययन किया।

निरीक्षण के दौरान दल ने आपदा के समय उपलब्ध कराई गई, खाद्यान्न सामग्री, पेयजल, चिकित्सा सहायता, अस्थायी आश्रयों, बचाव कार्यों और अन्य मूलभूत सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने गांव में हुई क्षति का ड्रोन से किए गए सर्वे का अवलोकन किया। दल ने प्रशासन के राहत कार्यों में की गई त्वरित कार्रवाई पुनर्निर्माण तथा जनजीवन सामान्य करने के लिए प्रभावी कदम उठाए



की भी सराहना की और संतोष व्यक्त किया। केंद्रीय दल के नेतृत्वकर्ता संयुक्त सचिव आर. प्रसन्ना ने बताया कि यह निरीक्षण आपदा से हुई वास्तविक क्षति का तथ्यात्मक आकलन करने व एक विस्तृत प्रतिवेदन केंद्र सरकार को सौंपने के लिए किया गया। इस रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार आवश्यक राहत पैकेज एवं पुनर्वास योजनाओं के लिए सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इससे प्रभावित क्षेत्रों में जाएंगे। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि दल की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार से आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। यह प्रयास केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय बढ़ाकर पुनर्निर्माण कार्यों को गति प्रदान करेगा। केंद्रीय दल में संयुक्त सचिव आर. प्रसन्ना के अलावा उप निदेशक विकास सचान, मुख्य अभियंता पंकज सिंह तथा वित्त निदेशक शैलेश कुमार शामिल भी थे।

# एसआईआर प्रक्रिया पूरी करने में लगेंगे सालों, जल्दबाजी संभव नहीं : ममता बनर्जी

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग द्वारा प्रस्तावित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया जल्दबाजी में पूरी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया को संपन्न करने में कम से कम तीन से चार साल का समय लगेगा, जबकि आयोग इसे महज तीन से चार महीने में पूरा करने की कोशिश कर रहा है। कोलकाता स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उत्तर बंगाल रवाना होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा, ÷यह प्रक्रिया इतनी छोटी अवधि में संभव नहीं है। इसे पूरा करने के लिए लंबा समय चाहिए। इस दौरान ममता बनर्जी ने सोमवार को आए उच्चतम न्यायालय के उस फैसले का स्वागत किया, जिसमें बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए एसआईआर प्रक्रिया में आधार कार्ड को पहचान पत्र के रूप में मान्य करने की अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा, ÷आधार अब एक वैध पहचान पत्र है। जिनके पास अभी आधार नहीं है, वे जल्द ही इसे बनवा लेंगे। मुझे है और मुझे उससे प्यार है, लेकिन वर्तमान हालात पर मैं कोई टिप्पणी नहीं कर सकती। इस मुद्दे पर तभी कुछ कहूंगी जब भारत सरकार की ओर से आधिकारिक बयान आएगा।



लगता है कि मतदाता पहचान पत्र (ईपिक) को भी मान्य दस्तावेज के रूप में शामिल किया जाना चाहिए।

नेपाल में जारी राजनीतिक हिंसा और तनाव पर सवाल पर मुख्यमंत्री ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, नेपाल हमारा पड़ोसी देश उन्होंने याद दिलाया कि पिछले वर्ष बांग्लादेश में राजनीतिक संकट के समय भी उन्होंने केंद्र सरकार के रुख स्पष्ट होने तक कोई टिप्पणी नहीं की थी। ममता ने कहा, अब तक नेपाल के मामले में केंद्र सरकार की ओर से कोई बयान नहीं आया है।

# राजस्थान में धर्मांतरण विरोधी बिल पास

**एजेंसी**

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में लंबी बहस और भारी हंगामे के बीच धर्मांतरण कानून बिल पास कर दिया गया। राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 बिल आने से अब जबरन धर्म परिवर्तन कराना आसान नहीं होगा। भाजपा विधायक गुरबीर बराड़ ने बिल का समर्थन करते हुए कहा कि राजस्थान में इसकी बहुत ज्यादा आवश्यकता थी। काफी समय से इसकी मांग चल रही थी। अब धर्म परिवर्तन पर लगाम लगेगी। उन्होंने कहा, मैं भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर के पास वाले इलाके से आता हूं, जहां पर धर्मांतरण के कई केस आए। आप पूरा इतिहास उठाकर देखिए, हालात बहुत ज्यादा दयनीय हैं, लेकिन अब नए कानून से राहत भी मिलेगी और जो लोग इस काम को अंजाम दे रहे थे उन पर भी लगाम लगेगी।÷ राजस्थान सरकार के मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि यह बिल राजस्थान के लिए बेहद ज्यादा जरूरी था। राजस्थान भारत में पहला ऐसा



राज्य बना है जिसने इतना सख्त नियम लाने का काम किया। जो लोग राजस्थान में धर्मांतरण का खेल खेल रहे थे, अब उनकी दुकानें बंद हो जाएंगी। भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि राजस्थान में इसकी सख्त आवश्यकता थी। जिहादी लोग और उनकी मानसिकता राजस्थान में हर जगह फैल गई थी। उस गंदगी को खत्म करने के लिए यह कानून लाया गया है। सख्ती से इसकी पालना होगी।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि राजस्थान देश में पहला राज्य बना है जो सख्त नियमों के साथ धर्मांतरण कानून लेकर आया है। सख्ती से इसकी पालना होगी। वहीं, विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो कांग्रेस सदन में इस बिल का विरोध कर रही थी, वह आज एक्सपोज हो गई। राजस्थान के कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि भारत का ऐसा पहला राज्य राजस्थान बना है जिसमें धर्मांतरण कराने पर सख्त सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा संगठित धर्मांतरण में बुलडोजर एक्शन के भी प्रावधान हैं। वहीं निर्दलीय विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने गीता का श्लोक पढ़ते हुए सदन में धर्मांतरण कानून को लेकर कहा कि राजस्थान में कानून को लेकर पारदर्शिता बढ़ती जाए। जो कमियां हैं, उनको दुरुस्त किया जाए। इसके अलावा जो बातें सरकार ने कही हैं, उनकी पालना भी अच्छे से हो। हालांकि, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली इस बिल के पास होने से ज्यादा खुश नजर नहीं आए। उन्होंने सरकार पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि जब कानून लाना ही था तो पहले क्यों नहीं लाया गया। एक तरफ यह कहते हैं कि राजस्थान में कोई लव जिहाद के केस नहीं हैं, दूसरी तरफ यह कानून लेकर आते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग मुझ पर या मेरी पार्टी पर उंगली उठा रहे हैं, उन्हें बता दूं कि हम बीजेपी से ज्यादा बड़े सनातनी हैं।

## रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने जल शक्ति मंत्री को 'राढू बहुउद्देशीय जलाशय योजना' की स्थिति से कराया अवगत

**एजेंसी**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से नई दिल्ली में मुलाकात कर उन्हें राढू बहुउद्देशीय जलाशय योजना की वर्तमान चिंताजनक स्थिति से अवगत कराया। मंत्री संजय सेठ ने सीआर पाटिल से आग्रह किया कि राज्य स्तर पर लंबित मामलों को निष्पादित करते हुए इसे संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करें, जिससे कि रांची लोकसभा क्षेत्र की बड़ी आबादी को इस परियोजना का लाभ मिल सके।

दरअसल, रांची के सिल्ली प्रखंड में स्वर्णरेखा नदी की सहायक राढू नदी पर प्रस्तावित इस परियोजना में बांध का निर्माण, पाइपलाइन सिंचाई प्रणाली, पर्याप्त सिंचाई व्यवस्था, जल विद्युत उत्पादन, पेयजल आपूर्ति एवं औद्योगिक उपयोग के लिए जल की व्यवस्था किया जाना है, लेकिन प्रदेश सरकार की उदासीनता के कारण 1980 में अस्तित्व में आई यह परियोजना वर्षों से लंबित है। परियोजना का महत्वपूर्ण और सकारात्मक पक्ष यह है कि इससे कोई विस्थापन नहीं होगा। इसके साथ ही इस योजना के संचालित होने से सिल्ली एवं राहे प्रखंड के सैकड़ो गांव को दीर्घकालिक लाभ भी प्राप्त होगा। वर्तमान समय में इस योजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) घटक में शामिल किया गया है, जिसमें 60 प्रतिशत केंद्रांश का प्रावधान है।

## विश्व हिन्दू परिषद ने राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 का स्वागत किया

**एजेंसी**

**जोधपुर।** विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने जोधपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में राजस्थान विधानसभा द्वारा पारित ÷राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025÷ का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह कानून समाज की सुरक्षा और सनातन संस्कृति की रक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

**विशेष**

मिलिंद परांडे ने कहा कि यह कानून जनभावनाओं के अनुरूप है और अब जबरन या गुपचुप तरीके से होने वाले धर्मांतरण पर सख्त अंकुश लगेगा। यह देश का सबसे सख्त कानून है। उन्होंने बताया कि इस कानून में जबरन धर्मांतरण कराने वालों को 7 से 20 साल तक की सजा का प्रावधान है। यह कानून दबाव, धोखे पा आर्थिक प्रलोभन के कारण होने वाले धर्म परिवर्तन पर सख्त रोक लगाएगा। कोई भी धर्म जबरन धर्मांतरण की अनुमति नहीं देता, लेकिन कुछ संस्थाएं सुनियोजित रूप से समाज को टारगेट करती हैं। अब ऐसे षड्यंत्रकारी तत्वों पर कठोर कार्रवाई होगी।

विशेष रूप से इस बिल में धर्मांतरण कराने वाली संस्थाओं के




भवनों को सीज करने और आवश्यक होने पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करने का प्रावधान पहली बार किया गया है।

**मिलिंद परांडे का वक्तव्य**

यह विश्व हिन्दू परिषद की पुरानी मांग थी जिसे राजस्थान सरकार ने स्वीकार किया है।

हम मुख्यमंत्री भजनलाल जी सहित पूरी सरकार को साधुवाद देते हैं। यह कानून अवैध धर्मांतरण रोकने और समाज की एकता बनाए रखने में मील का पत्थर साबित होगा।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में सीआरपीएफ जवान ने सर्विस राइफल से की आत्महत्या

**एजेंसी**

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के इंजरम में तैनात 219 बटालियन सीआरपीएफ के जवान ने बीती रात अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक जवान की पहचान मध्य प्रदेश निवासी नीलेश कुमार गर्ग के रूप में हुई। मौके से छह पेज का सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं सीआरपीएफ के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। जवान की आत्महत्या से बटालियन में शोक का माहौल है। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने आज घटना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच की जा रही है। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जवान के परिजनों को भी जानकारी दे दी है।

# हिमाचल में फिर से भारी बारिश का अलर्ट, भूस्खलन से पांच की मौत, प्रधानमंत्री ने किया राहत का ऐलान

**एजेंसी**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आगामी दिनों में एक बार फिर मौसम के तेवर बिगड़ेंगे और मॉनसून के कड़े तेवर देखने को मिलेंगे। मौसम विभाग ने अगले दो दिन 10 व 11 सितम्बर को हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जताया है। विभाग के मुताबिक 12 सितम्बर को राज्य के कई जिलों में अंधड़ और आसमानी बिजली गिरने की संभावना है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। यह चेतावनी ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा और सिरमौर जिलों के लिए जारी की गई है। वहीं 13 सितम्बर को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों में भारी बारिश, अंधड़ और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी हुआ है। 14 और 15 सितम्बर को भी मौसम खराब रहने का अनुमान है, हालांकि उन दिनों के लिए विभाग ने किसी तरह की चेतावनी नहीं दी है। बीते 24 घंटे में सोलन जिले के कसौली में सबसे अधिक 80 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं, कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल के शर्माणि गांव में सोमवार देर रात भूस्खलन की घटना सामने आई। भूस्खलन से दो मकान पूरी तरह जमींदोज हो गए



और एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौके पर मौत हो गई। इनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। मलबे में दबे तीन लोगों को घायल अवस्था में स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से बाहर निकाला गया। इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हिमाचल के आपदा प्रभावित इलाकों में हुए नुकसान का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने हिमाचल के हालात पर कांगड़ा में एक समीक्षा बैठक भी की, जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने यहां आपदा प्रभावितों के साथ भी मुलाकात कर उनका दर्द जाना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने हिमाचल को आपदा से राहत के लिए 1500 करोड़ की वितीय मदद की घोषणा की। इस बीच, बारिश और भूस्खलन के कारण प्रदेश में यातायात और जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार मंगलवार शाम तक पूरे प्रदेश में 4 नेशनल हाइवे और 680 सड़कें यातायात के लिए बंद रहीं। इनमें कुल्लू जिले में एनएच-03 और एनएच-305 समेत 214 सड़कें बंद हैं। मंडी में 158, शिमला में 88, कांगड़ा में 44, चंबा में 48 और ऊना जिले में एनएच-30 समेत 22 सड़कें अवरुद्ध हैं। किन्नौर में एनएच-05 भी बंद पड़ा है। सिर्फ सड़कों ही नहीं, बिजली और पानी की सप्लाई पर भी भूस्खलन का असर साफ दिखाई दे रहा है। अब तक 1202 बिजली ट्रांसफार्मर और 423 पेयजल योजनाएं ठप हैं। अकेले कुल्लू जिले में 708 ट्रांसफार्मर खराब हैं, जबकि मंडी में 282, सिरमौर में 78, शिमला में 52 और लाहौल-स्पीति में 51 ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं। पेयजल योजनाओं की बात करें तो शिमला में 134, कांगड़ा में 176 और मंडी जिले में 54 योजनाएं प्रभावित हुई हैं।

# डॉ. आरएमएल अस्पताल में रोबोटिक स्कैनिंग लेज़र और डीप ऑस्सीलेशन थेरेपी यूनिट की शुरुआत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान (एबीवीआईएमएस) और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल (डॉ. आरएमएल) अस्पताल में सोमवार को पुराने दर्द, गठिया के इलाज में उपयोगी रोबोटिक स्कैनिंग लेज़र और डीप ऑस्सीलेशन थेरेपी यूनिट की शुरुआत की गई। विश्व फिजियोथेरेपी सप्ताह के आयोजन के तहत दोनों केन्द्रों का उद्घाटन डॉ. आर.एम.एल. अस्पताल के निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने किया। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विवेक दीवान और फिजियोथेरेपी विभाग की प्रमुख डॉ. पूजा सेठी मौजूद थीं। रोबोटिक स्कैनिंग लेज़र थेरेपी यूनिट में लगी मशीन 20 वॉट की शक्ति से गहरे ऊतकों (टिशू) तक असर करती है और दर्द एवं सूजन में राहत देती है। रोबोटिक प्रणाली से इलाज समान और सुरक्षित तरीके से होता है। गठिया, खेल चोट, पुराना दर्द और नसों की समस्याओं में उपयोगी है। साथ ही डीप ऑस्सीलेशन थेरेपी यूनिट यह तकनीक ऊतकों में हल्की तरंगें पैदा करती है।ऑपरेशन के बाद की देखभाल, सूजन और दर्द कम करने में प्रभावी है। साथ ही, लसीका जल निकासी और पुरानी तकलीफ़ों के इलाज में मददगार भी है। इस मौके पर एबीवीआईएमएस के निदेशक डॉ. अशोक कुमार (निदेशक) ने विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरेपी केन्द्र बुजुर्गों की सेहत संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इन दोनों उत्कृष्ट केन्द्रों के शुरू होने से लोगों को बड़ी संख्या में लाभ होगा। डॉ. पूजा सेठी (प्रमुख, फिजियोथेरेपी विभाग) ने कहा कि फिजियोथेरेपी केवल इलाज नहीं बल्कि बीमारियों से बचाव और स्वस्थ जीवन जीने का एक साधन भी है।यह आयोजन और नई तकनीक का शुभारंभ अस्पताल की पुनर्वास सेवाओं को और मज़बूत बनाएगा, जिससे मरीजों को आधुनिक उपचार का लाभ मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. आरएमएल में विश्व फिजियोथेरेपी सप्ताह का आयोजन किया गया। डॉ. पूजा सेठी (प्रमुख, फिजियोथेरेपी विभाग) के नेतृत्व में 1 से 8 सितम्बर 2025 तक विश्व फिजियोथेरेपी सप्ताह का सफल आयोजन किया गया।

# नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा टी20 विश्व कप 2026 का फाइनल, पाकिस्तान कर सकता है खेल खराब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 2026 का पुरुष टी20 विश्व कप 7 फरवरी से 8 मार्च के बीच खेला जाएगा। भारत अपना खिताब बरकरार रखने की कोशिश करेगा जिसने पिछली बार 2024 में बारबाडोस में हुए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर यह खिताब जीता था। इस टूर्नामेंट में 20 टीमें भाग लेंगी और 55 मैच खेले जाएंगे। मैच भारत में 5 और श्रीलंका में दो स्थानों पर खेले जाएंगे तथा फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। हालांकि पाकिस्तान फाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाता है, तो यह मैच कोलंबो में होगा।

BCCI टी20 विश्व कप 2026 की मेजबानी करेगा। हालांकि इस साल की शुरुआत में BCCI और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के बीच एक समझौता हुआ था कि वे दोनों सरकारों के बीच लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के कारण एक-दूसरे के देशों में नहीं खेलेंगे जिसके बाद श्रीलंका को पाकिस्तान के सभी मैचों के आयोजन के लिए सह-मेजबान चुना गया।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि ICC ने अभी तक कार्यक्रम तय नहीं किया है, लेकिन टूर्नामेंट के लिए समय निश्चित रूप से तय कर लिया गया है और सभी भाग लेने वाले देशों को इसकी जानकारी दे दी गई है। फिलहाल अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए केवल 15 टीमें ही क्वालीफाई कर पाई हैं, जिनमें भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, नीदरलैंड और पहली बार इटली भी शामिल हैं। शेष पांच स्थानों में से दो अफ्रीका क्षेत्रीय क्वालीफायर से और तीन एशिया और पूर्वी एशिया प्रशांत क्वालीफायर से निकलेंगे।




## एशिया कप में उमरजई की तूफानी पारी ने अफगानिस्तान को दिलाई जीत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राशिद खान की अगुवाई वाली अफगानिस्तान टीम ने एशिया कप 2025 का आगाज धमाकेदार जीत से किया। हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ हुए पहले मुकाबले में टीम ने 94 रनों से बड़ी जीत हासिल की। यह अफगानिस्तान की एशिया कप में सबसे बड़ी और टूर्नामेंट की रनों के मामले में तीसरी सबसे बड़ी जीत है। अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए अजमतुल्लाह उमरजई के तूफानी पारी के दम पर 20 ओवर में 188 रन बनाए, इसके जवाब में हॉन्ग कॉन्ग की टीम 9 विकेट के नुकसान पर 94 रन ही बना सकी। राशिद खान ने जीत का क्रेडिट उमजई को दिया और मैच के बाद बताया कि क्यों मुजीब उर रहमान जैसे गेंदबाज को उन्होंने प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा।

राशिद ने मैच के बाद कहा कि टीम ने शानदार खेला। शुरुआत में विकेट लेना हमारे लिए अहम था। पिछली सीरीज में भी यही समस्या थी। यही एक क्षेत्र है जिसमें हमें सुधार करना है। डेथ ओवरों में बल्लेबाजी शानदार रही। खासकर उमरजई। हमारे पास अच्छे स्पिनर हैं। इससे विपक्षी टीम पर दबाव बनता है। जब आप रन बनाते हैं, तो बल्लेबाज जोखिम उठाते हैं और हमारे पास विकेट लेने का मौका होता है। हम लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छा रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे।

प्लेइंग इलेवन क्या होगी, यह देखना मुश्किल था। मुजीब को बाहर रखना एक मुश्किल फैसला था। आप कभी-कभी कॉम्बिनेशन की तलाश में रहते हैं। अच्छी बात यह है कि मेरे पास विकल्प है और इससे मेरे लिए काम आसान हो जाता है। अफगानिस्तान का इस जीत से नेट रन रेट +4.700 का हो गया है, जो उन्हें अगले राउंड में पहुंचाने में मदद करेगा। उनका अगला मैच 16 सितंबर को बांग्लादेश से होगा।

## एसए20 नीलामी: ब्रेविस 8.3 करोड़ में बिके, आईपीएल से कई गुना ज्यादा लगी बोली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस अब बेबी एबी नहीं रहे। वे अंतरराष्ट्रीय और फ्रैंचाइजी क्रिकेट में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। एबी का जलवा अब भी बरकरार है, लेकिन अब ब्रेविस को यकीन है जिसने उन्हें क्षमता का एहसास कराया, वे भी उनकी तरह जलवा बिखेर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर ब्रेविस पर मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका टी20 की नीलामी में रिकॉर्ड तोड़ बोली लगी। ब्रेविस के लिए प्रिटोरिया कैपिटल्स में सौरव गांगुली और जोसबर्ग सुपर किंग्स में स्टीफन फ्लेमिंग जैसे चिर परिचित प्रतिद्वंदी नीलामी के मैदान में थे। आखिर में सुपर किंग्स को अपने इस अद्भुत खिलाड़ी को छोड़ना पड़ा क्योंकि ब्रेविस को 15.1 मिलियन रैंड यानी 8.3 करोड़ रुपए में खरीदा गया। जो आईपीएल 2025 में उनके रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में उनकी कीमत से करीब चार गुना ज्यादा है। एसए20 नीलामी में बड़ी खरीदारी में दूसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के टी20 कप्तान हैं। सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ दो बार दक्षिण अफ्रीका 20 लीग जीतने वाले मार्करम की सेवाएं डरबन सुपर जायंट्स ने 14 मिलियन रैंड यानी 7.04 करोड़ रुपए में हासिल कीं। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट तिहरे शतकवीर वियान मुल्डर को सुपर किंग्स ने 9 मिलियन रैंड यानी 4.53 करोड़ रुपए में खरीदा। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर गेराल्ड कोएत्जी सुपर जायंट्स के लिए 7.4 मिलियन रैंड यानी 3.72 करोड़ रुपए में खेलेंगे. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नंद्रे बर्गर को सुपर किंग्स ने 6.3 मिलियन रैंड यानी 3.17 करोड़ रुपए में खरीदने से पहले बोली लगाने की एक छोटी सी होड़ शुरू कर दी। विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्ज़के जिन्होंने हाल ही में वनडे रिकॉर्ड तोड़े हैं उन्हें सनराइजर्स ने 6.1 मिलियन रैंड यानी 3.07 करोड़ रुपए में खरीदा। अनुभवी बल्लेबाज रस्सी वैन डेर डूसन को मुंबई इंडियंस केप टाउन ने 5.2 मिलियन रैंड यानी 2.62 करोड़ में खरीदा। तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन 5.1 मिलियन रैंड यानी 2.57 करोड़ में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलेंगे। जबकि एनरिक नोर्टजे को सनराइजर्स के लिए खेलने के लिए 5 मिलियन रैंड यानी 2.51 करोड़ रुपए मिले हैं।



## दाएं और बाएं बल्लेबाजों के संयोजन में फंसे अय्यर इसलिए हुए टीम से बाहर

**–पूर्व लेग स्पिनर अमित ने कहा– आने वाले समय में वह फिर करेंगे वापसी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर को भारत की एशिया कप टीम से बाहर करने का फैसला मध्य क्रम में दाएं और बाएं बल्लेबाजों का संयोजन बनाए रखने की रणनीतिक चाल के कारण हुआ। यह कहना है पूर्व लेग स्पिनर अमित मिश्रा का। 2024 के लिए बीसीसीआई की केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर होने के बाद से श्रेयस ने मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया है। अपनी शानदार फॉर्म के दम पर उन्होंने पंजाब किंग्स को आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंचाया, जो पिछले एक दशक में फ्रैंचाइजी का पहला फाइनल था।

इस शानदार लीग में 50 से ज्यादा की औसत से 604 रन बनाने के बाद श्रेयस ने 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने के लिए खुद को एक मजबूत दावेदार बना लिया था। उन्हें भारतीय टीम से और यहां तक कि यात्रा करने वाले रिजर्व खिलाड़ियों में भी नहीं रखा गया, जिससे प्रशंसकों और पूर्व क्रिकेटरों में नाराजगी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने प्रबंधन के चयन पर सवाल उठाए हैं, वहीं अमित मिश्रा ने एक ऐसी रणनीतिक रूपरेखा की पहचान की जिसने अय्यर को टीम में शामिल करने के खिलाफ काम किया।



मिश्रा के मुताबिक अय्यर तीसरे या चौथे नंबर पर खेलते हैं इसलिए बाएं-दाएं संयोजन बनाए रखने की चाहत अय्यर के खिलाफ गई। मिश्रा ने कहा कि श्रेयस तीसरे या चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, टीम प्रबंधन ने सोचा होगा कि बाएं और दाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बेहतर होता। एशिया कप एक लंबा टूर्नामेंट है। मुझे लगता है कि श्रेयस बाएं-दाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन में फंस गए। इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद भी अमित मिश्रा भविष्य में अय्यर की वापसी को लेकर 100 फीसदी आश्वस्त हैं। मिश्रा का मानना ??है कि ऐसी कई सीरीज हैं जहां अय्यर अपनी क्षमता साबित कर सकते हैं और टीम में अपनी जगह वापस पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कई सीरीज हैं। उनके पास काफी समय है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि वह अपनी खराब फॉर्म की वजह से टीम से बाहर हैं। नए खिलाड़ियों को मौके चाहिए। मुझे लगता है कि वह भविष्य में वापसी करेंगे और टीम में अपनी जगह पक्की कर लेंगे।

## कमिंस, स्टार्क और मेरा अभी संन्यास का इरादा नहीं : हेजलवुड

सिडनी । ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि अभी उनका ,पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क का करियर काफी समय तक चलेगा और कोई भी संन्यास के बारे में विचार नहीं कर रहा। इसलिए ये कहना कि एशेज सीरीज में उनकी, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की तिकड़ी अंतिम बार उतरेगी कहना सही नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम तीनों में ही अभी काफी क्रिकेट बची हुई है और वह कम से कम दो साल और खेलेंगे। अभी हम तीनों की उम्र 35 साल के आसपास है। कमिंस ने कमर में खिंचाव है। वहीं स्टार्क ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। जिसके कारण माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी इतिहास के एक युग का अंत निकट है। हेजलवुड स्वयं चोटों से जूझ रहे हैं पर उन्होंने स्पष्ट किया कि तीनों गेंदबाजों में से कोई भी अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहा है। हेजलवुड के हवाले से कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम अभी कुछ कहने की स्थिति में हैं। हर कोई टेस्ट क्रिकेट को पसंद करता है और अगले दो वर्ष में काफी टेस्ट मैच खेले जाने हैं जिसमें हम अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का एक और चक्र होना बाकी है। इसलिए केवल एशेज ही नहीं टेस्ट क्रिकेट में अगले दो साल में काफी रोमांचक मैच होने वाले हैं और मुझे लगता है कि हर तीनों ही इनका हिस्सा बनना चाहता है।



## रवि बिश्नोई और अर्शदीप सिंह की आईसीसी टी20आई गेंदबाजी रैंकिंग में सुधार

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय स्पिनर रवि बिश्नोई और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमशः छठे और 10वें स्थान पर पहुंच गए। वरुण चक्रवर्ती चौथे स्थान के साथ भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले गेंदबाज बने हुए हैं जबकि बिश्नोई, अर्शदीप और अक्षर पटेल एक-एक स्थान के फायदे के साथ क्रमशः छठे, 10वें और 13वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि तिलक वर्मा दूसरे और कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे पायदान पर हैं। एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे यशस्वी जायसवाल एक स्थान के नुकसान से 11वें स्थान पर हैं। वह एशिया कप के लिए पांच रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं। रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन दोनों एक-एक स्थान के फायदे से 26वें और 34वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर की सूची में हार्दिक पंड्या 252 रेटिंग अंक के साथ नंबर एक ऑलराउंडर बने हुए हैं। यूएई, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय श्रृंखला की समाप्ति के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग जारी की गई है। पाकिस्तान ने फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला जीती। एकदिवसीय रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों में शुभमन गिल नंबर एक पर बरकरार हैं। कप्तान रोहित शर्मा (दूसरे), विराट कोहली (चौथे) और श्रेयस अय्यर (आठवें) की रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं आया है। एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के कुलदीप यादव एक स्थान के नुकसान से चौथे जबकि रविंद्र जडेजा दो स्थान के नुकसान से 10वें स्थान पर हैं। मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज भी दो-दो स्थान के नुकसान से क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं।



## हार्दिक पांड्या की लग्जरी घड़ी चर्चा में, एशिया कप की प्राइज मनी से भी ज्यादा है कीमत



स्पोर्ट्स डेस्क। भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने एशिया कप 2025 से पहले हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। ट्रेनिंग सेशन के दौरान नए हेयरस्टाइल और उनकी घड़ी की वजह से उनकी खूब चर्चा हो रही है। एशिया कप 2025 से पहले हार्दिक पांड्या ने अपने बालों को ग्रे शेड में कराया है। हार्दिक को प्रैक्टिस सेशन के दौरान रिचर्ड मिल आरए 27-04 घड़ी पहने देखा गया। इस घड़ी का वजन 30 ग्राम के करीब है। जिसकी कीमत 20 करोड़ रुपये के करीब हैं जो एशिया कप की प्राइज मनी से लगभग 8 गुना ज्यादा है।। ये घड़ी खासतौर पर टेनिस लीजेंड राफेल नाडल के लिए बनाई जाती हैं इसलिए इसे राफेल नडाल एडिशन भी कहते हैं। एशिया कप जीतने वाली टीम को करीब 2.6 करोड़ रुपये की इनाम राशि मिलेगी। एशिया कप 2025 का आगाज 9 सितंबर से अबूधाबी में हो चुका है। जहां अफगानिस्तान ने अबू धाबी के शेख जायेद स्टेडियम में हांगकांग को 94 रनों से हरा दिया। टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में 10 सितंबर को भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज करेगी जिसमें दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में उनका सामना यूएई से होगा। गौर है कि भारत का एशिया कप 2025 में पहला मैच 10 सितंबर को दुबई में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ होगा जिसके बाद 14 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के साथ बहुप्रतीक्षित मुकाबला होगा। वहीं अबू धाबी में ओमान के खिलाफ 19 सितंबर को भारत अपने ग्रुप चरण का आखिरी मैच खेलेगा। आठ बार एशिया कप की ट्रॉफी जीतकर भारत टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम है।

## विश्व चैंपियनशिप: भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाज व्यक्तिगत वर्ग में पदक की दौड़ से बाहर

**ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया) (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजों का विश्व चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा और उसके सभी तीरंदाज व्यक्तिगत वर्ग के पदक चरण में जगह बनाने में असफल रहे।

भारत के तीनों खिलाड़ियों में राहुल ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने तीसरे राउंड (अंतिम-32) में जगह बनाई, लेकिन शूट-ऑफ में जॉर्जिया के एलेक्जेंडर माचावरियानी से 5-6 (8-10) से हार गए। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 5-3 की बढ़त बना ली थी लेकिन अंतिम दो सेटों में वह लड़खड़ा गए जिससे एक बार फिर रिकर्व वर्ग में दबाव में भारत की मानसिक कमजोरियां उजागर हो गई।

पहला सेट 28-28 से बराबर करने के बाद राहुल ने दूसरे सेट में 30-30 का शानदार स्कोर बनाया और तीसरे सेट में 28-27 से जीत हासिल कर 5-1 की बढ़त बना ली। चौथे राउंड में उन्हें केवल ड्रॉ की आवश्यकता थी, लेकिन वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे उनके विरोधी खिलाड़ी को वापसी करने का मौका मिल गया।

जॉर्जियाई खिलाड़ी ने पांचवां सेट 28-27 से जीतकर शूट-ऑफ कराया जहां राहुल ने आठ अंक हासिल किए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी का स्कोर परफेक्ट 10 था।



तीनों में सबसे अनुभवी ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा को सबसे कठिन ड्रॉ मिला क्योंकि पहले दौर में उनका मुकाबला पूर्व ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज से हुआ। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी को पहला सेट 29-29 से बराबर करने के बाद 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे सेट में कड़ी टक्कर हुई लेकिन गाजोज के दो 10 ने उन्हें 29-28 की बढ़त दिला दी।

तुर्किए के तीरंदाज ने तीसरे सेट में 29-28 के साथ अपनी बढ़त 5-2 कर ली। धीरज ने चौथा सेट 29-29 से बराबर किया लेकिन यह गाजोज को जीत से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था।

भारत के एक अन्य खिलाड़ी नीरज चौहान को उज्बेकिस्तान के बोबराजाबोव बेकजोद से सीधे सेटों में 27-29, 27-28, 26-29 से हार का सामना करना पड़ा।

## इंग्लैंड ने सर्बिया को 5-0 से हराया, फ्रांस और पुर्तगाल उलटफेर से बचे



लंदन - किलियन एम्बाप्पे ने फ्रांस को संकट से बाहर निकाला, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने रिकॉर्ड गोल करके पुर्तगाल को हार से बचाया जबकि इंग्लैंड ने बड़ी जीत हासिल करके फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा। यूरोप की इन तीन फुटबॉल महाशक्तियों ने इस तरह से 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तरफ मजबूर कदम बढ़ाए जबकि एर्लिंग हैलैंड ने चेहरे पर टांके लगे होने के बावजूद नार्वे की 11-1 से बड़ी जीत में पांच गोल किए। नोनी मडुके, एज्री कोंसा और मार्क गुएही ने गोल किए, जिससे इंग्लैंड ने सर्बिया को 5-0 से हराकर बड़ी जीत हासिल की। फ्रांस ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए एमबाप्पे के गोल और एक अन्य गोल करने में मदद की बदौलत आइसलैंड को 2-1 से हराया। जोआओ कैंसेलो ने 86वें मिनट में विजयी गोल करके पुर्तगाल को हंगरी पर 3-2 से जीत दिलाई। रोनाल्डो ने इस मैच में पेनल्टी पर गोल किया जो विश्व कप क्वालीफाइंग में उनका 39वां गोल था, जिससे उन्होंने ग्वाटेमाला के कार्लोस रुइज़ के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बस के दरवाजे से हुई दुर्घटना के बाद चेहरे पर टांके लगे होने के बावजूद हैलैंड ने पहले हाफ में हैट्रिक सहित पांच गोल दागे, जिससे नॉर्वे ने मोल्दोवा को 11-1 से करारी शिकस्त दी।

## जोफ्रा आर्चर ने लगाई लम्बी छलांग, आईसीसीस रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे

**दुबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के स्टार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हारी हुई श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी पुरुष एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की ताजा अपडेट के अनुसार आर्चर ने दूसरे और तीसरे मैच में लगातार 62 रन देकर चार और 18 रन देकर चार विकेट लिए, जिसकी बदौलत उन्हें 16 पायदान का उछाल मिला। तीसरे मैच में इंग्लैंड ने साउथम्प्टन में रिकॉर्ड 342 रनों से जीत दर्ज करके ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। इससे पहले 2020 में आर्चर गेंदबाजी में रैंकिंग में सर्वोच्च आठवें स्थान पर पहुंचे थे। आदिल राशिद इस हफ्ते गेंदबाजों की सूची में उल्लेखनीय सुधार करने वाले एकमात्र अन्य गेंदबाज हैं। आदिल रशीद आठ विकेट लेने के बाद सात पायदान चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए। लॉर्ड्स और साउथम्प्टन में खेले गए दूसरे और तीसरे मैच में दो-दो विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बरकरार है।

दूसरे और तीसरे मैच में 61 और 100 रनों की पारी खेलकर शानदार प्रदर्शन करने वाले जो रूट ने आईसीसी पुरुष एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 20 में वापसी की। वह पांच पायदान की छलांग लगाकर 19वें स्थान पर पहुंच गए। वह दो साल में पहली बार शीर्ष 20 में पहुंचे है। उनके हमवतन जोस बटलर ने 62 और नाबाद 61 रनों की पारी खेलकर सात पायदान की छलांग लगाई। शाहीन शाह अफरीदी को चार स्थान की छलांग के साथ 22वें स्थान पर पहुंचने का इनाम मिला, जबकि उनके साथी और प्लेयर ऑफ द सीरीज मोहम्मद नवाज अफगानिस्तान के खिलाफ फाइनल में 5 विकेट (19 रन पर पांच विकेट) लेकर गेंदबाजों की सूची में 13 स्थान की छलांग के साथ 30वें स्थान पर पहुंच गए, जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल थी, अफगानिस्तान के नूर अहमद 40 स्थान की छलांग के साथ संयुक्त 33वें स्थान पर पहुंच गए। श्रीलंका के कुसल परेरा हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद अर्धशतक की बदौलत तीन स्थान की छलांग के साथ नौवें और सिकंदर रजा तीन स्थान की छलांग के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए।

## भारत ने कोरिया को महिला एशिया कप सुपर चार मुकाबले में 4-2 से हराया



हांगझोउ (चीन) । भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां एशिया कप के सुपर चार चरण के अपने पहले मैच में कोरिया को 4-2 से हराया। पूल बी में सात अंक के साथ शीर्ष पर रहे भारत के लिए वैष्णवी विट्ठल फाल्के (दूसरे मिनट), संगीता कुमारी (33वें मिनट), लालरेमसियामी (40वें मिनट) और रुतुजा ददासो पिसल (59वें मिनट) ने गोल दागे। कोरिया की ओर से दोनों गोल यूजिन किम (33वें और 53वें मिनट) ने किए। भारत अपने अगले मैच में बृहस्पतिवार को चीन से भिड़ेगा।

## शिखर धवन और उनकी संस्था पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आई, पुनर्वास में करेगी सहायता

**मुम्बई (एजेंसी)।** नई दिल्ली - भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद से लिए आगे आए हैं। इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक भावुक वीडियो में धवन ने इस कठिन समय में एकता और करुणा का आह्वान किया। धवन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में लिखा, 'यह एकजुट होने का समय है। पंजाब को हमारी ताकत, करुणा और समर्थन की जरूरत है.. थोड़ी सी मदद भी बहुत फर्क ला सकती है। आइए हम सब अपना योगदान दें।'

अपनी व्यक्तिगत अपील के साथ धवन का NGO शिखर धवन फाउंडेशन बाढ़ प्रभावित परिवारों के पुनर्वास प्रयासों में सहायता के लिए जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। शिखर धवन की मीडिया टीम की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार फाउंडेशन का उद्देश्य जीवन के पुनर्निर्माण में मदद करना और जहां सबसे ज्यादा जरूरत है वहां दीर्घकालिक सहायता प्रदान करना है।

उनके संदेश को प्रशंसकों और साथी क्रिकेटरों का जबरदस्त समर्थन मिला है जिसमें संकट के समय में करुणा और एकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए पंजाब के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने पंजाब को पहले से आवंटित 12,000 करोड़ रुपए के अलावा, राज्य के लिए 1,600 करोड़ रुपए के वित्तीय सहायता पैकेज की घोषणा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार केंद्र राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) और पीएम किसान सम्मान निधि योजना की दूसरी किस्त भी अग्रिम रूप से जारी करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने स्थिति का जमीनी स्तर पर आकलन करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF) के कर्मियों से भी बातचीत की।

हाल के दिनों में हुई भारी बारिश के कारण पंजाब में व्यापक तबाही हुई है। राज्य सरकार ने केंद्र द्वारा 'रोके गए' 60,000 करोड़ रुपए की धनराशि तत्काल जारी करने की मांग की है, जो पंजाब की बाढ़ से प्रभावित अर्थव्यवस्था को समग्र रूप से पटरी पर लाने के लिए बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरदासपुर और अन्य प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का आकलन किया। इसके बाद उन्होंने गुरदासपुर में अधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ एक आधिकारिक समीक्षा बैठक की।



प्रधानमंत्री मोदी ने राहत और पुनर्वास उपायों की समीक्षा की और पंजाब में हुए नुकसान का भी आकलन किया।



# आखिर किस वजह से उड़ गई रश्मिका की नींद? एक्ट्रेस ने किया खुलासा

साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने आज शनिवार को एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने फ्लाइट की उड़ानों के समय का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा इसने उन्हें काफी परेशान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि वह इस बीच में फंसी रहती हैं कि नींद लें या ना लें। आइए जानते हैं।

## रश्मिका की उड़ी नींद

रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है। इसमें उन्होंने अपनी फ्लाइट के दौरान की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'सुबह 3-50 की उड़ानें सबसे खराब होती हैं। यह न तो सुबह होती है और न ही रात।' इसके आगे उन्होंने कहा, 'क्या मुझे दो घंटे सोना चाहिए, उठकर काम करना चाहिए (मैं बहुत बीमार और सुस्त महसूस करूंगी) या क्या मुझे बस जागकर कुछ काम करना चाहिए और पूरा दिन खत्म करना चाहिए (फिर भी मैं बहुत सुस्त महसूस करूंगी) और फिर सो जाना चाहिए। ये रोज़मर्रा के फैसले हैं जिन्हें लेना मेरे लिए सबसे मुश्किल होता है।' इस पोस्ट को करते हुए एक्ट्रेस ने रोने वाला इमोजी लगाया हुआ है, जो उनके परेशान होने की स्थिति बयां कर रहा है।

## रश्मिका मंदाना का वर्कफ्रंट

रश्मिका मंदाना के करियर फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार कुबेर फिल्म में देखा गया था, जिसमें धनुष और नागार्जुन मुख्य भूमिका में नजर आए थे। वहीं उनकी आगामी फिल्मों की बात करें, तो वह हिंदी फिल्म 'थामा' के अलावा एक साउथ फिल्म मैसा में भी नजर आएंगी। वहीं 'थामा' की बात करें, तो इसमे आयुष्मान खुराना लीड रोल में हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस 'गर्लफ्रेंड' फिल्म में भी दिखेंगी।



# बॉलीवुड डेब्यू पर गदगद हरनाज कौर संधू

साल 2021 में मिस यूनिवर्स का खिताब अपने नाम कर भारत का मान बढ़ाने वाली हरनाज कौर संधू ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में दस्तक दे दी है। टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त अभिनीत फिल्म बागी 4 में वे नजर आई हैं, जो शुक्रवार 05 सिंतबर को रिलीज हुई है। इस मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर किया है, जिसमें अपने दिवंगत पिता को याद करती दिखी हैं। अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर हरनाज कौर संधू बेहद खुश हैं। उन्होंने अपनी अब तक की सफलता का क्रेडिट अपने परिवार को दिया है। हरनाज ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक फैमिली फोटो पोस्ट करते हुए दिल छूने वाली कुछ लाइनें लिखी हैं। हरनाज का कहना है कि उनके इस सफर में परिवार हमेशा ताकत बना है।

## सपनों से लेकर परदे तक...

हरनाज ने पोस्ट के साथ लिखा है, सपनों से लेकर बड़े परदे तक... मेरा दिल शुकराना और कृतज्ञता से भरा है। यह पल मेरे परिवार के प्यार और आशीर्वाद के बिना मुमकिन नहीं होता। पापा, मेरे मार्गदर्शक, गार्जियन एंजिल... मैं आपको हर कदम पर, हर फ्रेम में अपने साथ रखती हूं। हरनाज ने हैशटैग के साथ बागी 4 लिखा है। बता दें कि हरनाज कौर संधू के पिता प्रीतम सिंह संधू का जुलाई 2023 में निधन हो गया था।

## असरदार रहा हरनाज का डेब्यू

बागी 4 में हरनाज संधू का डेब्यू ताजगी भरा और असरदार रहा है। बात करें फिल्म बागी 4 की तो यह बागी फ्रेंचाइजी की चौथी कड़ी है। इस सीरीज की पहली फिल्म साल 2016 में आई थी। आज शुक्रवार को रिलीज हुई बागी 4 का निर्देशन ए. हर्षा ने किया है। संजय दत्त नेगेटिव रोल में हैं। टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त जबर्दस्त एक्शन अवतार में नजर आए हैं। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 12 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।



# श्रद्धा श्रीनाथ ने सीरीज द गेम - यू नेवर प्ले अलोन की दी जानकारी

अभिनेत्री श्रद्धा श्रीनाथ की नई तमिल थ्रिलर सीरीज द गेम- यू नेवर प्ले अलोन नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में संतोष प्रताप, चंदिनी, श्यामा हरिनी, बाला हसन, सुबाष सेल्वम, विविया संत, धीरज और हेमा जैसे कलाकार नजर आएंगे।

आज श्रद्धा श्रीनाथ ने अपने इंस्टाग्राम अकाअंट पर सीरीज द गेम- यू नेवर प्ले अलोन को लेकर एक अहम जानकारी दी है। श्रद्धा ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, वॉच द गेम, 2 अक्टूबर को सीरीज, केवल नेटफ्लिक्स पर। वहीं श्रद्धा के कई फैंस ने भी उनकी इस आगामी सीरीज को लेकर उत्साह जताया है। एक फैन ने लिखा, आपके प्रदर्शन का इंतजार रहेगा प्रिय, एक और फैन ने लिखा, इंतजार नहीं कर सकता, वहीं कई फैंस ने श्रद्धा को सीरीज के लिए शुभकामनाएं दी हैं तो किसी ने उनकी पोस्ट पर फायर और दिल वाले इमोजी बरसाए हैं।

सीरीज द गेम – यू नेवर प्ले अलोन

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक राजेश एम. सेल्वा का कहना है कि यह सीरीज सिर्फ एक थ्रिलर नहीं है, बल्कि यह आज की दुनिया को दर्शाती है, जहां जिंदगी रहस्यों, धोखे और बदलते रिश्तों में उलझी है। यह कहानी लोगों के विकल्पों, कमजोरियों और सच्चाई–धोखे के बीच की बारीक रेखा को दिखाती है।

साउथ एक्टर नानी के साथ काम कर चुकी हैं श्रद्धा

श्रद्धा श्रीनाथ एक भारतीय कन्नड़ एक्ट्रेस हैं, जो ज्यादातर कन्नड़ा और तमिल फिल्मों में नजर आती हैं। श्रद्धा को 2016 में फिल्म यू टर्न से पहचान मिली। इस फिल्म के लिए श्रद्धा को फिल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड भी मिल चुका है। इस फिल्म के अलावा श्रद्धा साउथ एक्टर नानी की फिल्म जर्सी में भी अहम भूमिका निभा चुकी हैं। अब फैंस श्रद्धा की इस आगामी सीरीज द गेम- यू नेवर प्ले अलोन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# गैंग्स ऑफ वासेपुर से एकदम अलग है निशानची

अनुराग कश्यप ने कई चर्चित फिल्में सिने प्रेमियों को दी हैं। उनकी सबसे चर्चित फिल्म है गैंग्स ऑफ वासेपुर। फिलहाल निर्देशक अपनी आगामी फिल्म निशानची को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म की रिलीज से पहले अनुराग कश्यप का कहना है कि निशानची उनकी फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से बिल्कुल अलग है।

## बताया दोनों फिल्मों का अंतर

अनुराग कश्यप का कहना है कि उनकी आगामी फिल्म निशानची उनकी क्लासिक फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से बिल्कुल अलग है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साल 2012 की क्राइम थ्रिलर जहां उनके द्वारा सुनी गई कहानियों से प्रेरित थी, वहीं उनकी यह आगामी फिल्म सीधे तौर पर उनके अपने जीवन और कानपुर–लखनऊ में उनकी परवरिश से प्रेरित है।

ऐश्वर्य ठाकरे का होगा डबल रोल

फिल्म निशानची हिंदी पट्टी की पृष्ठभूमि पर आधारित जुड़वां भाइयों बबलू और डबलू के इर्द–गिर्द है। इसमें ऐश्वर्य ठाकरे लीड रोल में हैं। वे डबल रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म से वे डेब्यू कर रहे हैं। उनके साथ वेदिका पिंटो, मोनिका पंवार, कुमुद मिश्रा और मोहम्मद जीशान अय्यूब भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## कब रिलीज होगी निशानची?

अनुराग कश्यप का कहना है, जब मैं वासेपुर बना रहा था, तब मैं महबूब खान और के.आसिफ के स्टोरीटेलिंग जोन में था। अचानक, लोगों की जुबानी प्रचार की वजह से वासेपुर एक कल्ट बन गई। मैं जहां भी जाता, लोग चिल्लाते, वासेपुर 3, वासेपुर 3! लेकिन वासेपुर पूरा उत्तर भारत नहीं है और निशानची वासेपुर से उतनी ही अलग है, जितनी कानपुर, लखनऊ से 840 किलोमीटर दूर है। बता दें कि फिल्म निशानची 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म की स्क्रिप्ट अनुराग कश्यप, प्रसून मिश्रा और रंजन चंदेल ने लिखी है।



# क्या अहान-अनीत की सैयारा का बनेगा सीक्वल? दूसरे पार्ट पर निर्देशक मोहित सूरी ने तोड़ी चुप्पी



जुलाई में अहान पांडे और अनीत पड्डा अभिनीत फिल्म सैयारा रिलीज हुई। इसका निर्देशन मोहित सूरी ने किया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। काफी वक्त से ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या इस फिल्म का सीक्वल भी आएगा? इस सवाल का जवाब खुद मोहित सूरी ने दे दिया है।

## सीक्वल को लेकर बोले मोहित सूरी?

हाल ही में मोहित सूरी ने सैयारा पार्ट 2 को लेकर चुप्पी तोड़ी। एक बातचीत में उनसे पूछा गया कि क्या सैयारा के सेकेंड पार्ट की तैयारियां हो रही हैं? इस पर मोहित सूरी ने साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, दूसरे पार्ट की प्लानिंग नहीं है। यह बेहद स्पेशल मूमेंट है, इसे एंजॉय करते हैं। यह फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में है और सीक्वल के साथ सफलता को भुनाने का कोई इरादा नहीं है। मोहित सूरी ने साफ कर दिया है कि वे फिल्म सैयारा 2 नहीं बना रहे हैं। उनके इनकार करने के बाद सोशल मीडिया पर नेटिजन्स की मजेदार प्रतिक्रिया आ रही है। कुछ यूजर्स उन्हें शुक्रिया अदा कर रहे हैं। वहीं कुछ यूजर्स लिख रहे हैं, इसका पार्ट 2 बनाने की कोई जरूरत भी नहीं है।

ब्लॉकबस्टर रही है सैयारा

फिल्म सैयारा 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के जरिए अहान पांडे ने एक्टिंग डेब्यू किया है। वहीं, बतौर लीड अभिनेत्री अनीत पड्डा की भी यह पहली फिल्म है। यह फिल्म 300 करोड़ क्लब में शामिल हुई है। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 329.2 करोड़ रुपये कमाए हैं। यह रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म है। युवाओं के बीच फिल्म का खासतौर से क्रेज देखा गया।



# कीकू शारदा नहीं छोड़ रहे द ग्रेट इंडियन कपिल शो राइज एंड फॉल से पहले हो चुकी है शूटिंग

**द ग्रेट इंडियन कपिल शो में नजर आ रहे कीकू शारदा के फैंस का गहरा धक्का लगा, जब उन्हें ये खबर मिली की एक्टर-कॉमेडियन ने शो छोड़ दिया है। क्योंकि वह अशनीर ग्रोवर के 40 दिन चलने वाले रियलिटी शो राईड एंड फॉल में नजर आएंगे। इसी कारण रिपोर्ट्स आने लगीं कि कृष्णा अभिषेक से बहस के बाद अब उन्होंने कपिल के शो से किनारा कर लिया है। लेकिन अब इसके पीछे की असली वजह सामने आई है।**

कीकू शारदा ने इंस्टाग्राम पर अशनीर ग्रोवर के शो का एक ऑफिशियल पोस्टर जारी किया था और कैप्शन में लिखा था, रूलर बनने के लिए चाहे कितनी भी हसल करने पड़े, आपका कीकू उसे करेगा। इसके बाद को–एक्टर सुनील ग्रोवर ने कमेंट में उन्हें शुभकामनाएं दी थीं और लिखा था, तुम राइज करोगे और सप्राइज भी।

कीकू शारदा नहीं छोड़ रहे द ग्रेट इंडियन कपिल शो

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, कीकू शारदा ने तय किया है कि वह द ग्रेट इंडियन कपिल शो का सीजन पूरा करने के बाद ही अशनीर ग्रोवर के राइज एंड फॉल का हिस्सा बनेंगे। एक अंदरूनी सोर्स के हवाले से बताया गया, कीकू शो नहीं छोड़ रहे है। आप उन्हें आने वाले एपिसोड्स में देखेंगे। उन्होंने अपना अगला प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले शो की शूटिंग पूरी कर ली है। कीकू द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं।

## कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा में बहस

बता दें कि कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक का सेट से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें दोनों बहस कर रहे थे। जिसमें कीकू ने कहा, टाइमपास कर रहा हूं? इस पर कृष्णा ने दुखी होते हुए कहा, तो फिर ठीक है आप कर लो। आप कर लो भाई कोई प्राब्लम नहीं है। मैं जाता हूं यहां से। फिर कीकू बोले, बात ये है कि मुझे बुलाया है तो मैं आपना खत्म कर लूं पहले। कृष्णा ने कहा, मैं आपको पसंद करता हूं और इज्जत भी करता हूं। मैं चिल्लाना नहीं चाहता। फिर कूकी ने कहा, आवाज बढ़ाने की बात नहीं है। आप इसको गलत तरीके से लेकर जा रहे हैं। अब इसके बाद लोगों ने ये कयास लगाया कि शायद इसी वजह से कीकू शो छोड़ रहे। मगर कुछ ने इसे फर्जी बताया था।





# अगर बच्चा होमवर्क न करे तो करें बातचीत

**अभिभावकों** को अक्सर लगता है कि बच्चे स्कूल में अच्छा करें यह उनकी भी जिम्मेदारी बनती है। यह जिम्मेदारी चिंता में तब्दील हो जाती है। आपके विचार बच्चे के बिगड़ते भविष्य तक भी पहुंच जाते हैं। और ऐसा न हो इसके लिए सही तरीके से किया गया होमवर्क पहला कदम नजर आने लगता है।

इस कारण आप बच्चे को बार बार होमवर्क करने के लिए कहते हैं। उसकी नोटबुक देखकर जानने की कोशिश करते हैं आखिर आज का काम क्या है। कुछ समझ आता है कुछ नहीं समझ पाते। जानिए आखिर कैसे आप बच्चे को करा सकते हैं होमवर्क आसानी से और डाल सकते हैं उनके कुछ बहुत अच्छी आदतें डालें।

## बच्चे के साथ बैठिए

अपने बच्चे के साथ बैठिए और उसके साथ अपनी आगे आने वाले साल के विषय में बातचीत कीजिए। बेहतर होगा एकेडिमिक ईयर की शुरूआत में ही प्लान बन जाए ताकि आपके और बच्चे के पास भरपूर वक्त और मौका रहे। ऐसी इच्छाएं ही रखिए जो हो सकती हैं। जरूरत से अधिक अपेक्षाएं बच्चे पर अतिरिक्त मानसिक बोझ डाल सकती हैं। अपने बच्चे के कमजोर क्षेत्रों को पहचानें। उसका पिछले साल का रिपोर्ट कार्ड और उसका अनुभव इसमें आपकी मदद करेगा। इस हिस्से पर आपको और बच्चे को अधिक काम करना है।

दिन के घंटे बांटिए आपके बच्चे की पिछले साल भी कुछ दिनचर्या रही होगी। इस बार टाइमटेबल में उन गल्तियों को जगह न दें जो पिछले साल परेशानी का कारण बन गईं थीं। हो सकता है पिछले साल बच्चे का सोने और होमवर्क का समय एक ही हो ऐसे में टीवी के टाइम में कटौती कर थोड़ा पहले होमवर्क करना समझदारीभर होगा।

होमवर्क को रोचक बनाने की कोशिश करें क्या आपका बच्चा पढ़ने से जी चुराता है? ऐसे में आप दूसरे बच्चों के उदाहरण दे देकर उसे इंस्पायर करने की कोशिश करने में उसके मन में जलन और असुरक्षा की भावना पैदा करते हैं। बच्चा न पढ़ने के बहाने ढूंढ़ने लगता है। बच्चे को दूसरे बच्चे के उदाहरण देने के बदले, पढ़ाई को खेल खेल में सिखाने की कोशिश करें। ऐसे नए तरीके खोजने की कोशिश करें जिसमें बच्चे का मन लगे। आप अपने बच्चे को सबसे बेहतर जानते हैं और आप ही उसकी पसंद की एक्टिविटी आसानी से खोज सकते हैं।

होमवर्क प्लान का आंकलन करें एकेडमिक ईयर की शुरूआत में बनाया गया प्लान हो सकता है सही न हो। इस समस्या के उपाय के तौर पर बीच बीच में इस प्लान का मूल्यांकन करें। अपने बच्चे से सलाह मशवरा करें और अगर जरूरी लगता है तो इसमें बदलाव अवश्य करें।

बच्चों को भी काम की अधिकता इतनी होती है कि अगर सही टाइमटेबल मैंटेन नहीं किया जाए तो काम इकट्ठा हो जाता है और समस्या बहुत बढ़ जाती है। होमवर्क सही तरीके से होता रहे इसके लिए जरूरी है कि आप टाइमटेबल फॉलो होने पर ध्यान दें।6. स्कूल के बाद दें आधे घंटे का ब्रेक स्कूल से लौटने के बाद बच्चे को आधे घंटे का ब्रेक दें। इस दौरान बच्चा न तो टीवी देखें, न इमेल चेक करें और न हीं वीडियों गेम्स खेलना शुरू करे। अगर बच्चा इन सब में लग जाता है तो वह आधे घंटे के बाद उठने से रहा। बजाय रात में होमवर्क के बच्चे को दिन में अधिकतर काम निपटा लेने के लिए प्रेरित करें। रात में घर के सभी सदस्य घर पर होने से बच्चे का मन टीवी और सभी के साथ बैठने का रहता है। ऐसे में अकेले बैठकर पढ़ना मुश्किल काम है।



# बच्चों को ज़िम्मेदार भी बनाते हैं पेट्स

**आजकल** एकल परिवार हैं। ऐसे में बढ़ती महंगाई और खर्चों के कारण अब माता-पिता दोनों काम करते हैं और इस कारण उन्हें ज्यादातर समय घर से बाहर ही रहना पड़ता है। ऐसे में देखा गया है कि बच्चे, विशेषकर अकेला बच्चा, खुद को अकेला और उपेक्षित महसूस करता है। ज्यादातर मामलों में अभिभावक अपने बच्चों के साथी के तौर पर पालतू जानवरों पसंदीदा (पेट्स) को रखते हैं।

एक पालतू जानवर बच्चे के भाई-दोस्त या परिवार के सदस्य की जगह नहीं ले सकता, पर यह बच्चे के खालीपन को जरूर भर सकता है। बच्चा इनके साथ खेलते हुए कई चीजें सीखता है।

ज्यादातर अभिभावक अपने बच्चों को मजबूत बनना सिखाते हैं। लेकिन जब एक बच्चा घर में किसी पेट्स के साथ बड़ा होता है तो वह ज्यादा संवेदनशील होना सीखता है। वह इनके बीमार होने पर दर्द समझता है।

पेट्स के साथ वक्त बिताने का एक अन्य फायदा यह होता है कि बच्चे ज्यादा सतर्क रहना सीख जाते हैं। वह जान जाते हैं कि कब उसे भूख लगी है।

पालतू जानवरों की देखभाल करते वक्त केयरिंग, संवेदनशील और चौकन्ना रहने की जरूरत होती है और पेट्स के साथ वक्त बिताते हुए बच्चे कम उम्र में ही इन खूबियों को अपने अंदर ढाल लेते हैं।

पेट्स के साथ बड़े होने का एक अन्य फायदा है कि इससे बच्चे जिम्मेदार बनना सीखते हैं।

पेट्स का साथ बच्चों को जिम्मेदार बनना सिखाता है क्योंकि वह अपने प्यारे पेट्स की सभी जरूरतों का ख्याल रखते हैं। यदि बच्चे को उसके पेट्स के खाने, घुमाने और डॉक्टर का अपॉइंटमेंट लेने जैसी जिम्मेदारी दे दी जाएं, तो वह अपने काम को सही तरीके से अंजाम देते हैं।

बच्चों को जिंदगी और मौत की अवधारणा के बारे में समझाना बहुत मुश्किल होता है। पेट्स के साथ रखकर उन्हें जिंदगी और मौत के चक्र के बारे में बताया जा सकता है।

एक अभिभावक होने के नाते आप अपने पालतू जानवर के जीवन का हर पड़ाव देखते हैं। आप उसके बचपन से लेकर उसे बड़ा होते हुए और फिर वृद्धावस्था में जाने के बाद उसकी मृत्यु को भी देखते हैं। उनकी यह जिंदगी और मौत हमें इंसान के जीवन के पूरे चक्र के बारे में बताते हैं।

अपने साथ पेट्स को रखना अपने अच्छे दोस्त को घर पर रखने जैसा होता है। घर में रहने वाला पेट्स न सिर्फ घर में सभी के लिए तनाव दूर करने वाला बनता है बल्कि आपके बच्चों को रचनात्मक रूप से व्यस्त भी रखता है। पेट्स की देखभाल करते हुए बच्चे दयालु, निस्वार्थ, केयरिंग और जिम्मेदार बनना सीखते है। घर में रहने वाले पेट्स आपके बच्चे को सही और आसान तरीके से बेहतर इंसान बनने में मदद करते हैं।

# बच्चों को लिखना ऐसे सिखायें

**लिखना** भी एक कला है, लेकिन बच्चों को लिखना सिखाना तो यह और भी बड़ी कला है। बच्चों को लिखना सिखाने के लिए माता-पिता, अध्यापक तथा घर के अन्य बड़े सदस्यों का सहयोग बहुत ही आवश्यक है। बहुत से माता-पिता को यह समस्या होती है कि बच्चों को लिखना कैसे सिखाया जाए? जिस प्रकार बच्चों को पढ़ाने के लिए लगातार अभ्यास कराना पड़ता है, उसी प्रकार लिखने का भी निरन्तर प्रयास कराना आवश्यक है। पढ़ने की तुलना में लिखना ज्यादा कठिन है। ऐसा देखा गया है कि जो जल्दी पढ़ना सीख जाते हैं वे लिखना देर से सीखते हैं। कुछ बच्चों को पढ़ना-लिखना साथ-साथ सिखाया जाता है। बच्चों को लिखना सिखाने के लिए माता-पिता, अध्यापक तथा घर के अन्य बड़े सदस्यों का सहयोग बहुत ही आवश्यक है।

यदि बच्चे ने मेहनत करके लिखा है तो बड़ों को चाहिए कि वह उसे देखें तथा उन्हें पढ़ कर सुनाने के लिए कहें। समान्यतः बच्चे वही लिखते हैं, जो सरल पाते हैं। बच्चे लिखने-पढ़ने में जल्दबाज़ी नहीं करते। कुछ बच्चे लिखना पढ़ना एक साथ सीख जाते हैं। प्रारम्भ में बच्चों को लिखने की शिक्षा माता-पिता तथा घर के अन्य बड़े सदस्यों द्वारा घर पर ही दी जाती है। बाद में जब बच्चा स्कूल जाने लगता है तो यह ज़िम्मेदारी शिक्षकों पर आ जाती है, लेकिन स्कूल जाना प्रारम्भ करने के बाद भी माता-पिता की ज़िम्मेदारी बनी ही रहती है कि बच्चा स्पष्ट व सुंदर लिखे।

शिक्षकों का कहना है कि बच्चों को सर्वप्रथम छपे हुए अलग-अलग वर्णमाला पढ़ना सिखाना चाहिए, जिससे अक्षरों को पढ़ने व पहचानने की क्षमता जागृत हो। आमतौर पर वे बेहद एकाग्र होकर कसकर पैंसिल पकड़ कर लिखते हैं, जिससे उनकी आंखों पर जोर पड़ने की सम्भावना होती है। परिणामस्वरूप शीघ्र ही उसे चश्मा पहनना पड़ता है। माता-पिता को बच्चों की इस आदत पर नियंत्रण प्रारम्भ से ही रखना चाहिए।

आज की पीढ़ी में देखा गया है कि बच्चे काफी कम उम्र में लिखने-पढ़ने के प्रति रुचि दिखाने लगते हैं। विशेषकर दूरदर्शन, रेडियो आदि के प्रभाव से जल्द समझदार हो जाते हैं। उनमें बड़ों को देख कर लिखने की इच्छा जागती है। वे अपना, अपने मित्रों तथा माता-पिता का नाम लिखने का प्रयास करते हैं। माता-पिता या बड़ों को चाहिए कि वे ऐसे मौके का पूरा फायदा उठाएं, बच्चों में सही व सुन्दर लिखने को प्रोत्साहित करें। सीखने की रुचि बच्चों में स्वयं ही होती है। अतः वह बड़ों के कहने को बहुत ही गम्भीरता से लेते हैं, जिससे उनके लिखने की योग्यता विकसित होती है।



# बच्चों के टिफिन को ऐसे करें तैयार

**बच्चे** बहुत मूडी होते हैं। इसलिए इस बात का ख़ास ख़्याल रखें कि बच्चों का खाना इस तरह का हो, जिससे उन्हें अधिक से अधिक पौष्टिक तत्व मिल सकें और यह उनकी पसंद का भी होना चाहिये। अक्सर बच्चे फल और सलाद खाने में आनाकानी करते हैं, पर उन्हें विभिन्न शेप, साइज़ और डिज़ाइन में काटकर और कलरफुल लुक देकर खाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

## इस प्रकार का खाना रखें

कुछ बच्चे खाने में अधिक समय लगाते हैं। इसलिए खाना स्वादिष्ट, साद व आसानी से खानेवाला होना चाहिए।

कई बार खाना टिफिन में इस तरह से पैक किया हुआ होता है कि बच्चे हाथ गंदे कर लेते हैं या पैकिंग खोल नहीं पाते हैं। इसलिए टिफिन में लंच इस तरह से पैक करें कि बच्चे आसानी से खोल व खा सकें.

सैंडविचेज़, रोल्स और परांठा को काटकर दें, ताकि बच्चे आसानी से खा सकें।

यदि लंच ब्रेक के लिए सेब, तरबूज़, केला आदि दे रही हैं, तो उन्हें छीलकर, बीज निकालकर और स्लाइस में काटकर दें।

## टिफिन खरीदते समय ध्यान दें

टिफिन ख़रीदते समय इस बात का ध्यान रखें कि टिफिन ऐसा हो, जिसे बच्चे आसानी से खोल व बंद कर सकें।

बच्चों को टिफिन में फ्राइड फूड न दें। यदि कटलेट, कबाब व पेटिस आदि दे रही हैं, तो वे भी डीप फ्राई किए हुए न हों।

लंच में खाने की अलग-अलग वेराइटी बनाकर दें। उदाहरण के लिए- कभी फ्रूट्स दें, तो कभी सैंडविच, कभी वेज रोल, तो कभी स्टफ्ड परांठा।

बच्चों को टिफिन में फ्रूट्स व वेजीटेबल (ककड़ी, गाजर आदि) सलाद भी दे सकती हैं, लेकिन सलाद में केवल एक ही फल, ककड़ी या गाजर काटकर न दें, बल्कि कलरफुल सलाद बनाकर दें। बच्चों को कलरफुल चीज़ें आकर्षित करती हैं।

ककड़ी, गाजर और फल आदि को शेप कटर से काटकर दें। ये शेप्स देखने में अच्छे लगते हैं और विभिन्न शेप्स में कटी हुई चीज़ों को देखकर बच्चे खुश होकर खा भी लेते हैं।

सलाद को कलरफुल और न्यूट्रिशियस बनाने के लिए उसमें इच्छानुसार काला चना, काबुली चना, कॉर्न, बादाम, किशमिश आदि भी डाल सकती हैं।

ओमेगा3 को 'ब्रेन फूड' कहते हैं, जो मस्तिष्क के विकास में बहुत फ़ायदेमंद होता है। इसलिए उन्हें लंच में वॉलनट, स्ट्रॉबेरी, कीवी फ्रूट, सोयाबीन्स, फूलगोभी, पालक, ब्रोकोली, फ्लैक्ससीड से बनी डिश दें।

## मल्टीग्रेन ब्रेड रहेगी अच्छी

व्हाइट ब्रेड (मैदेवाली ब्रेड) स्वास्थ्य को नुक़सान पहुंचाती है, इसलिए उन्हें व्हाइट ब्रेड की जगह मल्टीग्रेन ब्रेड से बने सैंडविचेज़ और रोल्स आदि दें। इन सैंडविचेज़ और रोल्स में सब्ज़ियां, सलाद और चीज़ आदि भरकर उन्हें अधिक हेल्दी और टेस्टी बना सकती हैं।

लंच में यदि डेयरी प्रोडक्ट देना चाहती हैं, तो चीज़ स्टिक्स/क्यूब्स और दही दे सकती हैं। यदि दही दे रही हैं, तो वह ताज़ा हो।

खाने के समय बच्चों को अधिक प्रोटीन की आवश्यकता होती है। इसलिए उन्हें लंच में उबला हुआ अंडा, पीनट बटर, दाल परांठा, काबुली चना, सोया, पनीर, बीन्स आदि से बना खाना दें।हेल्दी लंच के साथ-साथ बच्चों को पानी की बॉटल भी दें।



# सेल्फी की आदत से बच्चों को दूर रखें

**आजकल** मोबाइल की पहुंच बच्चों ओर किशोरों तक भी है और वह भी सेल्फी लेने लगे हैं। वहीं इससे लगातार हादसे के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में बच्चों को इस आदत से दूर रखना अभिभावकों का काम है। वहीं विशेषज्ञों के अनुसार हम एक ऐसे युग में रहते हैं जहां मोबाइल फोन हमारे जीवन में प्रवेश कर चुका है और वास्तविक मानवीय संपर्क लगभग न के बराबर है हालांकि प्रौद्योगिकी ने सभी के लिए जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन इसके साथ एक गंभीर समस्या भी है। पिछले दो वर्षो में दुनिया भर में सेल्फी का बुखार बढ़ा है। सेल्फी को दुनिया भर में बड़ी संख्या में मृत्यु दर और महत्वपूर्ण बीमारी से जोड़ा गया है।

इस डिजिटल युग में, अच्छे स्वास्थ्य के लिए तकनीक का इस्तेमाल जरुरत से ज्यादा न हो। हम में से बहुत से लोग ऐसे उपकरणों के गुलाम बन गए हैं जो वास्तव में हमें फ्री टाइम देने और जीवन को बेहतर तरीके से अनुभव करने तथा लोगों के साथ अधिक समय बिताने के लिए बनाये गये थे। जब तक जल्द से जल्द एहतियाती उपाय नहीं किए जाते, यह लत लंबी अवधि में किसी के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है।

मोबाइल फोन के अधिक उपयोग के कारण होने वाली समस्याओं को अभिभावक इस प्रकार रोकें।

बच्चों को सोने से 30 मिनट पहले किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का उपयोग न करने दें

हर तीन महीने में सात दिन के लिए फेसबुक से दूर रखें।सप्ताह में एक बार, पूरे दिन के लिए सोशल मीडिया का उपयोग न करने दे।अपने मोबाइल फोन का उपयोग केवल तभी करें जब घर से बाहर हों।

अपने मोबाइल टॉक टाइम को दिन में दो घंटे तक सीमित करें। अपने मोबाइल की बैटरी को दिन में एक से अधिक बार रिचार्ज न करें। मोबाइल भी अस्पताल में संक्रमण का एक स्रोत हो सकता है, इसलिए, इसे हर दिन कीटाणुरहित किया जाना चाहिए।